सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-15 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 02 जुलाई 2025
06 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मुझसे पहले कोई दूसरे शहर पढ़ने नहीं गया

■ राष्ट्रपति ने कहा अब बहुत बदलाव आया- बेटियां कीर्तिमान रच रहीं



**गोरखपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विश्वविद्यालय की नई सुविधाओं का लोकार्पण का खुशी महसूस हो रही है। मानव शरीर को दोषमुक्त बनाने में पंचकर्म की प्रक्रिया सही सिद्ध हुई। आशा करती हूं कि पंचकर्म केंद्र से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। अपने बाल्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कक्षा सात के बाद आगे की पढ़ाई के लिए 300 किमी दूर भुवनेश्वर गई।

मुझसे पहले कोई बालिका दूसरे शहर में पढ़ने नहीं गई थी। आज बहुत बदलाव आ गया है। बेटियां नए कीर्तिमान रच रही है। लेकिन, आज भी बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बेटियां के लिए सुरक्षित आवास न होना उनकी उच्च शिक्षा में अवरोध पैदा करता है।

शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी मार्ग है। न्यू गर्ल्स हॉस्टल इस राह में सराहनीय पहल है। ये कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एनईपी में उच्च शिक्षा में निजी विश्वविद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान है। आज से लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने त्याग और पराक्रम का जो उदाहरण प्रस्तुत किया वह हमेशा आदर्श के रूप में रहेगा।

इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन में उत्कृष्ट हासिल करने के साथ आध्यात्मिकता और राष्ट्र प्रेम को अपने आचरण में लाएं। महामहिम मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में बने ऑडिटोरियम और विश्व स्तरीय पंचकर्म चिकित्सा केंद्र के लोकार्पण और न्यू गर्ल्स हॉस्टल के शिलान्यास के बाद संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह संस्था महंत दिग्विजयनाथ और अवेद्यनाथ की परंपरा से जुड़ा है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसका लोकार्पण किया था। केवल चार वर्षों में ही इस संस्थान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की हैं। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित चिकित्सालयों में आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा विधि को शामिल किया गया है।

यहां के आयुर्वेद चिकित्सालय में 200 बेड की सुविधा उपलब्ध है। पूर्वांचल स्वस्थ और समृद्ध होगा तो यूपी तेजी से आगे बढ़ेगा। यूपी बढ़ेगा तो पूरा भारत प्रगति की मार्ग ओर बढ़ेगा। परिसर में शाम को राष्ट्रपति का आगमन हुआ। उनके साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

## पहली बार कोई राष्ट्रपति सड़क पर उतरकर बच्चों से मिला : योगी

■ शून्य से शिखर की यात्रा कैसे होती है, उसकी एक विशिष्ट पहचान हैं महामहिम

**गोरखपुर।** राष्ट्रपति के लोकार्पण और शिलान्यास के दौरान सीएम योगी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि फर्श से अर्श की यात्रा, शून्य से शिखर की यात्रा कैसे होती है, उसकी एक विशिष्ट पहचान हैं महामहिम देश के लिए। संघर्षों से जिन्होंने अपना रास्ता तैयार किया हो, विपरीत परिस्थितियों और आपदाओं का सामना करते हुए राष्ट्र और लोक कल्याण के लिए कार्य किया। दबे कुचलो के जीवन में जो प्रकाश लाया। सोमवार को बारिश के बावजूद राष्ट्रपति की आईवीआरआई बरेली में पहुंच गई। वहां उन्होंने अपना मार्गदर्शन दिया। इसके बाद एम्स गोरखपुर के दीक्षांत समारोह में आशीर्वचन दिया। आज आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण में शामिल हुई। इसके पहले सड़क पर छात्रों का अभिवादन किया। यह पहली बार हुआ है जब कोई राष्ट्रपति बच्चों के बीच जाकर मिला। दिनकर की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा- वसुधा का नेता कौन हुआ? भूखंड-विजेता कौन हुआ? अतुलित यश-क्रेता कौन हुआ? नव-धर्म-प्रणेता कौन हुआ? जिसने न कभी आराम किया, विघ्नों में रहकर नाम किया।

सीएम योगी ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में आयुष मंत्रालय का गठन होना और प्राकृतिक चिकित्सा विधि को बढ़ावा मिलेगा। 1932 से शिक्षा परिषद की यात्रा शुरू हुई। गोरखपुर विश्वविद्यालय को भी परिषद और गोरक्षपीठ का सहयोग मिला। आयुर्वेदिक पंचकर्म शरीर शोधन की एक विशिष्ट क्रिया है। लगातार मूसलाधार बारिश यज्ञ की सफलता का आधार बन रहा है।

## डिजिटल भारत ने अवसरों को बनाया लोकतांत्रिक : मोदी



■ प्रौद्योगिकी के उपयोग से संपन्न व वंचितों के बीच की खाई को खत्म किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई 'डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है।

लिंक्डइन' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया।

उन्होंने कहा, ''जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है।''

मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल का शुभारम्भ

**लखनऊ।** उ.प्र. सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं० दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल का शुभारम्भ किया।



इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे टीवी चैनल, एफ.एम. रेडियो, सिनेमा आदि को विभाग से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों की जानकारी एवं संबंधित रिलीज ऑर्डर (आर.ओ.) ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल व्यवस्था से अब विभिन्न मीडिया चैनलों को आर.ओ.प्राप्त करने के लिए सूचना विभाग के कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। चैनल अपने आर.ओ. को पोर्टल https://upidadv.up.gov .in पर जाकर सीधे ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे।

इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एयरलाइन को मिली बम की धमकी झूठी निकली, जांच में जुटी पुलिस

**पुणे।** पुणे हवाई अड्डे पर एक निजी एयरलाइन के कार्यालय को ईमेल से बम रखा होने की धमकी मिली, जिसके बाद यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तलाशी ली गई लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एयरलाइन को रात 1.25 बजे एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया था, हवाई अड्डे और विमानों के आसपास रखे गए बैग में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण छिपाकर रखे हुए हैं। आपको इमारत को तत्काल खाली करना होगा...लोग मर जाएंगे।' विमानतल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एयरलाइन के एक ग्राहक सेवा अधिकारी ने सुबह करीब 6.45 बजे ईमेल पढ़ा और अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

## नियम बना मुसीबत : 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट ने बढ़ाई मुश्किलें

■ अधिकांश ट्रेनें रिग्रेट वेटिंग टिकट भी नहीं मिल पा रहा



**नई दिल्ली।** दशहरा और दिवाली जैसे बड़े त्योहार अभी दूर है,फिर भी कई राज्यों की तरफ जाने वाली ट्रेनें रिग्रेट चल रही है। इन ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा है। इससे यात्री परेशान है। सबसे ज्यादा दिक्कत उत्तर भारत की तरफ जाने वाली ट्रेनों में नजर आ रही है। यदि आपको भी आने वाले आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश या दक्षिण भारत से उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के लिए सफर करना है तो आपको वेटिंग टिकट भी नहीं मिलेगा। कंफर्म टिकट के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है।

दरअसल, रेलवे ने 16 जून 2025 से नया नियम लागू किया है, जिसके तहत एक ट्रेन में 25 प्रतिशत तक ही वेटिंग टिकट जारी किया जाएगा। इस नियम का सीधा असर यह हुआ है कि अधिकांश ट्रेनें रिग्रेट हो चुकी है। भारतीय रेलवे के नियम के अनुसार, रेलवे ने वेटिंग टिकटों की संख्या हर ट्रेन की क्लास में कुल उपलब्ध सीटों का 25 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। साथ ही न्यूनतम वेटिंग टिकट की संख्या भी तय की गई है, ताकि बहुत कम सीटों वाली ट्रेनों में भी कुछ वेटिंग टिकट बुक हो सकें। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी ट्रेन के थर्ड एसी कोच में 100 सीटें हैं, तो अब सिर्फ 25 वेटिंग टिकट ही अधिकतम बुक हो सकेंगे। इससे अधिक की अनुमति नहीं होगी।

लखनऊ से दिल्ली जाने के लिए लखनऊ मेल, एसी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में एक दिन पहले या चार्ट के बनने के पहले तक वेटिंग टिकट मिल जाते थे, लेकिन अब आलम यह हो गया है कि इन ट्रेनों में सात-आठ दिन पहले से ही रिग्रेट आ गया है। आईआरसीटीसी के टिकट बुकिंग ऐप पर लखनऊ मेल में 5 जुलाई तक रिग्रेट है। सबसे ज्यादा खराब स्थित थर्ड एसी इकॉनमी और थर्ड एसी का है। ऐसा ही हाल सेकेंड एसी का भी है। मुंबई जैसे लंबी दूरी वाले शहरों की हालत खराब दिख रही है। लखनऊ से या यहां से होकर मुंबई जाने वाली थर्ड एसी कोच में 10 से 30 जुलाई तक रिग्रेट हो गया है।

ट्रेनों के रिग्रेट होने से यात्री परेशान है। इस संबंध में यात्रियों का कहना है कि रेलवे का नया नियम उन लोगों के लिए सजा बन गया है, जो मजबूरी में अंतिम समय पर यात्रा करते हैं। हाल ये है कि कई लोगों को तो अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी रही है। क्योंकि उनके पास टिकट बुकिंग का कोई विकल्प नहीं बचा। यात्रियों की मांग है कि ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता बढ़ानी चाहिए। अस्थायी कोच जोड़े जाएं। साथ ही नए नियम की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि किसी को परेशानी न हो। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि प्रतीक्षा सूची को नियंत्रित करने व बुकिंग प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए नया नियम लागू किया है। रेलवे ने वेटिंग टिकटों की संख्या हर ट्रेन की क्लास में कुल उपलब्ध सीटों का 25 फीसदी तक सीमित कर दिया है।

### दिल्ली जाने वाली ट्रेनों पर ज्यादा असर

रेलवे के इस नए नियम का असर लखनऊ से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों पर भी दिखाई दे रहा हैं। यहां अभी अधिकांश ट्रेनों में रिग्रेट बताया जा रहा है। रिग्रेट का मतलब है कि उस ट्रेन के लिए उस खास क्लास में कोई सीट उपलब्ध नहीं है और वेटिंग लिस्ट या आरएसी का कोटा पूरा हो चुका है। इसका मतलब है कि आप उस ट्रेन में उस तारीख के लिए टिकट बुक नहीं कर सकते है।

## रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी



**कैबिनेट के फैसले**

■ केंद्र सरकार ने कई योजनाओं को दी मंजूरी
■ नई खेल नीति पर लगी मुहर

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है।

सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा।

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस बारे में जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा।

नए कर्मचारी के लिए 3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी। यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा। सरकार ने देश में शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि केंद्रीय कैबिनेट ने रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत देश में शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कई नेताओं ने दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज अपना 52वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर देशभर के कई बड़े नेता और समर्थक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं।



इसी कड़ी में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी सपा प्रमुख को जन्मदिन की बधाई दी। अपने संदेश में उन्होंने मुलायम सिंह यादव का उल्लेख करते हुए अखिलेश को सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करने का आह्वान किया। स्टालिन ने बधाई संदेश में प्रतीकात्मक राजनीति पर जोर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में लागू हुई आरक्षण नीति



■ कर्मचारियों की सीधी भर्ती व प्रमोशन को लेकर बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत में पहली बार कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण नीति लागू हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में 24 जून को सर्कुलर जारी कर शीर्ष अदालत के सभी कर्मचारियों को सूचित किया है। कोर्ट ने आरक्षण नीति लागू करते हुए माडल रिजर्वेशन रोस्टर जारी किया है।

सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी एसटी) को आरक्षण का लाभ देने के लिए 200 प्वाइंट की रोस्टर प्रणाली लागू की गई है। यह रोस्टर गत 23 जून को जारी किया गया। यह पहला मौका है जबकि सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों में आरक्षण नीति लागू हुई है। वैसे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति में किसी तरह का आरक्षण लागू नहीं होता है लेकिन फिर भी उनकी नियुक्ति में हर वर्ग और हर क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाता है। केंद्र सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू करने के लिए दो जुलाई 1997 को आदेश जारी किया था और अब उसके करीब 28 सालों के बाद सुप्रीम कोर्ट में कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण लागू हुआ है। सर्कुलर में कहा गया है कि निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित लोगों को जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर को सुपनेट (सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक ईमेल नेटवर्क ) पर अपलोड कर दिया गया है।

### 23 जून से आरक्षण नीति लागू

सुप्रीम कोर्ट के औपचारिक रूप से 23 जून से आरक्षण नीति लागू की गई है। 23 जून को रजिस्ट्रार की ओर से जारी रोस्टर में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 15 फीसदी और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 7.5 फीसद आरक्षण का रोस्टर दिया गया है।

**राजनीति**

### बिहार में किस मुद्दे पर चुनाव लड़ना चाहता है एनडीए

## विकास के काम या हिंदू वोट बैंक को एकजुट करने की रणनीति

■ विपक्ष पर आरोप लेकिन अपना हिंदू वोट बैंक भी मजबूत कर रही भाजपा



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए विकास और सामाजिक समीकरणों के साथ-साथ हिंदुत्व कार्ड का भी इस्तेमाल कर रही है। पूरा एनडीए कुनबा एक तरफ केंद्र और नीतीश सरकार के द्वारा बिहार में हुए विकास कार्य गिनवा रहा है तो साथ-साथ तेजस्वी यादव और कांग्रेस को नमाजवादी भी करार दे रहा है। चुनाव से ठीक पहले बिहार सरकार ने माता सीता की जन्मस्थली के विकास के लिए 883 करोड़ रुपये की धनराशि भी स्वीकृत कर दिया है। इसके पहले भी वह माता जानकी की मूर्ति की स्थापना के लिए जमीन आवंटित कर चुकी है। विपक्ष पर नमाजवादी होने का आरोप लगाने वाली भाजपा-एनडीए हिंदू धर्म स्थलों का विकास कर रही है।

पटना के गांधी मैदान में इमारत-ए-शरिया की बड़ी जनसभा में तेजस्वी यादव और पप्पू यादव ने जिस तरह वक्फ कानूनों का विरोध किया है, उससे भी भाजपा को राजद-कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टीकरण करने का आरोप लगाने का अवसर मिल गया है। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि केवल वोटों की राजनीति के कारण राजद नेता तेजस्वी यादव देश में शरियत कानून लागू करने की बात कर रहे हैं। उन्होंने इसे देश की सुरक्षा और संविधान के खिलाफ बताया। यह देश संविधान से चलेगा, शरियत कानून से नहीं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को कहा कि समाजवादी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे दल अब केवल नाम के समाजवादी रह गए हैं। असलियत में वे नमाजवादी हो गए हैं। सच्चे मायने में भाजपा और एनडीए असली समाजवादी हैं क्योंकि वे समाज के हर वर्ग को, विशेष तौर पर सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

इरादा साफ है कि भाजपा इस चुनाव में विकास, सामाजिक समीकरणों को साधने के साथ-साथ धार्मिक आधार पर मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश भी कर रही है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि बदले समीकरणों में बिहार के कुल मतदाताओं में लगभग 17.50 प्रतिशत मुसलमानों का वोट एकतरफा राजद-कांग्रेस महागठबंधन को जा सकता है। इसका लाभ राजद-कांग्रेस को होगा। नीतीश कुमार की छवि के कारण जदयू अब तक मुसलमानों के एक तबके का वोट हासिल करती आई थी।

### पहले भी मिली थी सफलता

2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने मुसलमान मतदाताओं के एक सीमित वर्ग का वोट पाने के बाद भी बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब रही थी। माना जा सकता है कि 2025 के विधानसभा चुनाव में वह एक बार फिर उसी मॉडल को आजमाने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि एक तरफ विपक्ष को नमाजवादी बताने की कोशिश कर रही है तो वहीं वह अपना हिंदू वोट बैंक भी साधने की कोशिश कर रही है।

## अंतरिक्ष में शुभांशु का शानदार शोध, सफलता मिली तो बुजुर्गों के लिए बनेगी उम्मीद की किरण

■ शोध का मकसद यह जानना है अंतरिक्ष में मांसपेशियों को कैसे स्वस्थ रखा जाए



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष में एक ऐसा खास प्रयोग किया है। ये न केवल लंबे अंतरिक्ष मिशन पर जाने वाले यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि धरती पर बुजुर्गों और मांसपेशियों से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए भी राहत ला सकता है। शुभांशु शुक्ला पिछले हफ्ते इतिहास रचते हुए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। वह अमेरिका की एक्सिओम स्पेस मिशन-4 का हिस्सा हैं।

शुभांशु और उनके साथ अमेरिका, पोलैंड और हंगरी के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आईएसएस में मसल और ब्रेन रिसर्च यानी मांसपेशियों और दिमाग से जुड़ा महत्वपूर्ण शोध कर रहे हैं। नासा के मुताबिक, शुक्ला ने जापान के किबो मॉड्यूल में लाइफ साइंस ग्लोवबॉक्स के अंदर मांसपेशियों की स्टेम सेल पर प्रयोग किए। इस शोध का मकसद यह जानना है कि अंतरिक्ष में मांसपेशियों को कैसे स्वस्थ रखा जाए।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत में बताया कि जैसे ही कोई व्यक्ति अंतरिक्ष में जाता है, वहां गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण शरीर पर भार नहीं पड़ता। इसी वजह से मांसपेशियों में कमजोरी और गिरावट शुरू हो जाती है। उनका प्रयोग यह पता लगाने के लिए है कि क्या कुछ सप्लीमेंट्स देकर इस मांसपेशी नुकसान को रोका या टाला जा सकता है। शुक्ला ने कहा कि इस शोध का फायदा केवल अंतरिक्ष में नहीं, बल्कि धरती पर भी बुजुर्गों और मांसपेशियों से जुड़ी बीमारियों वाले लोगों को मिल सकता है। बुजुर्गों में उम्र बढ़ने के साथ मांसपेशियां कमजोर होती हैं। अगर यह प्रयोग सफल रहता है, तो ऐसे लोगों के लिए दवाओं या सप्लीमेंट्स के रूप में बड़ा इलाज सामने आ सकता है।

# शहर से गुजरी जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहन, किया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उक्त का त्वरित एवं सही उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिले में स्वास्थ्य से जुड़े दोनों प्रमुख अभियानो के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हो, इसके लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि संचारी रोगों व दिमागी बुखार के खिलाफ यह सिर्फ अभियान नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए जनजागरुकता की लड़ाई है। राज्य सरकार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने माहभर तक चलने वाले शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम संचारी रोग नियंत्रण अभियान की प्लानिंग व रूपरेखा को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता और प्रासंगिकता बताइ इस जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उदघोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस मौके पर डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव मौजूद रहे जिले में संचारी रोगों और दिमागी बुखार (नवकी बीमारी) से बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत डीएम ने शपथ दिलाई कि कि कोई भी सामान्य बुखार आगे चलकर जानलेवा दिमागी बुखार बन सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकलांगता तक हो सकती है। शपथ में लोगों ने संकल्प लिया कि वे शौच के लिए शौचालय का ही उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

साथ ही व्यक्तिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे, गांव के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखेंगे और समुदाय को भी स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।डीएम ने विशेष रूप से कहा कि यदि गांव में कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होता है तो उसे तुरंत सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए उसके परिजनों को जागरूक किया जाए।अभियान के दौरान स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संक्रामक रोगों को हराना है÷ का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

## सांड़ से बाइक टकराने से घायल दरोगा की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गश्त के दौरान सोमवार की रात सांड़ से बाइक टकराने से घायल दरोगा की उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। वह जिले की मोहम्मदी कोतवाली में तैनात थे। दरोगा की मौत की खबर आते ही पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है एसआई रमेश चंद्र तिवारी कोतवाली मोहम्मदी में तैनात थे। वह सोमवार की रात अपनी पिकेट ड्यूटी से वापसी कर रहे थे। तभी अचानक आवारा सांड उनकी बाइक से टकरा गया। इससे एसआई बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सीएचसी मोहम्मदी लाई, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा है, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उन्हें लखनऊ ले जाया गया, जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

# बेटियों को कैंसर से बचाने की पहल, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगवाएं वैक्सीनः डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** डॉक्टर्स-डे÷के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ वाणी गुप्ता, सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा, डॉ आरके कोली संग दीप जलाकर शुभारंभ किया कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने न केवल स्वयं अपने बच्चे को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन दिलवाने के लिए हामी भारी, बल्कि जिलेवासियों से भी अपील की कि वे इस गंभीर रोग से बचाव के लिए वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि वैक्सीन सुरक्षा का कवच है, इसे अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं।कहा कि आईएमए द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। सभी स्कूलों से अपील है कि वे इसमें सक्रिय भागीदारी करें, ताकि आने वाली पीढ़ी का स्वास्थ्य और भविष्य दोनों सुरक्षित हो सके।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि जनचेतना और जिम्मेदारी का विषय है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन एक प्रभावी उपाय है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में वैक्सीनेशन से संबंधित जानकारी व जागरूकता सामग्री वितरित की जाएगी जिले की प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञों ने मंच से अपने विचार साझा किए और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। महिला चिकित्सको ने यह बताया कि़ यह वैक्सीन जितनी जल्दी लग जाये उतना प्रभावशाली है, 09 वर्ष से 14 वर्ष की बालिकाओ को 02 डोज़ तथा 14 वर्ष ऊपर 45 वर्ष तक की महिलाओ को 03 डोज़ लगाने जरूरी हैं इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में अपने परिश्रम से सफलता प्राप्त की।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा प्रशासन, डीएम-एसपी ने किया मार्गों का निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी । (अवधनामा संवाददाता)** आगामी श्रावण मास में गोला गोकर्णनाथ में लगने वाले श्रावण मेले को लेकर मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नीलकंठ मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला %रिंकू%, भाजपा नेता मोंटी गिरी, प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारियों और समाजसेवियों संग बैठक की। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से साझा रणनीति तैयार की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए सभी को श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। सावन मेले के पारंपरिक स्वरूप को देखते हुए हर विभाग को जरूरी जिम्मेदारियां दी गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर एंबुलेंस, औषधियां, कंट्रोल रूम, साफ-सफाई और सीसीटीवी निगरानी जैसे प्रबंध किए जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई गोला कॉरिडोर की नींव अब आकार ले रही है। उन्होंने संकेत दिया कि श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा जैसे आयोजन भी इस बार आकर्षण का केंद्र होंगे डीएम ने बताया कि सड़कों की मरम्मत, कंट्रोल रूम की स्थापना और अन्य सभी तैयारियों पर हर विभाग पूरी मुस्तैदी से जुटा है। उन्हें विश्वास है कि जनसहयोग और प्रशासन की संयुक्त प्रयासों से इस बार का श्रावण मेला दिव्य और भव्य रूप लेगा एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सभी के सेवा भाव से श्रावण मास अच्छे से गुजरता है। श्रद्धालुओं की सुविधा आपकी छोटी-सी मेहनत से बड़ी राहत बन सकती है। अफसरों से आग्रह किया कि परंपरागत व्यवस्थाओं को नए दृष्टिकोण और समर्पण से और बेहतर बनाया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार सभी विभाग मिलकर पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे और स्वयंसेवक की भावना से सहयोग देंगे।नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने श्रावण मेले के लिए पालिका की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को रेखांकित किया। मेले के दौरान सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिलता है। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी ने श्रावण मास की मुख्य धार्मिक तिथियों और जलाभिषेक के विशेष दिवसों की जानकारी साझा की।बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ रूट पर ट्रांसफार्मर व खुले तारों की जांच कर सुरक्षा प्रमाण पत्र लिया जाए। विद्युत लाइटिंग की भी सुरक्षा जांच कर रिपोर्ट सुनिश्चित की जाए। दुकानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाई जाए। कंट्रोल रूम में अधिकारी सतर्क रहें। सीसीटीवी, खोया-पाया केंद्र, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं इससे पहले डीएम-एसपी ने पालिका अध्यक्ष, एडीएम, एएसपी व अन्य अफसरों संग गोला गोकर्णनाथ के कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रूट डायवर्जन, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, अस्थाई शिविरों, प्राथमिक चिकित्सा व एंटी स्नैक वेनम की व्यवस्थाएं देखीं और रुक-रुक कर अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया।

# बड़ी धूमधाम से सपा ज़िला कार्यालय लोहिया भवन में मनाया गया अखिलेश यादव का जन्म दिवस

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** पी.डी.ए. जननायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद अखिलेश यादव का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से सपा ज़िला कार्यालय लोहिया भवन में मनाया गया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने केक काटकर उन्हे शुभकामनाएं एवं बधाई दी और ईश्वर से उनके दीर्घायु होने की कामना की समाजवादियों ने इस अवसर पर अस्पतालों में फल वितरण और गरीबों के लिए भंडारों का आयोजन किया, कई जगहों पर वृक्षारोपण भी किया गया। अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर समाजवादी पार्टी के कार्यालय लोहिया भवन पर अखिलेश यादव के जन्म दिवस पर आए सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि 1 जुलाई 1973 को इटावा के सैफई गांव में जन्मे अखिलेश यादव द्वारा मार्च 2012 के विधानसभा चुनाव में 224 विधान सभा सीटें जीतकर मात्र 38 वर्ष की आयु में ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के सबसे युवा मुख्यमंत्री बने, उन्होंने अपने कार्यकाल में यू.पी. 100 पुलिस सेवा ,108 एंबुलेंस फ्री सेवा, महिलाओं के लिए महिला शक्ति लाइन 1090 की सुविधा दी, उनके कार्यकाल में लखनऊ में मेट्रो रेल सेवा शुरू हुई, उनके कार्यकाल में ही प्रदेश के युवाओं को बड़ी मात्रा में लैपटॉप वितरण किए गए, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे बनवाया गया, पावर सेक्टर में करोड़ों रूपयो की लागत से विद्युत परियोजनाओं को शुरू कराया गया, समाजवादी किसान और सर्व हित बीमा योजना लागू की गई, अखिलेश यादव जी द्वारा गरीबों के आवास के लिए लोहिया आवास योजना शुरू की गई उन्होंने कहा 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए बूथ स्तर तक तैयारियां जोरों से चल रही है, उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी, सरकार बनने पर सभी के साथ इंसाफ होगा।इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करें और 2012 से 2017 तक समाजवादी पार्टी की सरकार रही उसे समय पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा जनहित कारी योजनाओं को जन-जन तक घर-घर पहुंचने का काम करें उन्होंने कहा प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की बेलगाम नौकरशाही, ध्वस्त कानून व्यवस्था, महंगाई, बिजली कटौती, बिजली दरों को लेकर जनता में काफ़ी रोष है।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, मु0सं0 2297/23, अ0सं0 198/23 धारा 323/498ए/506 भादवि व ड डीपी एक्ट में वारंटी अभियुक्त कल्लू पुत्र बुद्दराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## सड़क पार कर रहे तेंदुए को कार ने मारी टक्कर, तेंदुए की मौके पर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** लखीमपुर-भीरा मार्ग पर थाना भीरा क्षेत्र में सोमवार की रात कार ने सड़क पार कर रहे तेंदुए को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इससे वन विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे वनाधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है भीरा वनरेंज क्षेत्र में बाघ और तेंदुए जंगल से निकलकर आबादी तक पहुंच रहे हैं।

सोमवार की रात एक तेंदुए जंगल से निकलकर भीरा-लखीमपुर मार्ग पर पहुंच गया। बताते हैं कि वह थाना भीरा क्षेत्र के गांव जगदेव पुर के पास सड़क पार कर रहा था। तभी तेज रफ्तार कार ने तेंदुए को टक्कर मार दी। हादसे में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई।

राहगीरों ने पुलिस और वन विभाग को तेंदुए की मौत की खबर दी तो वन विभाग में हड़कंप मच गया। दुधवा नेशनल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर, बफरजोन के वनाधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए वनरेंज कार्यालय भेजा गया है।

## पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक ही परिवार के पिता-पुत्री और भाभी की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मालपुर के पास अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पिता-पुत्री और भाभी की मौत हो गई। कार में कुल पांच लोग सवार थे। सभी कार सवार लखनऊ से पुत्री की दवा लेकर घर वापस लौट रहे थे। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं हादसा सोमवार की देर रात लखीमपुर-भीरा मार्ग पर हुआ। गुलरिया चीनी मिल निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल अपनी चार साल की बेटी श्रद्धा की दवा लेने कार से लखनऊ गए थे। साथ में उनकी पत्नी सुषमा (30), भाभी सीमा देवी (32) और शिवमं (22) भी थे। सभी दवा लेकर घर वापस लौट रहे थे। गांव मालपुर के पास अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

कार में हादसे के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे सभी घायलों को कड़ी मशक्कत कर किसी तरह से बाहर निकाला और एंबुलेंस 108 से सभी घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने जितेंद्र कुमार और उनकी बेटी श्रद्धा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

हालत गंभीर होने पर सीमा, सुषमा और शिवम को जिला अस्पताल रेफर किया। जिला अस्पताल पहुंचने पर सीमा ने भी दम तोड़ दिया।हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घायल सुषमा देवी और शिवम (22) को लखनऊ रेफर किया है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# सपाइयों ने केक काटकर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम के साथ मनाया तथा मिशन 2027 की तैयारियों में जुटने व पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प लिया। स्थानीय अम्बाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यकम में सपाईयों ने जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिन पर केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी तथा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। सपा जिलाध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि समाजवादी विचारधारा अपनाकर ही देश व प्रदेश का भला हो सकता है। इसीलिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए को मजबूत बनाने में जुटे है, ताकि जनता का भला हो सकें। कैराना लोकसभा सांसद इकरा हसन ने कहा कि आज देश व प्रदेश की भाजपा सरकार नफरत का माहौल पैदा कर रही है, उसका मुकाबला केवल सपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता सपा को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने व पीडीए के मिशन को सफल बनाने का काम करें। इस दौरान पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, प्रदेश सचिव चौधरी मजाहिर राणा, पूर्व मंत्री विनोद तेजयान, हसीन कुरैशी,महानगर अध्यक्ष नबाब अंसारी, लियाकत अली, जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी, इंजीनियर विजेश शर्मा, सुदेश गुर्जर, सलीम अख्तर, महेन्द्र राकेश, विशाल यादव, जमाल साबरी, चौधरी जुमला सिंह, फैसल सलमानी, आलम राणा, पार्षद फहाद सलीम, राम आशीष यादव, नदीम कुरैशी, मुस्तकीम राणा, फौजी श्याम लाल, आफ्ताब मलिक, चौधरी अब्दुल गफूर, रवि काम्बोज, उसामा गाड़ा,कर्म सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, तीन आरोपी भेजे जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देवबन्द पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल व हजारों रूपये की नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। थाना देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 9 सितम्बर को वादी कुलदीप कुमार पुत्र सूरजमल सिंह निवासी ग्राम ध्याना थाना देवबन्द की तहरीर पर अज्ञात चोरो के खिलाफ पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्कूल में रखा सामान चोरी कर लेने व वादी प्रभात कुमार पुत्र लोकेश निवासी ग्राम कुरड़ी थाना देवबंद की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ वादी की ट्यूबवैल की मोटर का तांबे का तार चोरी कर लेने तथा वादी तालिब पुत्र समीम निवासी मौ.पठानपुरा थाना देवबंद की तहरीर पर वादी के घर से घरेलू सामान व पैसे चोरी कर लेने के संबंध में थाना देवबंद पर अलग-अलग मुकदमें पंजीकृत किए गए थे। श्री कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक केपी सिंह व विमल सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना ग्राम लबकरी के पास से तीन शातिर चोरों नईम पुत्र समीम निवासी मौ.पठानपुरा बेरियान कस्बा व थाना देवबन्द, उस्मान व फरमान पुत्र पप्पू उर्फ समीम निवासीगण अजीजा कालोनी पठानपुरा कस्बा व थाना देवबन्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों की कब्जे व निशानदेही पर तीनों मुकदमों में चोरी गया माल बरामद कर लिया।

## अधिक से अधिक लोगों रालोद से जोड़ने का काम करें कार्यकताः अजित राठी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव संगठन चौ.अजित राठी ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करें। प्रदेश महासचिव संगठन चौ.अजित राठी आज यहां दिल्ली रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय लोकदल केंद्र व प्रदेश की सत्ता में भागीदार है। इसलिए कार्यकर्ताओं की ओर अधिक जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह एवं चौधरी अजीत सिंह की नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष शाहजमां खान ने निर्देश दिये कि जिले की सभी सातों विधान सभाओं एवं ब्लॉक स्तर तक समस्त प्रकोष्ठें की कमेटियों का गठन जल्दी से जल्दी पूरा करें जिससे कि आने वाले जिला पंचायत चुनाव में पार्टी के अधिक से अधिक प्रत्याशी जितायें जा सकें। बैठक में चौधरी अयूब हसन, भूषण चौहान, रमेश चौहान, महावीर सैनी, मनोज वर्मा, हरपाल वाल्मीकि, दिनेश शर्मा, चौधरी गजेंद्र सिंह, रजनीश चौहान, भूरा मलिक, चौधरी अर्जुन सिंह, ब्रजवीर गुर्जर, शहजाद मलिक, विशाल काम्बोज, प्रवेश कश्यप, डॉ.अनिल सैनी, पंकज चौधरी, चौधरी यशवीर सिंह, नेत्रपाल कश्यप आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शाहजमां खान ने की तथा संचालन हरपाल वाल्मीकि ने किया।

# संजय गर्ग के स्थान पर अब दिग्विजय चौहान होंगे पार्षद दल के नेता

*अवधनामा संवाददाता*





**सहारनपुर।** नगर निगम में अब पार्षद संजय गर्ग के स्थान पर पार्षद दिग्विजय चौहान पार्षद दल के नेता होंगे। जबकि पार्षद नीरज शर्मा को ऐतिहासिक व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक सुप्रसिद्ध मेला गुघाल के लिए मेला आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महापौर डॉ. अजय कुमार ने दोनों मनोनयन के सम्बंध में अलग-अलग पत्र जारी किये हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार तत्काल प्रभाव से पार्षद संजय गर्ग के स्थान पर पार्षद दिग्विजय चौहान पार्षद दल के नेता होंगे। महापौर कार्यालय से पत्र की प्रति नगर आयुक्त व दोनों अपर नगरायुक्तों सहित निगम के सभी विभागोध्यक्षों को भी भेजी गयी है। दिग्विजय चौहान निगम बोर्ड की बैठक में अब पार्षद संजय गर्ग के स्थान पर दल नेता के रुप में भाजपा पार्षद दल की अगुवाई करेंगे। दिग्विजय चौहान वार्ड 48 आवास विकास से पार्षद निर्वाचित हुए हैं। जबकि पिछले बोर्ड में वार्ड 34 से उनकी पत्नी पार्षद निर्वाचित हुई थी। जबकि पार्षद दल नेता पद से मुक्त किए गए पार्षद संजय गर्ग भी लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। वह वार्ड 55 चंद्रनगर से निर्वाचित हुए है। उधर महापौर डॉ. अजय कुमार ने उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मेला गुघाल के आयोजन को लेकर आयोजन समिति का गठन कर दिया है। महापौर ने वार्ड 30 मदनपुरी के पार्षद नीरज शर्मा को आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है। जबकि वार्ड 42 नुमाईश कैंप के पार्षद के के बत्रा तथा वार्ड 51 रानी बाजार के पार्षद मौहम्मद अहमद मलिक को सदस्य मनोनीत किया है। महापौर ने बताया कि मेला गुघाल-2025 के भव्य आयोजन के लिए शीघ्रातिशीघ्र तैयारियां शुरु करने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है।

## प्रधान का प्रयास लाया रंग, वर्षो से खराब पड़ी नलकूप से सिंचाई शुरू

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कहा जाता है अगर किसी काम को शिद्दत से और अच्छी नियत से किया जाए तो सफलता जरूर मिलती है। ऐसे ही कुछ चरितार्थ करता है ग्राम सभा पकड़ी के ग्राम प्रधान की मेहनत।

ग्राम प्रधान पकड़ी ई. प्रवीण निर्मल सिंह ने बताया कि ग्राम सभा पकड़ी में 27 एचजी, नलकूप, बरसो से बेजान पड़ी थी, और नालिया भी ध्वस्त हो चुकी थी, ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर नालियों को मरम्मत और जहां जरुरत थी, वहां नई नली का निर्माण कराया गया। ग्राम प्रधान द्वारा नलकूप विभाग को सन 2023 में पत्र के माध्यम से मरम्मत करके चालू कराने का निवेदन कराया गया परन्तु विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, परन्तु ग्राम प्रधान ई. प्रवीण का प्रयास जारी रहा और एसडीओ यशवंत गौतम और एक्सियन नलकूप विभाग को 16 जून 2025 को पुनः पत्र लिखा गया जिसपर एक्सियन और एसडीओ द्वारा सक्रियता दिखाते हुए जून के अंतिम सफ्ताह में नलकूप को मरम्मत कराया गया जिससे किसानों के खेतों में सिंचाई शुरू हो सका।

# संचारी रोगों की रोकथाम में जनभागीदारी आवश्यक : डीएम



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गाँधी पार्क गोण्डा से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व यूनीसेफ के प्रतिनिधि, एससीपीएम कालेज के छात्र-छात्राएं, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

रैली के शुभारंभ से पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने वहां उपस्थित सभी लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने तथा अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें, तो इन रोगों से आसानी से बचा जा सकता है। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने बताया कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत गांवों व शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, जन-जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता व रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

रैली गाँधी पार्क से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विभिन्न चौराहों से गुजरी, जिसमें प्रतिभागियों ने हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियाँ लेकर नागरिकों को जागरूक किया। स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो, मच्छर भगाओ, बीमारी मिटाओ, घर-आंगन साफ रखो, बुखार दूर भगाओ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। जिलाधिकारी ने रैली के सफल आयोजन हेतु सभी विभागों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समन्वित प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर जय गोविंद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सीके वर्मा, बीएसए अतुल तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी सहित यूनीसेफ के प्रतिनिधी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने जाली मुद्रा चलाने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहा है अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 64/2025, धारा 179,180 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त संजय सिंह उर्फ अरविन्द सिंह पुत्र तिलकुराम सिंह को झिल्लाही से मनकापुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा ग्राम हड़हवा भवरियापारा से एक अभियुक्त को जाली भारतीय मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल ?3600 मूल्य की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की गई, जिसके सम्बन्ध में थाना मोतीगंज पर अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया था। इस दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त संजय सिंह उर्फ अरविन्द सिंह को झिल्लाही से मनकापुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया।

# सब्र की मेराज का नाम इमाम हुसैन है

**पांचवीं मुहर्रम**



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** पांचवीं मुहर्रम को मस्जिदों व घरों में 'जिक्रे शुहदाए कर्बला' महफिलों का दौर जारी रहा। फातिहा ख्वानी हुई। शुहदाए-कर्बला का जिक्र सुनकर सबकी आंखें भर आई।

तुर्कमानपुर व जमुनहिया बाग में पोस्टर प्रदर्शनी हमारे हैं हुसैन लगाई गई। प्रदर्शनी के दौरान लोगों में काफी उत्सुकता नजर आई। इस दौरान हाफिज रहमत अली निजामी ने कहा कि इमाम हुसैन ने अपने साथियों के साथ यजीद की कई गुना बड़ी फौज को शिकस्त दी। किसी इलाके को कब्जाने के लिए या धन-दौलत के लिए जंग नहीं की बल्कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के दीन-ए-इस्लाम व इंसानियत को बचाने के लिए जंग की थी। तुर्कमानपुर में कारी मुहम्मद अनस रजवी ने कहा कि यजीदियत हर दौर में हुसैनियत से हारती रहेगी क्योंकि हक से कभी बातिल जीत नहीं सकता। जब परेशानी आए तो सब्र से काम लेना है। वर्तमान दौर में इमाम हसन व इमाम हुसैन की शहादत को याद कर स्वच्छ समाज निर्माण करने की जरूरत है। पोस्टर प्रदर्शनी में मुनाजिर हसन, आसिफ महमूद, अकील अहमद, शमीम अहमद, नसीम अहमद, अमीन अहमद, इम्तियाज अहमद, मो. इदरीस सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

रसूलपुर जामा मस्जिद में महफिल जिक्रे शुहदाए कर्बला में मौलाना जहांगीर अहमद अजीजी ने कहा कि इमाम हुसैन अपने इल्म, अख्लाक, बहादुरी, तकवा, परहेजगारी, इबादत और किरदार की वजह से बहुत ज्यादा मकबूल हैं। बुराई का नाश करने के लिए पैगंबरे इस्लाम के नवासे हजरत फातिमा के जिगर के टुकड़े हजरत अली के पुत्र इमाम हुसैन, उनके परिवार व साथियों सहित कुल 72 लोगों ने शहादत दी। गाजी मस्जिद गाजी रौजा में महफिल जिक्रे शुहदाए कर्बला के दौरान मुफ्ती अख्तर हुसैन ने कहा कि इमाम हुसैन व उनके साथियों ने यजीद फौज की बर्बता के सामने इस्लाम के झंडे को झुकने नहीं दिया। वह अपने परिवार समेत जालिमों के हाथों शहीद हो गए, लेकिन दुनिया को संदेश दे गए कि सही कहना उठाने वाला शहीद होकर भी हमेशा जिंदा रहता है। सब्र की मेराज का नाम इमाम हुसैन है। अंत में दरूदो सलाम पढ़कर मुल्क में अमन, शांति व भाईचारे की दुआ मांगी गई। गौसे आजम फाउंडेशन द्वारा शहर? में कई जगह फल बांटा गया। जिसमें समीर अली, अली गजनफर शाह, रियाज अहमद, मो. जैद, अमान अहमद, नूर मुहम्मद, अहसन खान, मो. जैद, रेयाज अहमद, अली अफसर, शोमाइल, सैफी, रिजवान आदि शामिल रहे।

# पर्यावरण संकट मानव अस्तित्व को चुनौती : प्रधान अकमल



**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** जन्मदिन तो सब कोई मनाता है, लेकिन सबका अलग अलग मानने का तरीका है। ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के प्रधान अकमल हुसैन ने मंगलवार एक जुलाई को अपना जन्मदिन अलग तरीके से मनाया। डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में केक काटकर व पौधा लगाकर मनाया।

जन्मदिन पर वृक्षारोपण करने के दौरान प्रधान अकमल हुसैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी है। क्योंकि जीवनदायनी ऑक्सीजन वृक्ष से ही हैं। मानव जीवन वृक्षों पर ही निर्भर है। यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो धरती पर जीवन संकट में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन कोई साधारण मसला नहीं है। आज ग्लोबल वार्मिंग पृथ्वी पर जीवन के लिए वार्निंग बना हुआ है। पर्यावरण का संकट मानव अस्तित्व को चुनौती दे रहा है। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए अपील भी किया।

## पुलिस ने दो शातिर चोर किये गिरफ्तार, चोरी की ई- रिक्शा (टिर्री) बरामद

**अलीगढ़।** जमील पुत्र वसीम निवासी मजीपुर सुवकरा थाना गोण्डा जिला अलीगढ़ ने थाने आकर सूचना दी कि मैं अपनी टिर्री ई- रिक्शा किराये पर सामान ढोने में चलाता हूँ। मंगलवार को 2 व्यक्ति मुझे मेरी टिर्री सहित अपना सामान लेने के लिये लेकर गये। रास्ते में उन्होने टिर्री रुकवाकर कहा कि सामान थोड़ी दूर रखा है आप देख आओ। वादी सामान देखने चला गया, वापस आया तो टिर्री ई- रिक्शा नहीं मिला।

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से 1.मनोज पुत्र प्रेमसिंह नि0 सराय वृन्दावन बन्टी के मकान में किराये पर थाना सासनी गेट अलीगढ़ स्थाई पता तैयबपुर कमालपुर थाना ढोलना जिला कासगंज, 2.राहुल कुमार पुत्र कमल सिंह हाल नि0 सराय वृन्दावन बन्टी के मकान मे किराये पर थाना सासनी गेट अलीगढ़ व स्थाई पता सूरतगढ़ थाना अतरौली को ई- रिक्शा सहित गिरफ्तार किया गया।

# मोहर्रम पर चाक चौबंद इन्तिज़ाम का नगर आयुक्त का वादा

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** 6 जुलाई को ताजियों को सुपुर्देखाक करने के साथ-साथ नगरीय क्षेत्र में कर्बला, ताजियों, जुलूस के मार्गो पर नगर निगम व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराये जाने के लिये नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जुलूस के परंपरागत रूट व कर्बला पर नगर निगम संबंधी व्यवस्थाओ की समीक्षा करते हुए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव और मुख्य अभियंता सुरेश चंद को संयुक्त रूप से मोहर्रम के रूट और कर्बला का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव और मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र ने जुलूस के रूट, ऊपर कोट कोतवाली, जामा मस्जिद रोड और कर्बला पहुंचकर नगर निगम संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए स्थानीय पार्षद मुशर्रफ हुसैन को पूर्ण रूप से आश्वास किया पिछ्ले साल से और बेहतर इंतजाम करने का प्रयास किया जाएगा। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने अपने कार्यालय में मोहर्रम की समीक्षा बैठक में अधीनस्थों को मोहर्रम पर चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखते हुये बेहतर इंतजाम जुलूस/ताजियों के लिये किये करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि मोहर्रम पर परम्परागत जुलूस/ताजियों पर नगर निगम की व्यवस्थाओं को कराने के लिए 5 सेक्टर बनाये गए है। हर सेक्टर में 1 सेक्टर प्रभारी सहित 20 कलस्टर प्रभारी 450 सफाई कर्मचारियों की 20 टीमों का गठन किया गया है इसके साथ साथ मोहर्रम के परंपरागत जुलूस की व्यवस्थाओं के लिए 01 वरिष्ठ नोडल अधिकारी को लगाया गया है।

**बेहतर इंतजाम जुलूस/ताजियों के लिये करने के दिए निर्देश**

सेक्टर-01 थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत अमीन निशा, दोद्पुर शमशाद मार्केट, एएमयू कैम्पस रोड, जमालपुर क्षेत्र में रखे जाने वाले ताजियों, जुलूस, अलम व मंजलिस के लिये नोडल अधिकारी बिजेंद्र पाल अधिशासी अभियंता व सहयोगी टीम कर अधीक्षक आर.के.कमल अवर अभियंता अमित कुमार राजस्व निरीक्षण करनपाल सिंह एसएफआई प्रदीप पॉल पथ प्रकाश से विजय कुमार को तैनात किया गया है।

सेक्टर-02 थाना क्वार्सी क्षेत्रान्तर्गत केलानगर, जीवनगढ़, जौहराबाग, मेडीकल रोड आदि क्षेत्र में नोडल अधिकारी आरपी सिंह कर निर्धारण अधिकारी व सहयोगी टीम जेडएसओ रामानंद त्यागी अवर अभियंता अमित कुमार राजस्व निरीक्षक करनपाल सिंह एसएफआई योगेन्द व के.के. सिंह को तैनात किया गया है।

सेक्टर-03 थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ऊपरकोट, टनटनपाड़ा, बाबरी मण्डी, हाथीपुल, बनी इस्राइलन, इमामबाड़ा, चौक बुन्दू खॉ आदि क्षेत्र का नोडल अधिकारी वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त व सहयोगी टीम कर अधीक्षक विशाल सिंह सहायक अभियन्ता जल पुष्पेंद्र सिंह अवर अभियंता विद्युत/यांत्रिक एसएफआई डॉ रामजीलाल राजस्व निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह सीवर प्रभारी वाशिष्ठ कुमार को तैनात किया गया है।

सेक्टर-04 थाना देहलीगेट व थाना रोरावर क्षेत्रान्तर्गत सराय मियॉ, देहलीगेट, चरखवालान, जंगलगढ़ी, शाहजमाल करबला क्षेत्र का नोडल अधिकारी अमित कुमार उप नगर आयुक्त व सहयोगी टीम सहायक अभियंता राजवीर सिंह एसएफआई बिशन सिंह प्रकाश सिंह राजस्व निरीक्षक मयंक चौधरी को तैनात किया गया है।

सेक्टर-05 थाना थाना बन्नादेवी अन्तर्गत गूलर रोड, जेल रोड, देहलीगेट रोड क्षेत्र का नोडल अधिकारी कर अधीक्षक बेचन प्रसाद व सहयोगी टीम अवर अभियन्ता जगवीर सिंह राजस्व निरिक्षक उपेंद्र सिंह एसएफआई विजय आर्सोल को तैनात किया गया है।

अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया परंपरागत मोहर्रम के जुलूस के मार्ग पर ताजियों को लाने ले जाने में बाधक होर्डिंग बैनर क्रॉस बैनर व अतिक्रमण को हटाने के लिए टीमो का गठन कर दिया गया है।

नगर आयुक्त ने बताया मोहर्रम पर व्यवस्थाओं को समय से कराए जाने के लिए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को वरिष्ठ नोडल अधिकारी नामित किया गया है कर्बला में पूरे एहतराम के साथ सफाई का विशेष अभियान चलाये जाने व कर्बला में ताजियों को दफ़नाने के लिए गड्ढा खोदने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए है हाई मास्क लाइट व चरखवालान से कर्बला तक स्ट्रीट लाइट ठीक कराये जाने के लिये प्रभारी अधिकारी पथ प्रकाश व कर्बला आने जाने वाले मार्गो पर पैचवर्क का जिम्मा मुख्य अभियन्ता व कर्बला ताजियों के स्थल व जुलूस के मार्गो पर परम्परागत रूप से पेयजल टैंकर लगाने की जिम्मेदारी महाप्रबंधक जल को दी गयी है।

# मृत्यु के भय को समाप्त करती है भागवत कथा : घनश्याम मिश्र

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर ।** पाली क्षेत्र के तिलौरा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पं. घनश्याम मिश्र ने कहा कि मानव जीवन केवल विषय भोग के लिए नहीं मिला, बल्कि इसका लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति है। उन्होंने कहा कि आज का मनुष्य भगवान की भक्ति को त्यागकर सांसारिक सुखों में ही उलझा हुआ है, जबकि सच्चा सुख केवल कृष्ण भक्ति में है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य श्रीकृष्ण को पाना है। यदि हम यह दृढ़ संकल्प कर लें कि हमें जीवन में केवल कृष्ण को ही पाना है, तो फिर कोई दुख, भय या मोह हमारे मार्ग में बाधा नहीं बन सकता।

पं. मिश्र ने बताया कि जब कोई श्रद्धापूर्वक भागवत कथा सुनता है, तो भगवान स्वयं उसे आशीर्वाद देने आते हैं। कथा श्रवण से व्यक्ति का कल्याण सुनिश्चित होता है। इस अवसर पर यज्ञमान फूलमती देवी, उमेश दुबे, राकेश दुबे, बिष्णु दुबे, गणेश दुबे, प्रमोद दुबे, विकास, अंकुर, शिवम, रत्नेश आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सहकारी समितियों को पोर्टल पर पूर्ण रूप से फीड कराएं : जिलाधिकारी

**सहकारिता, मत्स्य व दुग्ध क्षेत्र में नई समितियों के गठन पर दिया गया जोर**



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जनपद में सहकारी आंदोलन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक कर सहकारिता से जुड़े विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सहायक निबंधक सहकारिता व सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि जनपद की 148 सहकारिता समितियों, 51 मत्स्य समितियों व 323 दुग्ध समितियों का डाटा नेशनल कोऑपरेटिव डाटाबेस (ह.ष्ट.ष्ठ.) पोर्टल पर फीड किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शेष सभी समितियों का डाटा शीघ्र पोर्टल पर अपडेट किया जाए तथा सभी दुग्ध समितियों को सक्रिय रूप से संचालित कराया जाए। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में हाल ही में सहकारिता विभाग में 02 नई बी.पैक्स समितियां, मत्स्य विभाग में 12 नई समितियां, तथा मिशन नंदबाबा योजना के अंतर्गत 10 नई दुग्ध समितियां गठित की गई हैं।

इसके अतिरिक्त जिला योजना के तहत पुनर्गठन सहित 05 नई समितियों का गठन भी किया गया है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों से कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से ग्रामीण विकास एवं आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए, ताकि शासन की योजनाएं प्रभावी रूप से आमजन तक पहुँच सकें।

## पेंटर को गोली मारने वाले अके खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी बाधागाड़ा में पेंटर की दुकान चलाने वाले युवक को पुरानी रंजिश को लेकर गांव का एक मनबढ़ अपने दोस्तों के साथ मिलकर जान मारने की नीयत से गोली मार कर घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित के भाई की तहरीर पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया हैं।

मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के हरदिया निवासी रहमत अली पुत्र अमरुल्लाह 38 वर्ष जो बाढ़ागाड़ा में पेंटर की दुकान चलाता है। गांव के एक परिवार से पुरानी रंजिश चलती है। रविवार को रात्रि में वह दुकान बंद कर घर जा रहा था। मंडवारी कुआं चौकी से कुछ आगे पहुंचा था। की घात लगाकर पहले बैठे बदमाशों ने युवक को देखते ही जान मारने की नीयत से गोली मारकर फरार हो गया था।

# कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ राहत की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक



**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में बाढ़ राहत की तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाढ़ में लगाई जाने बाली नावों के नवीको व गोताखोरों के साथ बैठक कर ली जाये, लाइफ जैकेट टार्च, सर्चलाइट की व्यवस्था कर ली जाए, बाढ़ से प्रभावित होने बाले गाँवो व परिवारों को चिन्हित किया जाए, सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ बाढ़ से प्रभावित होने बाले क्षेत्रो का तत्काल भ्रमण करे, सीएमओ को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिये मेडिकल किट की व्यवस्था कर ली जाए, सीवीओ द्वारा बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित होने बाले गोवंश आश्रय स्थलों से गोवंशों को शिफ्ट कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन नरौरा डैम से छोड़े जाने बाले पानी व पानी के लेवल की सूचना मीडिया को उपलब्ध कराई जाए।

## प्राथमिक बिधालय टिलियां मे बच्चों ने रैली निकाली

**अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टिलियां मे ग्रीष्म अवकाश के बाद आज विद्यालय में प्रथम दिन बच्चों का फूल मालाओं और रोली के साथ स्वागत किया गया प्रधानाध्यापक श्री विनोद गंगवार ने गांव का भ्रमण कर अभिभावकों से संपर्क किया एवं नवीन नामांकन के लिए सभी अभिभावकों से अपील की स्कूल चलो अभियान रैली के अंतर्गत आज बच्चों ने रैली निकाली एवं खेल-खेल में शिक्षा की तरीके सीखे आज मध्यान भोजन में बच्चों को पूडी सब्जी और खीर परसी गई।

## आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01/07/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 द्वारा ग्राम गुगौरा थाना कमालगंज में मय स्टॉफ दबिश कार्यवाही की गई।

# नगर की सफाई व्यवस्था का चेयरमैन ने किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**




**टांडा अम्बेडकरनगर।** मोहर्रम पर्व के दौरान नगर मे लगातार होने वाली सफाई व्यवस्था का आज टांडा पालिका की चेयरमैन शबाना नाज़ ने नगर के मोहल्ला मुबारकपुर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया।

पालिकाध्यक्ष ने अपने निरिक्षण के दौरान कहा की मोहर्रम के दौरान नगर के सभी वार्डों की सफाई व्यवस्था के उनके द्वारा विशेष निर्देश दिये गये है इसके बावजूद यदि किसी को किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह लिखित रूप से पालिका परिसर मे अपनी समस्याओं को बताकर समस्या का निवारण करवा सकता है चाहे सफाई की समस्या हो सांयकाल फागिन की या पालिका से सम्बंधित कोई समस्या हो पालिका अध्यक्ष के निरिक्षण के दौरान जेई आशीष कुमार हरिशचंद्र पाठक मुबारकपुर के सफाई नायक नोडल सफाई नायक मोहम्मद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

इसी कड़ी मे उन्होंने नगर के मोहल्ला मीरानपुरा वार्ड नम्बर तेरह मे पहुंचकर वहाँ की सफाई व्यवस्था का भी हालचाल लोगों से जाना और अपनी संतुस्टी जताई।अन्त मे पालिका अध्यक्ष ने मुख्य मोहर्रम आयोजक मुत्वल्ली वक्फ राजा काज़िम रज़ा से मिलकर मोहल्ले की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली।

## रिंग सेरेमनी के बाद शादी करने से किया इंकार युवती ने की शिकायत

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवती का एक वर्ष पूर्व खलीलाबाद निवासी एक युवक के साथ रिंग सेरेमनी हुआ था। जिसमें दोनों पक्षों की तरफ रिश्तेदार शिरकत किए थे। कार्यक्रम में खूब खरीदारी हुई थी। उस समय रिंग सेरेमनी का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद शादी की कोई तिथि निर्धारित नहीं हो पाई थी। इस बीच युवक और युवती का मोबाइल पर प्रतिदिन बात चल रही थी।

बीच में किसी बात का दोनों में खटास आ गया। तो युवक ने फोन पर बात करना बंद कर दिया। बात न होने से युवती परेशान हो गई। इस दौरान युवक के परिजन भी युवती के घर से पूरी तरह संबंध समाप्त कर दिया। कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए वार्ता चली। लेकिन वार्ता विफल रहा। इसके बाद युवक ने शादी करने से इंकार कर दिया। जब इस बात की जानकारी युवती को हुई तो उसने युवक के खिलाफ घुमाने के दौरान शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए घघसरा पुलिस चौकी में तहरीर दिया। पुलिस हरकत में आई। तो युवक को फोन कर पुलिस चौकी पर बुलाया। दोनो पक्षों की दलील सुनने के बाद पुलिस ने युवक का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# अखिलेश यादव का 53वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम पार्षद कझ में समाजवादी पार्टी के पार्षद पूर्व महानगर अध्यक्ष जियाउल इस्लाम के नेतृत्व में पी डी ए नायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जननायक हिमानी अखिलेश यादव जी का 53 व जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसके तहत केक काटना वृक्षारोपण विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्लाम ने किया कार्यक्रम का संचालन पूर्व पाषर्द पूर्व महासचिव सिंहासन सिंह यादव ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयप्रकाश यादव पूर्व जिला अध्यक्ष गण गोपाल यादव, चंद्रबली यादव, प्रहलाद यादव रजनीश यादव ने कहा कि जननायक अखिलेश यादव जीके नेतृत्व में 2027 में हम समाजवादी लोग सरकार बनाएंगे जो जनता के प्रति जवाब देह होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व महानगर अध्यक्ष गण शहाब अंसारी हाजी शकील अंसारी कीर्ति निधि पांडे अमीरुद्दीन अंसारी उज्जैर अहमद चंद्रभान प्रजापति अशोक यादव नेता पार्षद दल ने कहां की आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में गरीब और मध्य वर्ग बेहद परेशान और खस्ता हाल है। बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार अपने चरम पर है आज हम संकल्प लेते हैं समाजवादी पार्टी और उसके नेता माननीय अखिलेश यादव जी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बने तक चैन से नहीं बैठेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने अध्यक्ष की संबोधन में पूर्व महानगर अध्यक्ष जी आज इस्लाम ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं है। पूरे देश के अंदर सभी संवैधानिक संस्थाओं में भारतीय जनता पार्टी की कारण अविश्वास की भावना उत्पन्न हो गई है यह बड़ी दुख की बात है आज देश प्रदेश के अंदर भाजपा के गुंडो द्वारा नेता विरोधी दल जो एक संवैधानिक पद है कहीं जाने नहीं देना चाहते पीड़ितों के पास पहुंचने देना नहीं चाहते विद्या भारती जनता पार्टी की बहुत बड़ी भूल है भारतीय जनता पार्टी बाद कांग्रेसी राज में इमरजेंसी की करती है जबकि उसे इमरजेंसी से ज्यादा उत्पीड़न गरीबों मजलूमों पिछड़ों दलितों व मुसलमानों का भारतीय जनता पार्टी कर रही है भ्रष्टाचार अपने चरम पर है महंगाई की कोई सीमा नहीं बेरोजगारी अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई अतः आज यहां एकत्रित सभी समाजवादी साथी से अपील है कि वह जहां है जैसे भी हैं अपने-अपने बूथों पर वोटर लिस्ट जरूर चेक करें और वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने का कार्य करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सिंहासन सिंह यादव अनवार आलम राजपति यादव जुबेर अहमद विक्की मिश्रा अभिमन्यु मौर्य शाहिद अख्तर जावेद खान वजीबुल्लह अंसारी अभिषेक पासवान सोहराब खान पुजारी लाल यादव राजीव यादव प्रमोद यादव दिलशाद अहमद सत्य प्रकाश जायसवाल आदि लोगों उपस्थित थे।

## ऑटो लिफ्टिंग गैंग से 10 चोरी की बाइकें बरामद, चार शातिर चोर गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में अपराध पर लगाम कसने की दिशा में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना कटका पुलिस, स्वाट टीम व सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में वाहन चोरी में लिप्त एक सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई 1 जुलाई को थाना कटका क्षेत्र के गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के पास खानपुर हुसैनाबाद में अंजाम दी गई। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेन्द्र कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव के निकट पर्यवेक्षण में छापेमारी की गई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान**

इरफान पुत्र वाजिद अली (36 वर्ष), निवासी कौड़ाही, थाना बसखारी

अफरोज उर्फ फुरकान पुत्र मो. तौहिद उर्फ घुरहू (20 वर्ष), निवासी कौड़ाही, थाना बसखारी

सुरज पुत्र रामनयन (20 वर्ष), निवासी भगवानपुर मंझरिया (सकलफिया), थाना कटका

राजाराम गुप्ता पुत्र श्रीराम गुप्ता (54 वर्ष), निवासी रुधौली माफी, थाना मालीपुर।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पूर्व मंत्री पवन ने 101 बच्चियों को भेंट की साइकिल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के मौके पर मंगलवार को अयोध्या में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र में 101 स्कूली छात्राओं को साइकिल व बैग वितरित कर सम्मानित किया।पूर्व मंत्री पवन ने इस दौरान अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में गरीब, नौजवान, महिलाओं और छात्रों के लिए कई जनहितकारी योजनाएं शुरू की थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी योजनाओं को बंद कर दिया है, जिससे युवाओं और किसानों में भारी असंतोष है।पूर्व मंत्री ने कहा, ÷2027 में जनता एक बार फिर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगी और उत्तर प्रदेश को खुशहाली की राह पर ले जाएगी।÷ कार्यक्रम में सपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया और केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। मरीजों, श्रमिकों और बच्चों को बांटे फल व मिठाईअखिलेश यादव के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व मंत्री पवन और महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। चौक मंडी में श्रमिकों को मिठाई और बड़ी बुआ में बच्चों को कॉपी, पेन, फल व मिठाई दी गई।व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष शक्ति जायसवाल और उनके साथियों ने श्रीराम अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यों को बताया प्रेरणास्रोतकार्यक्रम में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में कन्या विद्याधन, मुफ्त लैपटॉप, 1090 महिला हेल्पलाइन, एंबुलेंस सेवा, एक्सप्रेसवे जैसे कई विकास कार्य किए, जो आज भी लोगों की याद में हैं। उन्होंने मौजूदा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राज में किसान, व्यापारी, युवा सभी परेशान हैं। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और 2027 में अखिलेश यादव को फिर से सत्ता में लाने को तैयार है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने किया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव,मोहम्मद हलीम पप्पू, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, जेपी यादव, प्रवीण राठौर, तरजीत गौड़, सचिन यादव, बृजेश सिंह चौहान, वीरेंद्र गौतम, अपर्णा जायसवाल, शादाब खान, कमर राइन, शाहबाज लकी, राकेश पांडेय, मंजीत यादव, कृष्ण गोपाल यादव, लल्लन पासवान, अजय रावत, सुभाष पासी, निर्मल वर्मा, सुरेंद्र एडवोकेट, आलोक वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 108 एम्बुलेंस सेवा बनी प्रसव पीड़िता का सहारा

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए वरदान बनी निःशुल्क 108 एम्बुलेंस सेवा एक बार फिर मददगार साबित हुई। मंगलवार को कोतवाली नगर के लालबाग निवासी मुकेश पांडेय की पत्नी कंचन को प्रसव पीड़ा हुई, जिस पर 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही ईएमटी सर्वेश कुमार मिश्रा और पायलट दुर्गेश तिवारी एम्बुलेंस संख्या यूपी एफ जी 0539 लेकर तत्काल जिला महिला चिकित्सालय पहुंचे। स्थिति गंभीर होने पर कंचन को दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां समय पर पहुंचाने के चलते सुरक्षित प्रसव संभव हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।संस्था के आरएम अजय सिंह, पीएम दीपक व ईएमई अनिल पांडेय ने बताया कि ऐसे समर्पित कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाता है।

## सारा आलम अश्क बहायेगा खूने सरवर रंग लाएगा

## अकीदत के साथ निकला कदीमी चौथी मोहर्रम का जलूस

*अवधनामा संवाददाता*



**रुदौली अयोध्या।** 4 मोहर्रम को मोहल्ला कोठी से कदीमी चौथी मोहर्रम का मातमी जुलूस निकला गया जो अपने क़दीमी रास्ते से होता हुआ मोहल्ला ख़ुवाजहाल में पहुंचा रुदौली की अंजुमन के साहिबे बयाज शबीउल हसन मास्टर खुर्शेद शादाब काज़मी सय्यद कासिम ने, नौहा पढ़ा (तीन शबो रोज़ का प्यासा हुसैन ) जिसको सुन कर जुलूस में मौजूद अजादार रो पड़े करबला में शहीद इमाम हुसैन को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया। जुलूस में क्या बच्चे क्या बूढ़े सब हज़रत इमाम हुसैन की याद में अश्क़ बहाते हुए जुलूस में चल रहे थे जुलूस में पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से अपनी डयूटी पर डटा रहा कोतवाल संजय मौर्य किला चौकी इंचार्ज विकास चौरसिया समेत पूरा पुलिस अमला जुलूस के साथ साथ चलता रहा आखिर में जुलूस के आयोजक चौधरी अकबर मेहंदी ने पुलिस प्रशासन का शुक्रिया अदा किया इस मौके पर पूर्व मंत्री अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां डाक्टर नेहाल रज़ा डाक्टर अमीर अब्बास राजू वरिष्ठ पत्रकार वसायद कासिम समेत काफी तादात में लोग उपस्थित थे सात मोहर्रम को निकलेगा क़दीमी मेहँदी का जुलूस रुदौली का क़दीमी मेहंदी का जुलूस 7 मोहर्रम को बड़ा इमामबारगाह मोहल्ला सूफियाना से उठ कर कटरा होता हुआ बड़ी दरगाह हज़रत अब्बास मोहल्ला सालार तक आएगा जिसमे रुदौली की मुक़ामी अंजुमने नोहखवानी व सीनाजानी करेंगी

## संचारी रोग नियंत्रण के लिए निकली जन जागरूकता रैली

## घरों में न होने दें जलजमाव, आसपास रखें सफाई : त्रिपाठी



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** नगर को संचारी रोगों से मुक्त बनाने के लिए एक माह तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिला फाइलेरिया नियंत्रण इकाई के सहयोग से नगर निगम फागिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव कराएगा। इसके साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क कर लोगों में जल जनित एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता पैदा की जाएगी। इसके लिए मंगलवार को अयोध्या तुलसी उद्यान के सामने से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुशील कुमार बनियाल के साथ महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 11=30 बजे स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारियों का दल तुलसी उद्यान के सामने एकत्र हुआ, जहां से रैली अयोध्या भ्रमण करते हुए नगर निगम तक आई। महापौर ने अधिकारियों संग कुछ दूर चलकर रैली में शामिल कर्मियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए मुस्तैद रहें। साथ ही लोगों को जागरुक भी करें, ताकि घरों में कूलर, खाली बर्तन आदि में पानी न जमा होने पाए, क्योंकि इससे डेंगू फैलने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से घरों के अंदर और आसपास सफाई रखने का आह्वान किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बनियाल ने कहा कि संचारी रोगों के नियंत्रण में स्वच्छता की अहम भूमिका है। उन्होंने लोगों से फुल आस्तीन के सूती कपड़े पहनने के साथ ही अपने आसपास सफाई रखने का आह्वान किया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, डायरिया जैसी बीमारियों पर स्वच्छता से ही नियंत्रित किया जा सकता है। फोटो 7- समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुडे

# देवा पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, बिजली सामान बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देवा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, विधुत तार चोरी का खुलासा करते हुवे भारी मात्रा में पिकअप में लड़ी बिजली सामान के साथ दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार। जानकारी के मुताबिक देवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी उपनिरीक्षक छद्दू चौधरी, अखिलेश प्रजापति कॉन्सटेबल आलोक कुमार तिवारी, सूरज जायसवाल के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे तभी सूचना मिली कि एक पिकअप में बिजली सामान लेकर आने वाला है। जिसके बाद पुलिस टीम कुर्सी रोड नहर पुल कस्बा देवा के पास से दो अभियुक्तों शिवकमल पुत्र रामलखन निवासी ग्राम अड़ौरा थाना देवा जनपद, कृष्ण गोपाल पुत्र अरुण कुमार निवासी ग्राम पकडी शुक्ल थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को कुर्सी रोड नहर पुल कस्बा देवा से गिरफ्तार किया गया। टीम ने अभियुक्तगण के कब्जे से 1 अदद पिकप वाहन, 4 अदद ट्रान्सफार्मर, 3 कुन्तल 10 किलोग्राम तांबे का तार, प्लास्टिक की कटी हुई केबिल बरामद किया। पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्त कृष्ण गोपाल ट्रांसपोर्टर का काम करता है, जिसका ऑफिस चिनहट, लखनऊ में है तथा अभियुक्त शिवकमल, अपना पिकप उसी के माध्यम से भाड़े पर चलाता था, जिससे दोनों के बीच मित्रता हो गई। अभियुक्तगण द्वारा लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर बीबीडी के पास स्थित एक गोदाम से ट्रांसफार्मर तथा केबिल चोरी किया गया था एवं उसी केबिल को काटकर तांबे का तार अलग कर तथा केबिल की प्लास्टिक अलग कर उसे दूर-दराज जाकर कबाड़ में बेच दिया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व में भी गोदामों से सामान को चोरी कर बेचने की बात स्वीकार की है।

# टेबलेट वितरण कार्यक्रम में 120 विद्यार्थियों को मिला टेबलेट



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नवाबगंज के 120 विद्यार्थियों में मंगलवार को टेबलेट का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य महेश चंद्र एव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने शुभारंभ करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की यह महत्वपूर्ण पहल है। आईटीआई प्रधानाचार्य महेशचद्र ने कहा कि टेबलेट वितरण का उद्देश्य छात्र छात्राओं को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ना एव उनकी आनलाइन शिक्षा को सुलभ बनाते हुए तकनीकी शिक्षा को आधुनिक साधनों से समृद्धि करना है उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि आप सभी टेबलेट का सदुयोग करे और अपने कौशल को नई उचाईयो तक पहुंचाये उन्होंने संस्थान मे उच्च गुणवत्ता की ट्रेनिंग पर विशेष बल दिया तथा भविष्य मे बच्चो के पास आउट होने पर रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि सरकार द्वारा यह योजना छात्र -छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए लायी गयी है। इसका उपयोग भविष्य में अपने कैरियर को देखते हुए करें, न कि मनोरंजन के लिए। टैबलेट व स्मार्टफोन से छात्र-छात्राओ को नई तकनीकी से सहायता मिलती रहेगी और सरकार द्वारा डिजिटल तकनीक से जोड़ने की कोशिश के तहत उसके समकक्ष छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन व टैबलेट का लगातार वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्थान के कार्यदेशक संदीप श्रीवास्तव ,मनोज कुमार अनुदेशक, नीरज पांडे, राम गोपाल चौधरी, अरविंद तिवारी, एवं श्रीमती एकता लाल, श्रीलक्ष्मी शाक्य अखिलेश कुमार सिंह, तूफान सिंह, अंकिता तिवारी, सुनीता, दीपक शर्मा, अभिषेक कुमार, सर्वचंद्र राय, अवधेश, , अंकित अस्थाना, नीलिमा दुबे, रामसिंह मो0 आमीन, श्याम नरायण पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आवासीय योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद अयोध्या के कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आवास विकास परिषद की आवासीय योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषद द्वारा संचालित कुढ़ा केशवपुर एवं शाहनेवाजपुर आवासीय परियोजनाओं की प्रगति एवं संबद्ध आपत्तियों पर विस्तार से चर्चा की गई।आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण व लंबित भुगतान में तेजी लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि कुढ़ा केशवपुर और शाहनेवाजपुर में प्राप्त आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण कराया जाए, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही उन्होंने लंबित भुगतानों में तेजी लाने पर भी बल दिया, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जा सके।

**स्वागत द्वार निर्माण में गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष जोर**

बैठक में जनपद में बन रहे 04 स्वागत द्वारों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इन स्वागत द्वारों के लिए जमीनों की खरीद किसानों की पूर्ण सहमति के आधार पर की जाए, ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने राजकीय निर्माण निगम को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं।

**प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति**

इस समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) एल0/ओ0, उपजिलाधिकारी सदर, एवं कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें और क्षेत्रीय स्तर पर जनसुनवाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

# विद्यालय युग्मन के विरोध में यूटा ने मुख्यमंत्री के नाम राज्यमंत्री को सौपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार के निर्देशन में पचास से कम नामांकित छात्रों वाले परिषदीय विद्यालयों को युग्मन/पेयरिंग करने की प्रस्तावित नीति के विरोध व पुनर्विचार किये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंत्री सतीश शर्मा व विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में सर्व शिक्षा अभियान प्रारंभ किया था। तत्कालीन सरकार की सोच थी कि 6 वर्ष से 14 वर्ष तक आयु के बच्चों को सुलभ व आवश्यक प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराई जाए, इसी कारण प्रत्येक ग्राम-मजरे में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई थी। इतना ही नही इस अभियान के तहत प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य व निशुल्क कर दिया गया था। सर्व शिक्षा अभियान के प्रावधान को मौलिक अधिकार बनाया गया था। वर्तमान में काम छात्र संख्या नामांकन के आधार पर परिषदीय विद्यालयों का युग्मन कर बंद करने के निर्णय के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया। शिक्षकों के इस ज्ञापन में पेयरिंग/युग्मन नीति को छात्र एवं शिक्षक विरोधी बताते हुए शिक्षक संगठन यूटा ने अपना विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों का यह मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों के भविष्य के साथ पेयरिंग/युग्मन नीति घोर अन्यायपूर्ण है। विद्यालयों की जबरन विलय की प्रक्रिया से न केवल शिक्षण के संस्थानों में कमी आयेगी बल्कि स्वतः ही शिक्षकों के पदों में कटौती भी सुनिश्चित हो जायेगी, जो शिक्षा शिक्षक एवं विद्यालय के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर ओर जिला संयुक्त मंत्री सकिब क़िदवाई, जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, जिला महिला उपाध्यक्ष श्रीती बैसवार, ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धौर देवेन्द्र निरंजन, ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ अभय सिंह, संग्राम वर्मा, देवेन्द्र कुमार, पवन किशोर, रामू, अमित कुमार, संदीप गौतम, आशीष वर्मा, चन्द्र विजय सिंह, शैलेन्द्र रावत, राजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, आलोक श्रीवास्तव, ब्रजेन्द्र मिश्रा, मोहित सिंह, सत्यधर द्विवेदी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# टीम गठित कर गांवों में कराई जा रही सफाई



**मिठौरा महराजगंज।** (अवधनामा संवाददाता) सिंदुरिया स्वच्छ मिशन अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण माह के तहत मंगलवार को मिठौरा क्षेत्र के सिंदुरिया गांव में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता एवं संचारी रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक भी किया गया। खंड विकास अधिकारी राहुल सागर ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव को साफ-सुथरा बनाए रखना सभी का दायित्व है। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ जीवन संभव है। नियमित सफाई से संचारी रोगों के प्रसार पर रोक लगाई जा सकती है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विनय पांडेय ने बताया कि वर्षा ऋतु में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए न्याय पंचायत स्तर पर सफाई कर्मचारियों की टीमें गठित कर गांवों में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सिंदुरिया गांव की साफ-सफाई कराई गई। सफाई कार्य में सफाई कर्मचारी मकबूल अहमद, सुधाकर, जितेंद्र, दिनेश, राम नरायन, महेंद्र, योगेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक की निकाली गई जागरूकता रैली



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक का ब्लाक स्तरीय शुभारंभ संयुक्त विभागीय रैली के माध्यम से मंगलवार को सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से किया गया। इस अभियान के रैली में खंड सहायक पंचायत अधिकारी सुरेश कनोजिया व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ ईश्वर चंद विद्यासागर, सिसवा नगर पालिका परिषद से अरुण सिंह, खंड शिक्षा विभाग से अरुण सिंह ,स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक समुदाय प्रबंधक प्रदीप चौरसिया, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अविनाश सिंह, पर्वेक्षक रमाकांत कनोजिया, मयंक पांडेय के साथ स्वास्थ्य विभाग की आशा बहुएं, नगरपालिका परिषद से सफ़ाईकर्मी शामिल रहे। इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत 1जुलाई से 31 जुलाई तक सफाई अभियान के साथ जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हर ग्रामसभाओ व नगर के वार्डो में अलग से बैठको का आयोजन किया जाएगा।

# निजी व्यक्तियों के हस्तक्षेप पर कठोर कार्यवाही होगी: जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी ने विकास भवन का किया औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिला मुख्यालय पर स्थित विकास भवन का मंगलवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने ग्राम्य विकास अभिकरण, मनरेगा सेल, जिला विकास अधिकारी कार्यालय, सोशल सेक्टर कार्यालय, डीपीआरओ कार्यालय, ग्रामीण अभियंत्र विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, सहकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कक्षों और कार्यालयों को देखा। श्री शर्मा ने समाज कल्याण कार्यालय में अनुपयोगी अभिलेखों की मौजूदगी पर असंतोष व्यक्त करते हुए, नियमानुसार अनुपयोगी अभिलेखों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। एआर कोऑपरेटिव कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यूरिया की उपलब्धता की जानकारी ली। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि एक रैक यूरिया आज प्राप्त होगा, जिसका प्रेषण समितियों को तत्काल कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय को साफ-सुथरा व व्यवस्थित रखें। कार्यालयों में प्लास्टिक का उपयोग न करें और सुनिश्चित करें स्टाफ सहित कोई भी व्यक्ति कार्यालय को गंदा न करे। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों के कार्यालय साफ-सुथरे व व्यवस्थित हैं, उनको सम्मानित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस का संचालन प्रभावी तरीके से करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय में निजी व्यक्तियों का हस्तक्षेप किसी सूरत में न रहे। यदि ऐसा पाया जाता है तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी बीएन कन्नौजिया, पीडी रामदरश चौधरी, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी सहायक अभियंता लघु सिंचाई नवीन सहगल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का निरक्षण किया

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी द्वारा मंगलवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में मंगलवार की परेड की सलामी ली गई, तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर एवं पुलिस लाइन भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता व साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

## छह को मिला महराजगंज चिकित्सा गौरव सम्मान

## चिकित्सक मानवता के सच्चे प्रहरी: सीएमओ



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मंगलवार को सृजन आई हॉस्पिटल चौपरिया के तत्वावधान में नगर के एक होटल में भव्य चिकित्सक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में जिले के करीब 150 चिकित्सकों को सम्मानित किया गया, जिनमें से छह विशिष्ट चिकित्सकों को महराजगंज चिकित्सा गौरव सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. श्रीकांत शुक्ला ने चिकित्सकों को मानवता का सच्चा प्रहरी बताते हुए कहा कि यह दिवस सेवा, समर्पण और चिकित्सा विज्ञान की शक्ति को नमन करने का दिन है। विशिष्ट अतिथि डॉ. बलराम भट्ट (प्रबंधक, पी.जी. कॉलेज) ने कहा कि चिकित्सकों की निःस्वार्थ सेवा समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सम्मान पाने वाले चिकित्सकों में डॉ. बी.एन. वर्मा, डॉ. एस.के. रफीक, डॉ. हेमंत श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णा साहनी, डॉ. विकास कुमार और डॉ. देवेश कुमार पांडेय शामिल रहे। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ, एसीएमओ, आईएमए पदाधिकारी, सृजन आई हॉस्पिटल की चेयरमैन डॉ. अंजू वर्मा समेत जिले के कई चिकित्सक व गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जाय।

# नीट क्वालीफाईड छात्रा के द्वारा कराया गया अटल उपवन का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थ नगर।** भनवापुर ब्लाक के ग्राम अमौली एकडेंगा में मंगलवार को अटल उपवन मनरेगा पार्क का उद्घाटन नगर पंचायत डुमरियागंज की छात्रा श्रद्धा गुप्ता के हाथों कराया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रद्धा ने इस वर्ष नीट की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ।

मुख्य अतिथि ने बताया कि वह डाक्टर बनकर ग्रामीण अंचल में लोगों को स्वास्थ्य सेवा देना चाहती हैं। यह सम्मान पाकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को बिना अंतर किए शिक्षा ग्रहण कराएं तभी हमारे देश का विकास संभव है। बीडीओ आलोकदत्त उपाध्याय ने कहा कि चार बीघे में बने इस उपवन का निर्माण कार्य महज आठ माह में करीब एक करोड़ दस लाख रूपये की लागत से कराया गया है। क्षेत्र पंचायत से करीब 46 लाख रूपये खर्च हुए हैं। जिससे उपवन की बाउंड्री व हाईमास्ट लगवाया गया है।जबकि ग्राम पंचायत से 61 लाख रूपये लगे हैं। जिससे ओपेन जिम, पथवे, स्लाइडिंग, बेंच, झूला, कुर्सियों का निर्माण, पेंटिंग कार्य हुआ है।खाली जगह पर जल्द हरी घास लगवायी जाएगी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने कहा कि सबकी जिम्मेदारी है कि पार्क में लगे सामानों की देखरेख में सहयोग करें। इस उपवन के बन जाने से बच्चों, युवा, बुजुर्ग सबको लाभ मिलेगा। मनोरंजन के साथ ही स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। ब्लाक प्रमुख शशिकला ओझा, एडीओ पंचायत संजय पटेल, सचिव जयप्रकाश व हरीराम, जयवर्धन तिवारी, प्रधान पुजारी, आलोक तिवारी, केसी यादव, गोनई चौधरी, भीम चौधरी, रिसू सिंह, अमरेश, ब्रहमदेव पाण्डेय, वीरेंद्र, राकेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सकुशल जलालपुर मे निकला पाँचवी मोहर्रम का जुलूस

अवधनामा संवाददाता




**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** कर्बला के 72 शहीदो की याद में मनाया जाने वाला माह मुहर्रम की पांचवीं तारीख को मजलिसों का सिलसिला तेज हो गया है। शिया बहुल इलाकों में नौहा मातम की सदाओं से माहौल गमगीन हो गया है।

जाफराबाद स्थित शहादत हुसैन, मास्टर उर्फी, याकूब अली कर्बलाई, कल्बे हसन, इब्ने हसन बड़े बाबू, फैयाज हुसैन के आवास पर आयोजित मजलिसों में अजादारो का हुजूम उमड़ा। छोटे इमाम बाड़ा में इंतजार हुसैन ने कर्बला की दास्तान गमगीन माहौल में पढ़ी।अंजुमन जाफरिया ने नौहा ख्वानी पेश किया।देर रात बड़े इमाम बाड़े में मौलाना असगर एजाज कायमी ने मजलिस को खिताब किया। जमजलिस में अंजुमन जुलफेकारिया,अंजुमन अब्बासिया, अंजुमन काजिमया आदि ने नौहा मातम कर कर्बला के शहीदों की याद को ताजा किया।

इसी क्रम में नगपुर के मुस्तफा बाद मजरे में जुमा मस्जिद के समीप हुसैनी इमाम बाड़ा से चौथी का जुलूस बड़े ही गमगीन माहौल में निकाला गया।अलम व जुलजनाह की जियारत करने अकीदतमंद उमड़ पड़े। अंजुमन जाफरिया रजिस्टर मुस्तफा बाद,अंजुमन ज़ीनत इस्लाम,अंजुमन जाफरिया खादिम जुलजनाह आदि ने पुरदर्द नौहे पेश कर कर्बला की दास्तान को जीवंत किया।

## कटघर मूसा मे निकला सकुशल पाँचवी मोहर्रम का जुलूस

**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत का मकसद सिर्फ मानवता को बचाना था। इमाम हुसैन ने यजीद से जंग नहीं की, बल्कि इस्लाम के सच्चे संदेश को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में जान कुर्बान कर दी। इमाम हुसैन ने अपने नाना हजरत मोहम्मद (स.अ) के दिखाए रास्ते पर चलकर इस्लाम को बचाया।

उक्त बातें मौलाना सैयद हैदर अब्बास ने कही। वह मंगलवार को कटघर मूसा में दिवंगत सैयद अलमदार हुसैन के अजाखाने में सैयद नैय्यर अब्बास की तरफ से 5 मोहर्रम की आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए कर्बला के शहीदों को याद किया और उनके बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का संदेश आज भी प्रासंगिक है । मौलाना अब्बास ने आगे बताया कि यजीद और यजीद के लश्कर वाले सच्चाई को खत्म करना चाहते थे और हर तरफ की बुराई फैलाना चाह रहे थे लेकिन इमाम हुसैन ने कहा कि उनके रहते उनके नाना का दीन इस्लाम और पैगाम खत्म नहीं होगा।

# मौलाना महफूज़ हुज्जत ने की बारगाह हुसैनी जमोतिया सादात में तक़रीर



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमौतिया सादात में स्थित बारगाह हुसैनी में चल रहे अशरे की मजलिस को मौलाना महफूज़ हुज्जत खिताब किया।

मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन के अज़मत का अंदाजा आप इससे लगा सकते है कि इस फर्श अज़ा पे कोई भी बड़ा छोटा नहीं होता कोई अमीर गरीब नहीं होता यहां पर जो भी आता हैं वह सब बराबर होता हैं। मौलाना ने आगे कहा अल्लाह ने जब सभी इंसानों को बनाया तो इंसानों में कोई अमीर कोई गरीब नहीं था यही बात इमाम हुसैन अस के फर्श पर भी देखने को मिलती है कि यहां पर न तो कोई बड़ा होता हैं और न कोई छोटा।

अंत मे मौलाना ने इमाम हुसैन अस के मसाएब बयान किया जिस पर सभी लोग फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस से पूर्व दबीर हैदर व उनके हमनवा ने मारिया के फ़रायज़ को अंजाम दिया। ततपश्चात शिबू अब्बास अली अब्बास जर्रार मौलाई ने सलाम पेश किया। इस दौरान शम्मू रिज़्वी, गुलाम अब्बास, जफर अब्बास, वफादार हुसैन, अज़ादर हुसैन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मनाया गया जन्मदिन




अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्म दिवस समारोह समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाया गया तथा जिला अस्पताल में फल वितरण एवं रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान किया गया।

सपा नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की गई और 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया गया ! कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय पासवान प्रदेश सचिव बेचई यादव विभा शुक्ला प्रदेश सचिव राममिलन भारती प्रदेश सचिव प्रदीप पथरकत मोहम्मद जमील सिद्दीकी मोहम्मद इदरीश पटवारी डॉ धीरेंद्र यादव अब्दुल कलाम सिद्दीकी पारसनाथ विश्वकर्मा सोनू यादव श्रीमती रिंटू पासवान शैलेंद्र शर्मा रामसेवक लोधी जेपी यादव सुनीता गोस्वामी बृजभान यादव चंद्रभान पहलवान घनश्याम जायसवाल विजय चौधरी धीरू यादव चंद्रजीत यादव चंद्रहास यादव राकेश यादव कृष्ण नात यादव राम शंकर मौर्य अशोक पांडे जोखन चौधरी अनूप यादव मिलेश यादव सुनील यादव पहलवान राजू चौधरी सतीश चौधरी चंचल रावत हरिराम यादव अखिलेश जायसवाल राधेश्याम यादव अंगद यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मरीजों के बीच फल एवं वृक्षारोपण कर मना सपा मुखिया का जन्मदिन



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन सपा नेता पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह के नेतृत्व में मरीजों के बीच फल एवं वृक्षारोपण कर मनाया गया।

फल वितरण के दौरान पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह ने कहा कि आज अपने नेता अखिलेश यादव जी के 52वें के अवसर पर मरीजों के बीच फल वितरण,पार्टी कार्यालय पर वृक्षारोपण एवं केक काटकर शोषित,पीड़ित एवं पीडीए जननायक अखिलेश यादव का जन्मदिन सामाजिक न्याय दिवस के रूप मे मनाकर आने वाले 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

जन्मदिन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, हरिनरायन यादव, रामू यादव, गुड्डू सिंह, डब्लू सिंह, हरिद्वार बाबा, हरिराम शर्मा, सूरज तिवारी, सोनू खान, विश्वजीत सिंह, आकाश गुप्ता समेत अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# फूल माला पहनाकर व टीका लगाकर बच्चों का किया गया स्वागत

- खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज ने पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय डुमरियागंज प्रथम में बच्चों का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** एक जुलाई को स्कूल खुलने के बाद परिषदीय विद्यालयों में फूल माला पहनाकर व टीका लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया। कुछ विद्यालयों में गुब्बारे और झंडिया, बैनर लगाकर उत्सव मनाते हुए बच्चों का स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालयों में मिष्ठान व मीठा खीर बनाकर बच्चों को खिलाया गया।

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय डुमरियागंज प्रथम पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज अशोक कुमार सिंह के द्वारा बच्चों को फूल देकर एवं टीका लगाकर स्वागत किया गया तथा प्रतिदिन विद्यालय आने और खूब मन लगा कर पढ़ने के लिए कहा गया तथा कक्षा 1,2,3 के बच्चों की जो किताबें आ गयी है उसे भी वितरित कर शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर धर्म राज दूबे प्रधानाध्यापक, नेहा दीक्षित सहायक अध्यापक, दिव्या सोनी, मलिक निकहत, संतोष कुमार, ज्योति यादव आदि उपस्थित रही। डुमरियागंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बेवा मुस्तफा, लोहरौली, कंपोजिट विद्यालय भारत भारी, अरनी, वासा, भवानीगंज, बैदौला बंजरहवा, तेनुहार नवीन, हटवा, देईपार आदि विद्यालयों में भी प्रोग्राम आयोजित कर बच्चों का स्वागत किया गया।

# विद्यालय खुलने पर डीएम ने बच्चों का किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ग्रीष्मावकाश के बाद परिषदीय विद्यालय के बच्चों के लिए विद्यालय खुलने पर जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर0 द्वारा विकास खंड उसका बाज़ार के प्राथमिक विद्यालय नंदाडीह में बच्चों को तिलक लगाकर एवं उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बच्चों को पुस्तक व अन्य सामग्री तथा चाकलेट का वितरण किया गया।

जिलाधिकारी ने अध्यापक को निर्देश दिया कि बच्चों का नामांकन बढ़ाये। नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति अवश्य होना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षक का दायित्व है। मिड-डे मील निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बनवाये।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला समन्यवक अमित कुमार शुक्ल, करुणा पति त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, अमित पाण्डेय, संदीप कुमार व सभी अध्यापक एवं बच्चें उपस्थित रहे।

## डॉ0 संतराज सिंह प्रोन्नति पाकर बने उपजिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शासन ने सोमवार को तहसील सदर तहसील में तैनात तहसीलदार डा0 संतराज सिंह को प्रोन्नति देकर उपजिलाधिकारी बनाया है।

डा0 संतराज सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को अपना योगदान आख्या प्रस्तुत की है।इनके प्रोन्नति पाने पर नायब तहसीलदार सदर विजय श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार उसका अमित सिंह, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, गयादीन मौर्य, अब्दुल गफ्फार, रामकरन गुप्ता, लल्लू प्रसाद, सुधीर श्रीवास्तव, यशोदा नन्द मिश्र आदि ने बधाई दी है।

# अध्यक्ष, ईओ ने झंडी दिखाकर की अभियान की शुरुआत



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को नगर पंचायत भारत भारी में शासन के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 के निर्देश के अनुपालन में संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 01 जुलाई 2025 से 31 जुलाई 2025 तक एवं 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। जिसके क्रम में मंगलवार को अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की गई।

इस दौरान सभासद अरविंद मिश्र, लिपिक विक्रम कुमार, उदयभान अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, करुणेश तिवारी, राम पुजारी, संजीव, दुर्गा पासवान, दिनेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल खुलने के पहले दिन स्कूलों में दिखी रौनक

अवधनामा संवाददाता




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ब्लांक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महादेवा मौलवी व छतहरी में मंगलवार को ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद पहले दिन विद्यालय खुलने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार ने विद्यालय में पहुंचने वाले बच्चों का टीका चंदन लगाकर व फूल माला पहनकर स्वागत किया।और खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य के साथ नामांकन बढ़ाने का निर्देश दिया।

विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा स्कूल खुलने के पहले दिन मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ मीठे पकवान भी बनवाए गए। जिसका स्वाद बच्चों ने लिया। इसी तरह शोहरतगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा, नीबी, मलगवा, कोइरीडीहा, इटवा भाट गनेशपुर, गौराबाजार, चिल्हिया, पल्टादेवी, पीएम श्री नीबी दोहनी, मकड़ौर, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय गड़ाकुल, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय चेतरा शेख, , पल्टा देवी, प्राथमिक विद्यालय गौल्हौरा महथा, लेदवा माफी,मड़वा, नहरी, गजहड़ा ,नरायनपुर, गौल्हौरा मुस्तहकम, मोहम्मदपुर, पीएमश्री विद्यालय छतहरा, परसोहिया नानकार, नकथर,मसीना, बगुलहवा आदि विद्यालयों में स्कूल खुलने के पहले दिन काफी रौनक रही। बच्चों में काफी उत्साह का माहौल रहा।

इस दौरान बीईओ संजय कुमार, मनोज यादव, प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार, अभय कुमार सिह, कृपा शंकर त्रिपाठी, तुलसीराम, मुस्तन शेरुल्लाह, अमरेश कुमार, गायत्री देवी, अली हसन, विजय बहादुर, अंजली वर्मा, प्रीती मिश्रा, प्राची त्रिपाठी, हाजरा खातून, सरिता यादव, राम किशुन गुप्ता, विनीता मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, संतोष कुमार चौधरी, अतिउल्लाह, रविन्दर गौड, राकेश कुमार राज, रामानंद पाण्डेय, पवन चौरसिया, मनमोहन, सिद्धार्थ, राकेश जायसवाल रेनू मद्धेशिया आदि लोग मौजूद रहें।

# प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल पहुंचने पर बच्चों का किया गया स्वागत




अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत गर्मी के अवकाश के बाद प्रथम जुलाई को प्राथमिक विद्यालय हरिवंशपुर के बच्चों के विद्यालय आगमन पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इसके साथ ही सर्व शिक्षा अभियान एवं संचारी रोग के प्रति जागरूकता अभियान के तहत हरिवंशपुर गांव में बच्चों के साथ रैली भी निकली गई और अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए भी कहा गया। संचारी रोग के बारे मे भी बताया गया की अपने अगल बगल साफ सफाई रखें ताकि बीमारी से बच सके।इस दौरान प्रधानाध्यापक राम शंकर पाण्डेय,स. अ. सोनम कुशवाहा, शिक्षामित्र जनार्दन प्रसाद, राधिका देवी, हेमानती, शकुंतला देवी, राजमती देवी आदि उपस्थित रहे।

## राजा काज़िम रज़ा मुत्वल्ली वक्फ की जानिब से वितरित की गयी चीनी




**टांडा अम्बेडकरनगर।** मोहर्रम के दौरान सबील ए हुसैन के तहत नगर के विभिन्न इमाम चौक के व्यवस्थापकों के लिये मुत्वल्ली वक्फ मोहम्मद रज़ा व नगर के मुख्य मोहर्रम आयोजक राजा काज़िम रज़ा नजमी भाई की जानिब से दर्जनों लोगों को निशुल्क चीनी का वितरण किया गया विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी इमाम चौक के लोगों को पांच पांच किलोग्राम चीनी का वितरण किया गया चीनी वितरण के दौरान कसीम अशरफ़ मुजीब अहमद सोनू सालिम आब्दी सैयद रिज़वान हुसैन अलीशान रेहान आसिफ आदि मौजूद रहे। इस दौरान नजमी भाई ने कहा यदि जो चौक के व्यवस्थापक यहाँ आज नहीं आ सके है किन्ही कारणवश ऐसे व्यक्ति कल आकर चीनी आकर ले सकते है।

# संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का शुभारंभ




अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल में सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र त्रिपाठी ने संचारी रोग और दस्तक अभियान की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, कृषि, सूचना, बाल विकास समेत कई विभाग मिलकर काम करेंगे।

11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा, जिसमें दस्त के मरीजों की पहचान, जांच, ओआरएस और जिंक की गोलियां बांटी जाएंगी। स्टॉप डायरिया अभियान भी साथ-साथ जारी रहेगा। फूड सेफ्टी और ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता की जांच भी होगी।

आशा और आंगनबाड़ी वर्कर घर-घर जाकर बुखार, टीबी, आईएलआई, कुपोषण और मच्छरजनित रोगों के मरीजों की सूची तैयार करेंगी। इस बार उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर और सांस के मरीजों की भी पहचान होगी और उनकी जानकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपडेट की जाएगी।

## डुमरियागंज के एसडीम बने राजेश कुमार

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील के नवागत उपजिलाधिकारी राजेश कुमार ने सोमवार को तहसील में पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया और तहसील का कार्य संभालने के बाद एसडीएम ने तहसील परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। शासन द्वारा 23 जून को 127 उपजिलाधिकारियों का तबादला किया गया था, जिसमें उपजिलाधिकारी डा. संजीव दीक्षित का तबादला सिद्धार्थनगर से कानपुर नगर कर दिया गया था। वहीं उनकी जगह लखीमपुर खीरी से आए उपजिलाधिकारी राजेश कुमार को डुमरियागंज का नया उपजिलाधिकारी बनाया गया है।

नए एसडीएम ने तहसील पहुंचकर सभी न्यायालययों और पटलों के कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि पीडित जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है।

# बसपा सरकार में किये गये कामों को जाकर जनता को बतायें : शमीम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती जी के चार बार की सरकार में किये गये जनकल्याणी कामों को गांव-गांव जाकर बसपा कार्यकर्ता जनता तक पहुंचाने का काम करें।

उक्त बातें शोहरतगढ विधानसभा के भैयसहवा चौराहा पर चौपाल दौरान बसपा पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के सपनों को साकार करने के लिए समतामूलक समाज की संस्थापना करने वाली सरकार बनाने के लिए में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना है शमीम ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है लूट डकैती आम बात है कानून नाम की कोई चीज नहीं है जनता पांचवीं बार बहन को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना लिया है कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष मुनीराम राजभर जगनारायन गौतम बसराज गौतम गंगा राम कल्लू प्रसाद मगनू चौहान रमेश कुमार जलनधर अवधराम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रक्षा मंत्री ने ठीक किया

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिल्कुल ठीक किया। ऐसे 'साझा बयान' पर हस्ताक्षर नहीं किए, जो चीन और पाकिस्तान के नापाक गठजोड़ का दस्तावेज था और आतंकवाद पर नजरिया एकतरफा था। 'सीमापार आतंकवाद' पर भारत के नजरिए को नकारा नहीं जा सकता। 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) किसी का निजी संगठन नहीं है। चीन, भारत, पाकिस्तान समेत 10 देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन था, लिहाजा सभी के सरोकार और खासकर आतंकवाद पर उनकी चिंताओं को 'साझा बयान' में शामिल किया जाना चाहिए था, लेकिन भारत के पहलगाम नरसंहार का उल्लेख तक नहीं किया गया। कश्मीर के उस खूबसूरत क्षेत्र में आतंकियों ने पर्यटकों का 'धर्म' पूछ और हिंदू होने पर गोली मार दी। इस तरह 26 मासूम, बेकसूर लोगों की हत्या कर दी गई। उसकी प्रतिक्रिया में भारत को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करना पड़ा, करीब 170 आतंकियों को ढेर किया गया और उनके अड्डों को 'मिट्टी-मलबा' कर दिया गया। यदि एससीओ आतंकवाद पर कुछ टिप्पणी करना चाहता था, आतंकवाद की निंदा करते हुए उसे खारिज करना चाहता था, तो 'साझा बयान' के दस्तावेज में 'पहलगाम नरसंहार' का जिक्र क्यों नहीं किया गया? यह दोगली रणनीति लगती है। यहीं चीन और पाकिस्तान की आतंकवाद पर नीयत और दृष्टि साफ हो जाती है, लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कलम नीचे रखनी पड़ी और उन्होंने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। नतीजतन रक्षा मंत्री सम्मेलन 'साझा बयान' के बिना ही सम्पन्न करना पड़ा। भारत के रक्षा मंत्री ने सीमापार आतंकवाद के पनाहगारों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने और उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाने की बात कही। उन्होंने आतंकवाद की प्रत्येक साजिश और हरकत को आपराधिक और अनुचित करार दिया। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद सरीखे मुद्दों पर साझा रणनीति तय करना है। दस्तावेज में बलूचिस्तान की कथित आतंकी गतिविधियों, जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर आतंकी हमले, को शामिल किया गया, लेकिन पहलगाम नरसंहार को नजरअंदाज किया गया। भारत को यह स्वीकार्य नहीं था। दुनिया पाकिस्तान के आतंकी रिकॉर्ड को अच्छी तरह जानती है।

बलूचिस्तान पाकिस्तान का ही हिस्सा है। बलूच आर्मी के लड़ाके, हुकूमत के खिलाफ, विद्रोह कर रहे हैं, लेकिन उसे भारत द्वारा प्रायोजित आतंकवाद करार देना खोखला आरोप है। ऐसे संगठन के विमर्श का मजाक उड़ाना है। चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी पाकपरस्त आतंकियों को बचाता रहा है। यदि वह नापाक गठजोड़ एससीओ में भी जारी रहा है, तो साफ मायने हैं कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन अपने घोषित मकसद से भटक रहे हैं। क्या चीन के लिए आतंकवाद एक 'स्वायत्त शब्द' है अथवा वह भी आतंकवाद पर गंभीर देश है? एससीओ का रक्षा मंत्री सम्मेलन ऐसा पहला अवसर था, जब आतंकवाद पर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा किया जा सकता था। हालांकि इसकी उम्मीदें कम ही थीं, क्योंकि चीन पाकिस्तान की पीठ थपथपाता रहा है। एससीओ में भी यही हुआ। भारत जिस आतंकवाद से संत्रस्त रहा है, उसका केंद्र पाकिस्तान ही है और पाकिस्तान का सदाबहार मित्र चीन है। फिर चीन पाकिस्तान की गर्दन पर पांव रख कर आगे नहीं बढ़ सकता था, जबकि भारत चीन के साथ भी वैश्विक प्रगति के लिए कदम बढ़ाता रहा है। दरअसल चीन पाकिस्तान की हकीकत नहीं देखना चाहता। हकीकत न देखने की गलती पाकिस्तान ने भी की थी, लिहाजा आज वह कर्ज, गरीबी, भुखमरी, महंगाई की जकड़न में है। आतंकवाद का समर्थन करते हुए यह देश अन्य देशों की दया पर आश्रित होता जा रहा है। भारत का रुख सही है। आज की गलाकाट प्रतियोगिता के दौर में भी भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देने में समर्थ है और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास रखता है। वहां आतंकवाद की कोई गुंजाइश नहीं है। वैश्विक तौर पर देखें, तो अमरीका, यूरोपीय देश और चीन आतंकवाद पर भारतीय नजरिए के प्रति संवेदनशील नहीं हैं, लेकिन जब अमरीका में 9/11 आतंकी हमला किया गया था, तब भारत को ही याद किया था कि इस आतंकवाद से कैसे निपटें! रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' का पक्षधर देश है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ खुद का बचाव करने का भारत का अधिकार भी शामिल है।

## मेक अमेरिका ग्रेट अगेन : युद्ध विराम की आड़ में खोखले अमेरिकी प्रभुत्व का विस्तार

आदित्य वर्मा

2025 में जब एक ओर भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर घर्षण ने युद्ध की शक्ल ले ली और दूसरी ओर ईरान और इज़राइल के बीच गहराते टकराव ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया, तब एक देश–संयुक्त राज्य अमेरिका–फिर से सीज़फायर की मध्यस्थता के नाम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे पहले सामने आया। यह दृश्य कोई नया नहीं है; अमेरिका बीते कई दशकों से हर क्षेत्रीय या वैश्विक संघर्ष में एक नियंता, मध्यस्थ और 'शांति-स्थापक' के रूप में खुद को प्रस्तुत करता आया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह भूमिका वास्तव में वैश्विक स्थिरता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का संकेत है, या फिर ÷मेक अमेरिका ग्रेट अगेन÷ के रणनीतिक मंसूबों का विस्तार है, जिसमें हर युद्ध अमेरिका के लिए एक अवसर है-अपनी शक्ति, नीति और नैतिकता को जबरन स्वीकार करवाने का? आज जब भारत-पाक युद्ध को लेकर अमेरिकी विदेश मंत्रालय बार-बार तत्काल युद्धविराम की अपील करता दिखता है और ईरान-इज़राइल संघर्ष में अमेरिका खुलकर इज़राइल के पक्ष में होते हुए भी सीज़फायर का संदेश देता है, तो यह समझना ज़रूरी हो जाता है कि क्या अमेरिका की कूटनीति निष्पक्ष है या हितसाधक? हर बार युद्ध में आग बुझाने की भूमिका निभाने वाला अमेरिका दरअसल वैश्विक भू-राजनीति में अपने खोते प्रभुत्व को फिर से स्थापित करने की कोशिश करता है, ताकि एक तरफ वह अपने रक्षा उद्योग को बढ़ावा दे सके, दूसरी तरफ शांति की छाया में 'पॉवर प्रोजेक्शन' के हथियारों से अपने भू-राजनीतिक प्रभाव क्षेत्रों को पुनः प्राप्त कर सके। अमेरिका का यह दोहरा चरित्र विशेष रूप से तब उजागर होता है जब वह भारत-पाक जैसे संघर्षों में कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने की बात करता है, जबकि हथियारों की आपूर्ति और रणनीतिक दबाव के ज़रिए एक पक्ष को लाभ पहुंचाने में संकोच नहीं करता। 2025 के भारत-पाक संघर्ष में अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र में युद्धविराम प्रस्ताव लाना और उसी समय पाकिस्तान को आपात सैन्य सहायता का संकेत देना इस 'तटस्थता' के खोखलेपन को स्पष्ट करता है। यही खेल ईरान और इज़राइल के संदर्भ में और भी स्पष्ट हो जाता है, जहाँ अमेरिका एक ओर इज़राइल को लगातार सैन्य सहयोग देता है और दूसरी ओर ईरान से संयम की अपेक्षा करता है, लेकिन फिर भी शांति के नाम पर खुद को तटस्थ मध्यस्थ के रूप में चित्रित करता है। क्या यह दोहरा मापदंड उस अमेरिकी नैतिकता का हिस्सा है, जो 'शांति' की बात करते हुए दरअसल 'शर्तों वाली शांति' लादना चाहती है? अमेरिकी थिंक टैंक्स और रणनीतिक दस्तावेज़ स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि शांति की पहल सिर्फ एक औजार है जिसके माध्यम से अमेरिका अपने वैचारिक और सैन्य प्रभाव को विस्तारित करता है। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की नीति सिर्फ घरेलू अमेरिकी राजनीति नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय विज़न है जो प्रत्येक संघर्ष को एक अवसर की तरह देखता है-नैतिक श्रेष्ठता, कूटनीतिक नियंत्रण और आर्थिक हितों को सुरक्षित करने के लिए। 2025 के घटनाक्रमों में अमेरिका की भूमिका केवल मध्यस्थता तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह सुरक्षा परिषद में प्रस्तावों के माध्यम से, नाटो के ज़रिए दबाव निर्माण करके, और अपने मीडिया एवं थिंक टैंक नेटवर्क द्वारा नैरेटिव गढ़कर एक बार फिर यह सन्देश देने में सफल रहा कि अमेरिका ही वह शक्ति है जो युद्ध रोक सकता है–भले ही वह युद्ध की शुरुआत में कहीं न कहीं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहा हो। इस स्थिति में वैश्विक समुदाय को यह प्रश्न करना चाहिए कि क्या युद्धविराम की अमेरिकी पहल वास्तव में मानवता की रक्षा है या 'ग्लोबल पावर आर्किटेक्चर' का पुनः लेखन?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**यह पुनरुत्थान नहीं है। यह पुनर्जागरण है। 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए नींव को कंक्रीट और इस्पात से आगे ले जाना होगा। उन्हें समुदायों, आजीविका और सांस्कृतिक निरंतरता पर आधारित होना चाहिए। वस्त्र क्षेत्र की तुलना में इस दृष्टिकोण को कहीं और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस नहीं किया गया है। 4.6 करोड़ लोगों के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, यह एक उद्योग से अधिक है। यह कौशल, पहचान और अवसरों का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है।**

# प्रगति का आधार - नवाचार, समावेश और पहचान का एक दशक

हम वस्त्रों की बात अक्सर व्यापार की भाषा जैसे निर्यात, घाटा और अधिशेष के रूप में करते हैं। लेकिन यह संकीर्ण दृष्टिकोण उस पैमाने से चूक जाता है जो वास्तव में काम कर रहा है। भारत के वस्त्र क्षेत्र की ताकत केवल उसके विदेशी शिपमेंट में ही नहीं है। यह कहीं ज़्यादा स्थायी चीजों में निहित है। बढ़ती जनसंख्या, एक ऐसा घरेलू ईंजन है जो धीमे होने से इनकार करता है


गिरिराज सिंह

और यह विरासत और नवाचार दोनों के उभरते हुए स्वभाव को दर्शाता है। यह 143 करोड़ भारतीयों द्वारा संचालित है जो अपने पहनावे, अपने घरों और अपनी परंपराओं में आराम, पहचान और आकांक्षा बनाए रखते हैं।

इस क्रांति का प्रसारण नहीं किया गया। इसे बुना गया। जहां दुनिया डिजिटल सफलताओं और बुनियादी ढांचे में तेजी को ट्रैक कर रही थी, वहीं भारत के करघों पर कुछ शांत और गहरा सामने आ रहा था। जिस को कभी विरासत उद्योग के रूप में खारिज कर दिया गया था आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसे लचीलेपन, नवाचार और गौरव की शक्ति में बदल दिया गया है। भागलपुर के चमकते रेशम से लेकर पानीपत के पुनर्चक्रित धागों तक, परिवर्तन धीर, स्थिर और स्थायी है। यह पुनरुत्थान नहीं है। यह पुनर्जागरण है। 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए नींव को कंक्रीट और इस्पात से आगे ले जाना होगा। उन्हें समुदायों, आजीविका और सांस्कृतिक निरंतरता पर आधारित होना चाहिए। वस्त्र क्षेत्र की तुलना में इस दृष्टिकोण को कहीं और अधिक स्पष्ट रूप से महसूस नहीं किया गया है। 4.6 करोड़ लोगों के साथ दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता होने के नाते, यह एक उद्योग से अधिक है। यह कौशल, पहचान और अवसरों का जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है। कभी पिछड़ा समझे जाने वाला यह उद्योग धीरे-धीरे आधुनिक आर्थिक इंजन में बदल गया है। अब पारंपरिक बुनाई वैश्विक बाजारों में प्रवेश कर रही है, जबकि तकनीकी वस्त्र एयरोस्पेस और कृषि में अपनी पैठ बना रहे हैं। और जमीनी स्तर पर, प्रत्येक करघा और चरखा गरिमा, नवीनीकरण और शांत शक्ति की गहरी कहानी दर्शाता है।



**आंकड़े जो बताते हैं एक कहानी :** जब हमारी सरकार ने 2014 में कार्यभार ग्रहण किया था, तो भारत का वस्त्र क्षेत्र विरासत में निहित एक ऐसे चौराहे पर खड़ा था जो वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में दिशाहीन था। कभी ठहराव से चिह्नित, वस्त्र क्षेत्र के पैमाने और संरचना को समर्थ के तहत लक्षित कौशल, कपास उत्पादकता मिशन, पीएलआई योजना और पीएम मित्र पार्क के जरिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के मिशन के रूप में नए युग के निवेश के माध्यम से फिर से बुना गया है। भारत के वस्त्र क्षेत्र में रोजगार 2014 में 3 करोड़ से तेजी से बढ़कर आज 4.6 करोड़ हो गया है, जिससे कुशल और अकुशल श्रम को अवशोषित करने के अवसर और क्षमता दोनों में मजबूत विस्तार हुआ है। घरेलू मांग में वृद्धि और उत्पादन की तेजी से प्रेरित होकर बाजार का आकार 112 बिलियन डॉलर से बढ़कर 176 बिलियन डॉलर हो गया है। परिधान निर्यात लंबे समय से इस क्षेत्र की आधारशिला है, वह 14 बिलियन डॉलर से बढ़कर 18 बिलियन डॉलर हो गया है, जो मूल्यवर्धित उत्पादन में लगातार लाभ को दर्शाता है। काफी समय से लंबित भारत-यूके एफटीए को आखिरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अंतिम रूप दिया गया है। यह भारत के श्रम-प्रधान वस्त्र क्षेत्र के लिए विनिर्माण और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र के रूप में राष्ट्र के उत्थान के लिए द्वार खोलकर निर्णायक बढ़त का वादा करता है। लेकिन ये मात्र आंकड़े नहीं हैं बल्कि उससे कहीं बढ़कर हैं। वे एक रणनीतिक रीसेट का संकेत देते हैं। अस्थायी उपायों से दीर्घकालिक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए, हमारी सरकार ने मानव निर्मित रेशों, नए युग के रेशों और तकनीकी वस्त्रों को अपनाने के लिए उद्योग के दायरे को उसके कॉटन कोर से आगे बढ़ाया है। जिन क्षेत्रों को कभी अनदेखा किया गया था, वे अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं। यह विजन अब केवल घरेलू धागों तक सीमित नहीं है। यह भारत के वस्त्रों को लचीलेपन, कौशल और स्थिरता के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने पर आधारित है। यह परिवर्तन संयोग से नहीं हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रित शासन, साहसिक सुधारों और अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**कपास के खेतों से कार्बन फाइबर तक विस्तार :** भारत की वस्त्र गाथा आज पारंपरिक धागों से कहीं आगे है, जो कपास के खेतों से लेकर कार्बन फाइबर तक, हथकरघा से लेकर उच्च निष्पादन वाले तकनीकी वस्त्रों तक फैली हुई है। जमीनी स्तर पर, सरकार ने प्राकृतिक रेशों को अभूतपूर्व सहायता प्रदान की है। कपास उत्पादकता के लिए नए मिशन के साथ, भारत का लक्ष्य 2030 तक कपास उत्पादन को 5.70 से 7.70 एमएमटी और उत्पादकता को 439 से 612 किलोग्राम/हेक्टेयर तक बढ़ाना है। वर्तमान में, कपास वैश्विक कपास निर्यात बाजार का 3.16 प्रतिशत और कस्तूरी कपास का सिर्फ़ 1 प्रतिशत हिस्सा है। कपास उत्पादकता मिशन के तहत, हमारा लक्ष्य 2030 तक इसे प्रीमियम वैश्विक कपास निर्यात का 10 प्रतिशत बनाना है। पिछले 11 वर्षों में भारतीय कपास निगम द्वारा कपास की खरीद में 338 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मध्यम और लंबे रेशे वाले कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दोगुने से अधिक हो गए हैं, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। रेशम उत्पादन में 58 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यहां तक कि जूट, जो कभी एक घटता हुआ खंड था, उसमें भी नई गति देखी गई है। जूट निर्यात 2014 में ?1,470 करोड़ से दोगुना होकर 2024 में ?3,000 करोड़ से अधिक हो गया है, जो विविधिकृत जूट उत्पादों की मांग में वृद्धि के कारण है, जिनका निर्यात एक दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है।

जैसे-जैसे भारत प्राकृतिक रेशों के क्षेत्र में अपनी जड़ें मजबूत करता है, भविष्य के लिए वह निर्णायक हो रहा है। 10,683 करोड़ रुपये के परिव्यय और 3 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन के साथ उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना ने भारत को पीपी. किटों के वैश्विक उत्पादक के रूप में स्थापित करने में मदद की है। तकनीकी वस्त्र बाजार, जो कभी निर्यात में लगभग अस्तित्वहीन और मामूली स्तर पर था, 2025 में अनुमानित 26 बिलियन डॉलर तक बढ़ गया है। नगण्य निर्यात से, भारत ने अब आउटबाउंड व्यापार में 3 बिलियन डॉलर दर्ज किया है। एग्रोटेक और मेडिटेक से, भारत इस उच्च-मूल्य, नवाचार-संचालित क्षेत्र में खुद को एक उभरते वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करके तकनीकी वस्त्रों के सभी बारह क्षेत्रों में निर्णायक प्रगति कर रहा है।

# पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

**2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है।**

दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानवजाती के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित करके नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करके उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना यह है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुनः प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है।

संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है। ईएमएफ 2016 अनुसार, साल 2050 तक, समुद्र में मछलियों से ज़्यादा प्लास्टिक हो सकता है। यूके सरकार 2018 अनुसार, हर साल समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण से 100,000 से अधिक समुद्री स्तनधारी और दस लाख समुद्री पक्षी मारे जाते है। सभी समुद्री कूड़े में प्लास्टिक 80 प्रतिशत है। प्लास्टिक हजार साल तक नष्ट न होनेवाला अपशिष्ट है, 1950 से अब तक दुनिया भर में 9.2 बिलियन टन से ज़्यादा प्लास्टिक का उत्पादन हुआ है, जिसमें से लगभग 7 बिलियन टन कचरे के रूप में गया है। स्टेटिस्टा

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस



दर्शाता है कि, पिछले चार दशकों में वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में सात गुना वृद्धि हुई है। एशिया वह क्षेत्र है जो सबसे अधिक अप्रबंधित प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो वैश्विक कुल का 65 प्रतिशत है।

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पिने के पानी और हमारे द्वारा साँस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं, और हाल ही में किए गए एक अध्ययन में नवजात शिशुओं के प्लेसेंटा में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। प्लास्टिक से निकलनेवाले कम से कम 4,219 रसायन चिंता का विषय है। समुद्र में 24 ट्रिलियन माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े होने के कारण, समुद्री जीव अक्सर प्लास्टिक निगल लेते हैं। जब समुद्री जलचर को मनुष्य खाते हैं, तो वह प्लास्टिक मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि औसत व्यक्ति हर साल समुद्री भोजन से लगभग 53,864 माइक्रोप्लास्टिक कण खाता है।

भारत में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत बढ़कर प्रति वर्ष अनुमानित 11 किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार बढ़ेगी। हर साल 5.8 मिलियन टन से अधिक कचरे को जला दिया जाता है, जिससे हवा में डाइऑक्सिन जैसे अनेक घातक प्रदूषक फैलते है और ये श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनते है, साथ ही कैंसर के जोखिम को बढ़ाते है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अनुसार, 2030 तक बिना एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे से भारत को भौतिक मूल्य में 133 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि भारत प्लास्टिक प्रदूषण में दुनिया का सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन गया है, जो कुल वैश्विक प्लास्टिक कचरे का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत में प्रतिवर्ष 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण प्रदूषण के मामले में दुनिया के किसी भी अन्य क्षेत्र से अधिक है। भारत की आधिकारिक अपशिष्ट संग्रहण दर 95 फीसदी है, जबकि शोध से पता चलता है कि वास्तविक दर लगभग 81 फीसदी है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में दैनिक प्लास्टिक कचरे का केवल 8-10 प्रतिशत ही पुनर्चक्रित किया जाता है, बाकी को जला दिया जाता है या लैंडफिल और जलमार्गों में फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक बैग पशु मृत्यु को बढ़ावा देता है, यह बायोडिग्रेडेबल नहीं होते, प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बनाए जाते है, इसके निर्माण के दौरान जहरीले रसायन निकलते है। प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते है। प्लास्टिक बैग के बड़े जमाव से अक्सर जल निकासी व्यवस्था अवरुद्ध हो जाती है। प्लास्टिक बैग बच्चों को फेफड़ों की जटिलताओं के जोखिम बढ़ाते है और महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते है, साथ ही प्लास्टिक पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्लास्टिक बैग भूजल को प्रदूषित करते है, प्लास्टिक प्रदूषण प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। प्लास्टिक बैग के उत्पादन में बहुत अधिक पानी का उपयोग किया जाता है। अनभिज्ञता या लापरवाही कहें, लोग अक्सर गर्म खाद्यपदार्थों की पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग सहजता से करते है। हम अपने आसपास देखते है कि गर्म पेय, चाय, कॉफी भी छोटी-छोटी कैरीबैग में लेकर जाते है। होटल, रेस्टॉरेंट या सड़कों पर गर्मागर्म स्ट्रीट फ़ूड, नाश्ता, खाना भी प्लास्टिक प्लेट में खाते है या प्लास्टिक कैरीबैग में पार्सल के तौर पर उपयोग करते है, जो सेहत के लिए काफी घातक होता है। प्लास्टिक बैग में गर्म खाद्यपदार्थ या अन्न सामग्री का उपयोग जहर के समान है, क्योंकि गर्म खाद्यपदार्थ प्लास्टिक के संपर्क में आते ही रासायनिक प्रक्रिया शुरू करते है।

# क्या नरसंहार की इबारत लिखने वाले देश तय करेंगे कि परमाणु शस्त्र कौन रखे?

**अब ज़रा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक़ में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा हो सकते हैं। यह दावा ख़ुफ़िया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी ख़ुफ़िया जानकारी को बहाना बनाकर अमेरिका ने ऑपरेशन इराक़ी फ़्रीडम के नाम से इराक़ पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक़ को तबाह कर के छोड़ा।**

इस्राईल -ईरान के बीच छिड़े आधुनिक युद्ध ने पूरे विश्व को स्तब्ध व चिंतित कर दिया है। इस्राईल गत कई वर्षों से ईरान को युद्ध में खींचने की पूरी कोशिश कर रहा था परन्तु ईरान सीधे युद्ध में कूदने से बचता आ रहा था। परन्तु गत 13 जून को इस्राईल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला कर दिया। इस हमले के कुछ ही समय बाद इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने एक


तनवीर जाफ़री

टी वी प्रसारण में इस हमले को उचित ठहराते हुये ईरान पर परमाणु बम बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और अपनी चिंता दोहराई कि ईरान का परमाणु बम इस्राईल को नष्ट कर सकता है। इस्राईल ने ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक और शीर्ष सेना कमांडर भी मार दिये। इस्राईल ने 13 जून को ईरान पर हमला उस समय किया जबकि दो दिन बाद ही यानी 15 जून को ईरान और अमरीका के मध्य परमाणु समझौता होने की तारीख़ तय थी और यह समझौता किसी निष्कर्ष पर पहुँचने की उम्मीद भी की जा रही थी। परन्तु इस्राईल ने समझौते के पहले ही हमला कर ईरान को बड़ा धोका दे दिया। इस्राईली हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह कहकर सबको चौंका दिया कि उन्हें इस हमले की पहले से जानकारी थी और इस हमले में कई ईरानी कट्टरपंथी (परमाणु वार्ताकार ) मारे गए हैं। उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वह समझौता नहीं करता, तो और बड़े हमले झेलने पड़ सकते हैं। यही नहीं बल्कि ट्रंप ने इस्राईल की पीठ थपथपाते हुये इस्राईली हमलों को ÷शानदार÷ बताया और कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की इच्छा छोड़नी होगी। साथ ही ट्रंप ने अमेरिका को इस्राईल का सबसे बड़ा सहयोगी भी बताया। साफ़ है ईरान पर इस्राईल द्वारा धोखे से किये गये इस हमले का अमेरिका भी बराबर का साझीदार है। अब ज़रा 2003 के उस दौर को भी याद कीजिये जब इराक़ में सद्दाम हुसैन के शासनकाल में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश प्रशासन, ने यह दावा किया था कि सद्दाम हुसैन के पास रासायनिक, जैविक और संभवतः परमाणु हथियार भी हैं जो वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा हो सकते हैं। यह दावा ख़ुफ़िया जानकारी पर आधारित बताया गया था। इसी ख़ुफ़िया जानकारी को बहाना बनाकर अमेरिका ने ऑपरेशन इराक़ी फ़्रीडम के नाम से इराक़ पर बड़ी सैन्य कार्रवाई की और इराक़ को तबाह कर के छोड़ा। यहाँ तक कि स्थानीय अदालत का गठन कर सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक़ में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रासायनिक, जैविक और सामूहिक विनाश के हथियार होने की जानकारी ग़लत साबित हुई। वहां ऐसे हथियार होने के कोई सबूत नहीं मिले। जगज़ाहिर है कि अमेरिका द्वारा इराक़



पर सैन्य कार्रवाई वहां के तेल संसाधनों पर नियंत्रण और मध्य पूर्व में अमेरीकी सामरिक प्रभाव बढ़ाने की इच्छा के तहत की गयी । इराक़ की तबाही व सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिका ने यह तर्क भी दिया था कि सद्दाम हुसैन का तानाशाही शासन इराक़ी जनता और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए हानिकारक था। बहरहाल आज वही अमेरिका जिसने केवल इराक़ ही तबाह करने की कोशिश नहीं की बल्कि वह जापान पर 6 और 9 अगस्त 1945 को परमाणु बम गिराने का भी गुनहगार है.वह अमेरिका जो कोरिया, ग्वाटेमाला, इंडोनेशिया, क्यूबा, कांगो, लाओस, वियतनाम, कंबोडिया, ग्रेनेडा, लेबनान, सीरिया, लीबिया, अल साल्वाडोर, निकारागुआ, ईरान (1987) पनामा, इराक़, कुवैत, सोमालिया, बोस्निया, सूडान, अफ़ग़ानिस्तान, योगोस्लाविया जैसे देशों पर हमले करने व वहां की सत्ता को अस्थिर करने का ज़िम्मेदार हो, क्या वह अमेरिका तय करेगा कि किस देश को परमाणु शस्त्र रखना चाहिए और किसे नहीं? या फिर फ़िलिस्तीन की ज़मीन पर अमेरिका ब्रिटेन की शह पर क़ब्ज़ा जमाये बैठा वह अवैध देश इस्राईल जिसपर ग़ज़ा में लगभग 82,000 लोगों को मारने व लगभग 20 लाख लोगों को बेघर कर क्षेत्र में मानवीय संकट खड़ा का आरोप है वह तय करेगा कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिए और किसे नहीं? जो देश स्वयं पूरे विश्व में अस्थिरता फैलाने,क्षेत्रीय संघर्ष भड़काने, शस्त्रों के व्यवसाय तथा तेल जैसी सम्पदा पर गिद्ध दृष्टि रखते हों पड़ोसी देशों में फूट डलवाकर युद्ध भड़काना ही जिनका वयवसाय बन चुका हो वह देश कैसे निर्धारित कर सकते हैं कि परमाणु शस्त्र किसे रखना चाहिये किसे नहीं? आज विश्व में जिनदेशों के पास परमाणु शस्त्र हैं उनमें सबसे बड़ा ज़ख़ीरा संयुक्त राज्य अमेरिका के पास है। इसके अतिरिक्त रूस, चीन, फ़्रांस, यूके (ब्रिटेन), इस्राईल,उत्तर कोरिया, भारत व पाकिस्तान जैसे देश भी परमाणु शस्त्र धारक देशों में गिने जाते हैं। बावजूद इसके कि ईरान अभी तक यह कहता आया है कि उसके द्वारा किया जा रहा परमाणु संवर्धन उसकी ऊर्जा सम्बन्धी ज़रूरतों को पूरा करने जैसे शांतिपूर्ण कार्यों के लिये है। फिर भी यह क्यों ज़रूरी नहीं कि मानवता का सबसे बड़ा हत्यारा देश इज़राईल जो भूखे, निहत्थे बच्चों व बुज़ुर्गों औरतों का लगातार नरसंहार करता आ रहा,जो अपनी सैन्य शक्ति और अमेरिका की शह के बल पर अपने क़ब्ज़े की ज़मीन का लगातार विस्तार करता जा रहा हो जो उसे पनाह देने वाले देश फ़िलिस्तीन के लोगों को ही उनकी मातृभूमि से बेदख़ल करने की साज़िश रच रहा हो,जो अमरीका के इशारे पर पूरे मध्य एशिया में फूट डालने वाली राजनीति कर रहा हो आख़िर क्षेत्रीय संतुलन बनाने के लिये उसके सामने ईरान जैसे देश का डटकर खड़ा होना ज़रूरी क्यों नहीं? क्या इस पूरे मध्य क्षेत्र को अमेरिका इस्राईल के रहमो-करम पर जीने के लिये छोड़ देना चाहिये? ताकि जब चाहें और जिस देश को चाहें ग़ज़ा,यमन व लेबनान बना सकें?

निश्चित रूप से युद्ध से बुरी कोई स्थिति नहीं होती। हमेशा इस त्रासदी का शिकार बेक़ुसूर महिलाएं,बच्चे व बुज़ुर्ग होते आये हैं। युद्ध से मानवता आहात होती है। सही मायने में तो पूरे विश्व को ही न केवल परमाणु शस्त्र मुक्त बल्कि पूरा विश्व निःशस्त्र भी होना चाहिये। परन्तु अमेरिका इज़राईल जैसे देशों द्वारा जब अपनी ताक़त का दुरूपयोग दशकों से किया जाता रहा हो और यह सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा हो ऐसे में इन्हें वाक ओवर देने के बजाये इनके सामने अपने स्वाभिमान के लिये संकल्पबद्ध होकर खड़े होना कौन सा जुर्म है? अमेरिका व इस्राईल के सामने ईरान के सिर उठाकर खड़े होने जैसे फ़ौलादी इरादों की आज दुनिया सराहना कर रही है।

# मौके पर ही पात्रों की बनवाई पेंशन

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने आज कुल 109 शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

जन सुनवाई के दौरान मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के जन सुनवाई के दौरान ही आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। आज कुल 03 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बने। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही 130 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। मौके पर ही कई पात्रों के राशन कार्ड बनवाये गए।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बटवारे, अविवादित वरासत, पैमाइश आदि से सम्बंधित आवेदनों को



**■ बोले, भूमि विवाद के प्रकरण में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करे**

अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। भूमि विवाद के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। थाकबंदी के मामलों में अनावश्यक देरी न की जाये। भूमि विवाद के प्रकरण में राजस्व व पुलिस की टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करे। सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जाये। आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के आवेदनों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित किया जाये। बालक राम नाम के एक व्यक्ति की मौके पर ही वृद्धावस्था पेंशन बनवायी गयी। कांती नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, को निराश्रित महिला पेंशन का लाभ दिलाया गया तथा उनके दोनों बच्चों को बाल सेवा योजना से आच्छादित कराया गया। उपासना नाम की एक महिला को राशन कार्ड दिलाया गया। तारावती नाम की एक महिला को निराश्रित महिला पेंशन योजना से आच्छादित कराया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया देवस्थान का शिलान्यास व भूमि पूजन

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता चौम्बर्स के मध्य स्थित ब्रह्म देव देवस्थान के जीर्णोद्धार का शिलान्यास व भूमि पूजन किया। पुरोहित ने मंत्रोच्चार के बीच पूरी प्रक्रिया संपन्न करायी।

■ भूमि पूजन के दौरान जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने हवन में आहुति दी। जिलाधिकारी ने 5 ईंटें नीव में रखकर देवस्थान का औपचारिक शिलान्यास किया। देवस्थान का जीर्णोद्धार सभी के सामूहिक सहयोग से कराया जा रहा है। जीर्णोद्धार की मांग अधिवक्ता गणों की ओर से लंबे समय से की जा रही थी। आज के भूमि पूजन व शिलान्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अन्य संबंधित अधिकारी व बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## दलित बस्ती में जल भराव और गन्दगी को लेकर, नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा नगर निगम वार्ड नंबर 16 में अनुसूचित जाति की आबादी में साल भर से ज्यादा समय से अनावश्यक जल भराव से मुक्ति हेतु एवं जल निकासीहेतु नगर निगम प्रशासन द्वारा मार्ग के निर्माण एवं नदी निर्माण के प्रस्ताव पास होने के बाद निविदा प्रक्रिया में लापरवाही के खिलाफ शिकायती पत्र अध्यक्ष ललुकेश कुमार राही के नेतृत्व में नगर आयुक्त मथुरा के नाम सोपा गया।

इस मौके पर लुकेश कुमार राही ने बताया की वार्ड नंबर 16 बाकलपुर मथुरा में बरसों से जल भराव है जिसके कारण बच्चों को स्कूल जाने बुजुर्गों को आने जाने एवं दैनिक जनजीवन प्रभावित होता है साथ ही संचारी रोग संक्रमण रूप का मौसम है उपरोक्त गली के निर्माण की प्रक्रिया संपूर्ण हो चुकी है इसके बावजूद प्रशासन की लापरवाही के कारण उपरोक्त निविदा उठाई नहीं गई है शीघ्र ही समस्या के निस्तारण किया जाए।

# डाक्टर ही बदल सकता है मरीज की मानसिकता : किशन चौधरी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेज के सभी डॉक्टर व पीजी डाक्टरों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर विवि के कुलाधिपति व जिला पंचायत अध्यक्ष मथुरा किशन चौधरी ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा इस धरती पर भगवान के बाद अगर दूसरा स्थान किसी का है तो वह डॉक्टर का ही है, डाक्टर ही एक मरीज की मानसिकता को बदल सकता है, इसलिए आप सभी डाक्टर्स अपने अच्छे व्यवहार से पेसेंट की बीमारी में सुधार ला सकते है। एक डाक्टर 15 साल तक पढ़ाई से सीखता है और जिंदगी भर तक सीखता ही रहता है, जिसने सीखना बंद कर दिया उसे बुढापा आ जाता है। आज का दिन गौरव का दिन है, जिसकी देशभर के समस्त डाक्टरों और आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।

मेडीकल कालेज के प्राचार्य डा. पीएन

**■ राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर केएम विवि के कुलाधिपति ने किया डाक्टरों का सम्मान**

भिसे ने कहा पूरी दुनिया में डॉक्टर्स डे अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। जबकि भारत में 1 जुलाई को ही नेशनल डॉक्टर्स डे यानी राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। ये दिन विशेष रूप से डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है, जो न केवल एक प्रतिष्ठित चिकित्सक थे, बल्कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी रहे और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1 जुलाई 1882 में इंडिया के फेमस फिजीशियन डॉ. बिधान चंद्र राय का जन्म हुआ था। साथ ही साथ उनका निधन भी 1 जुलाई को ही 1962 में हुआ था। डॉ. बिधान चंद्र राय का मेडिकल फील्ड में अहम योगदान रहा है। उनके योगदान को सम्मान देने के लिए डाक्टरों का सम्मान किया जाता है। डाक्टरों का पेशा ही उनका सम्मान है। आपको भगवान का दर्जा दिया गया है इसलिए हर समय मरीज के लिए आपको तैयार रहना चाहिए। हर मरीज के लिए डाक्टर का खड़ा रहना ही डाक्टर्स पेशे का सम्मान है। रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह ने कहा मरीज के साथ अच्छा व्यवहार होता है तो मरीज ठीक होकर अपने डाक्टर को दुआ देता है, मरीज को स्वस्थ करने में डाक्टर्स की मेहनत होती है। इसी प्रकार से हास्पिटल के मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता, सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल ने सभी को नेशनल डाक्टर्स डे की बधाई देते हुए कहा आपके प्यार भरे बोल ही मरीज की आधी बीमारी दूर कर देता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, विवि के कुलसचिव डा. पूरन सिंह, एमएस डा. अभय सूद, एएमएस डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, डा. जेपी उपाध्याय, डा. यशपाल जिंदल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं मौजूद चिकित्सकों को गुलदस्ता एवं पटुका पहनाकर की।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य), खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मथुरा के निर्देशन एवं ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व मे जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु दिनांक 26 से दिनांक 30 जून 2025 तक अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। अभियान में धर्मेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा छाता क्षेत्र से खोआ बर्फी, अरहर दाल, बेसन का एक-एक नमूना व हल्दी पावडर, लाल मिर्च पावडर, दलिया, राजश्री पान मसाला, तानसेन पान मसाला, सोयाबीन रिफाइण्ड ऑयल, सूखा नारियल, सरसों का तेल, खाद्य

**■ दर्जन भर नमूने लिए**

तेल (कढ़ाई से), हल्दी पावडर, पोहा, चाय, गरम मसाला, पान मसाला व रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का एक-एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। जितेन्द्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गोवर्धन तहसील क्षेत्र से फोर्टिफाइड रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। मोहर सिंह कुशवाह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा डेम्पियर नगर से पनीर के तीन व सरसों का तेल, ड्राई फ्रूट मिक्सचर, रिफाइण्ड सोयाबीन तेल का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। भरत सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा राधा वाटिका मथुरा से मैंगो ड्रिंक का एक नमूना और कुंज नगर, मथुरा से चावल का एक नमूना व लाल मिर्च पावडर, रिफाइण्ड सोयाबीन तेल, अरहर दाल, बेसन का एक-एक सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया।

## अमेरिकी छात्र दल का लखनऊ आगमन चार जुलाई को

**लखनऊ।** अमेरिका के मोन्टेना राज्य का दस-सदस्यीय छात्र दल शैक्षिक व साँस्कृतिक एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत आगामी 4 जुलाई को सिटी मोन्टेसरी स्कूल की शैक्षिक यात्रा पर लखनऊ पधार रहा है। यह छात्र दल लखनऊ में अपने छः दिवसीय प्रवास के दौरान सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों का भ्रमण कर सी.एम.एस. की 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षा पद्धति की जानकारी प्राप्त करेंगे, साथ ही विभिन्न शैक्षिक, साँस्कृतिक व खेलकूद की गतिविधियों एवं सी.एम.एस. छात्रों के साथ विचार-विमर्श व संवाद में प्रतिभाग कर अन्र्त-साँस्कृतिक सम्बन्धों को बढ़ावा देने में महती भूमिका निभायेंगे। यह छात्र दल अयोध्या में श्री राम मंदिर की यात्रा पर भी जायेगा एवं छोटा इमामबाड़ा व बड़ा इमामबाड़ा समेत लखनऊ की विभिन्न ऐतिहासिक इमारतों व दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर यहाँ की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू होंगे।

# सीएमएस के सभी कैम्पस में शुरू हुई पढ़ाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी कैम्पस गर्मी की छुट्टियों के उपरान्त आज से पुनः खुल गये और सभी 21 कैम्पसों में आज से नियमित पढ़ाई प्रारम्भ हो गई। आज स्कूल खुलने पर शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों की खुशी देखने लायक थी। छात्रों की खुशी का आलम यह रहा कि आज पहले ही दिन विद्यालय के सभी कैम्पसों के लगभग शत-प्रतिशत उपस्थित दर्ज की गई तथापि सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों के शिक्षक-शिक्षकाओं व छात्रों ने साथ मिलकर बड़े हर्षोल्लास से 'विद्या का पर्व' समारोह मनाया। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने स्कूल खुलने पर छात्रों व शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यालय के सभी 63000 से अधिक छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डा. गाँधी ने छात्रों का आह्वान किया कि समय का



**■ सभी ने साथ मिलकर बड़े हर्षोल्लास से मनाया 'विद्या का पर्व' समारोह**

सदुपयोग करते हुए खूब मन लगाकर पढ़ें और अपने माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन करें। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि करीब डेढ़ महीने बाद स्कूल पहुँचे छात्रों का विद्यालय परिसर में भरपूर स्वागत हुआ। पढ़ाई का उत्साह, शिक्षकों का आत्मीय मार्गदर्शन व स्नेह एवं आध्यात्मिकता व नैतिकता से ओतप्रोत सी.एम.एस. का शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण छात्रों के उत्साह व उमंग को दोगुना कर रहा था। छात्रों का कहना था कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान हमने अपने क्लासरूम को बहुत याद किया। आज हम बहुत खुश हैं कि फिर से स्कूल खुल गये हैं। इस अवसर पर छात्रों के अभिभावकों ने भी अपनी खुशी जाहिर की।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश से गरीब विधवा महिला का कच्चा मकान क्षतिग्रस्त



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** बिलग्राम ब्लॉक स्थित रहुला गांव में सोमवार को हुई बारिश ने एक गरीब विधवा महिला के कच्चे मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। रहीसन के मकान की दीवार ढह गई। फूस के छप्पर वाले इस मकान में रहने वाले परिवार को खुले में रात बितानी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि रहीसन का मकान पहले से जर्जर स्थिति में था। दीवार गिरने के समय उनके बच्चे घर में नहीं थे, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। रहीसन ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से आवास योजना का इंतजार कर रही हैं। लेकिन अभी तक उन्हें पक्का मकान नहीं मिला। गांव के सचिव रनन्जय राना ने कहा कि आवास सूची में रहीसन का नाम है या नहीं, इसकी जानकारी शाम तक दी जाएगी। सूची अभी उनके पास उपलब्ध नहीं है। हादसे के बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल सहायता और पक्के मकान की मांग की है।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को लेकर डीएम गंभीर

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में बैंक प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के आवेदनों का तेजी से निस्तारण कराया जाये। आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित या अस्वीकृत न किया जाये। बैंक ऑफ़ इण्डिया, स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया व इंडियन बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, यूनियन बैंक, केनरा बैंक, आर्यावर्त बैंक, पंजाब नेशनल बैंक में बड़ी संख्या में आवेदन लंबित होने व बड़ी संख्या में आवेदन अस्वीकृत होने पर कड़ी नाराजगी जतायी। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना में सहयोग न करने वाले बैंक प्रबंधकों की जवाबदेही तय की जाये। छोटी मोटी कमियों में सुधार के लिए आवेदकों को सूचित किया जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, एलडीएम अरविन्द रंजन व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने



पशुपालन विभाग द्वारा गत वर्षों में किये गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की टीम में पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ कार्य किया है जिसके परिणाम स्वरुप जनपद में गोवंश संरक्षण व संवर्धन में होने वाले नवाचार प्रदेश में एक उदाहरण बन गए हैं। विदित हो कि जनपद में गौशालाओं के लिये 661 हेक्टेयर हरे चारे की बुवाई की गयी है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है। गौशालाओं 1244 कैमरे लगाने वाला हरदोई प्रदेश का पहला जनपद है। कैमरों को जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। आज पशुपालन विभाग की ओर से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने जिलाधिकारी से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने शुरू किया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान और स्टॉप डायरिया कैंपेन का शुभारंभ मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने नया गांव मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय में फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है और सरकार के प्रयासों से इसमें कमी भी आई है लेकिन अभी हमें और काम करने की आवश्यकता है। सभी एकजुट होकर इन संचारी रोगों पर काबू पा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह साल का दूसरा संचारी रोग नियंत्रण अभियान है। लोग अपने घर के आस आपस साफ सफाई रखें, पानी इकट्ठा न होने दें और मच्छर न



पनपने दें। एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा स्टॉप डायरिया कैंपेन व 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल है तथा स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 13 विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें । पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है । दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता बुखार, इन्फ्ल्युन्जा लाइक इलनेस, टीबी के लक्षण वाले रोगियों, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम, कुष्ठ, काला जार और फाइलेरिया के लक्षण वाले रोगियों की सूची बनाएंगी। इसके साथ ही जिन घरों में मच्छर का लार्वा पाया जायेगा उसका चिन्हीकरण कर उसकी सूचना ब्लाक और जिला मुख्यालय पर भेजेंगी जिसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता जनसमुदाय को संचारी रोगों से बचाव, दस्त से बचाव, उपचार प्रबन्धन के बारे में जागरूक करेंगी क्योंकि बाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण डायरिया है। दस्त के दौरान ओआरएस घोल एवं जिंक की गोली का सेवन करना चाहिए।

## अपर जिला जज ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई श्री संजीव शुक्ला के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप द्वारा जिला कारागार हरदोई का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज ने बंदियों को बताया कि ऐसे बंदी जो गरीब है और अपना प्राइवेट अधिवक्ता नही कर पा रहे है वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कारागार अधीक्षक के माध्यम से प्रार्थना पत्र दे सकते है प्राधिकरण द्वारा उनके मुकदमें की निःशुल्क पैरवी हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगा। अपर जिला जज द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुये बैरकों में पंखे व घड़ो में पानी रखने के लिये जेल प्रशासन को निर्देशित किया।

# विभिन्न संगठनों के आह्वान पर भारत बंद, निकाला शांति मार्च





अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में भारत बंद का आयोजन किया गया। इस क्रम में जनपद मथुरा में भी भारत बंद के समर्थन में एक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला गया। यह मार्च अंबेडकर भवन, डीग गेट से प्रारंभ होकर भरतपुर गेट, कोतवाली रोड, होली गेट, विकास बाजार, क्वालिटी तिराहा होते हुए डैंपियर नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क पर समापन हुआ। भारत बंद का उद्देश्य निम्नलिखित प्रमुख मांगों एवं विरोधों को लेकर था। ई वी एम को बंद कर बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने के समर्थन में,ओबीसी की जातिगत जनगणना कराए जाने के समर्थन में,बहुजन महापुरुषों का बीजेपी-आरएसएस द्वारा अपमान किए जाने के विरोध में,महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट 1949 के विरोध में,वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में मूलनिवासी ईसाइयों पर धर्मातरण के झूठे आरोप लगाकर की जा रही प्रताड़ना के विरोध में, आदिवासियों को संविधान की अनुसूची 5 व 6 में दिए गए अधिकारों को लागू न किए जाने के विरोध में इस कार्यक्रम का नेतृत्व भारत बंद समिति के संयोजक क्षेत्रपाल सिंह निषाद ने किया।

# अंडर पास में जलभराव से तीन गांवों का आवागमन बाधित



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** हरदोई बिलग्राम से बैफरिया जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर बनाए गए अंडरपास से जल निकासी न होने के कारणबैफरिया डाभा और तरौली गांवों के संपर्क मार्गो पर पानी भर गया हालत अत्यंत दयनीय हो गई। गहरे गड्ढों और जलभराव ने इस मार्ग को पूरी तरह लबरेज कर दिया है, जिससे पैदल चलना मुश्किल हो गया। सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश ने हालात को और गंभीर कर दिया। एक्सप्रेसवे के अंडर पास के नीचे पानी भर जाने से इन गांवों का संपर्क पूरी तरह कट गया। मंगलवार सुबह स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा सके, और मजदूर अपने काम पर नहीं पहुंच पाए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने बताया कि उन्होंने तत्काल प्रशासन से संपर्क कियाऔर दूरभाष से जिलाधिकारी को समस्या बताई। इसके बाद जेसीबी की मदद से पुल के नीचे भरे पानी को हटाकर आवागमन बहाल किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग की मरम्मत जल्द से जल्द की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचा जा सके।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश का मनाया जन्मदिन

## अपने नेता के जन्मदिन पर भी फूट दिखाई दी, महानगर कमेटी ने अलग से किया कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** दलित पिछड़ों अल्पसंख्यक नौजवान किसान के रहनुमा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हम सबके नेता अखिलेश यादव के 52 में जन्म दिवस के उपलक्ष में आज वृद्ध माताऔ के साथ वजन संकीर्तन कर सभी व्रत माता को भोजन प्रसादी एवं दक्षिणा देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस मौके पर वीरेंद्र यादव जिला अध्यक्ष ने कहा अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में जनपद मथुरा को बहुत सारी महत्वपूर्ण योजना देने का काम किया है और गोवर्धन विधानसभा को तहसील बनाने के साथ-साथ बाईपास रिंग रोड फोरलेन परिक्रमा का सुंदरीकरण जैसी तमाम योजनाएं देने का काम किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष



छात्र सभा संतोष यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सोनू ठाकुर जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नजर कुरैशी, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखन गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष जी आर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंद हाशमी, पूर्व अध्यक्ष दाऊजी ठेकेदार,जिला उपाध्यक्ष शिवचरण तोमर, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,मुरारी लाल शर्मा राजेंद्र सिकरवार विधानसभा अध्यक्ष बलदेव, कृष्णकांत, जिला उपाध्यक्ष शिवदीप, महेंद्र चौधरी, कृपाल चौधरी,संगम यादव, जिला उपाध्यक्ष गौरव गोस्वामी, नगर अध्यक्ष शिवम शर्मा, ब्रजकिशोर, सौरव गौड़, प्रताप चौधरी, तरुण,जय हिमांशु बांके बिहारी धधीरज शर्मा नगर अध्यक्ष गोवर्धन हरिश्चंद्र देवेंद्र हिमांशु ठाकुर लाल कन्हैया बघेल राजाराम जी नौबत ठाकुर लाल जी सहित तमाम समाजवादी साथी उपस्थित रहे। अपने नेता के जन्मदिन पर भी समाजवादी पार्टी के लोगों में फूट दिखाई दी, समाजवादी पार्टी मथुरा-वृंदावन महानगर द्वारा डैम्पियर नगर स्थित महानगर कार्यालय पर सामाजिक न्याय और समाजवाद की आवाज पीडीए के जननायक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव जी के 52 वे जन्मदिन पर मुख्य अतिथि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, महानगर अध्यक्ष रितु गोयल, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव खुर्शीद अहमद,अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव, पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह, महानगर महासचिव अभिषेक यादव, विधानसभा अध्यक्ष बल्लभभाई कुशवाहा, महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र निषाद, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी आदि समाजवादियों ने केक काटकर एवं अहिल्याबाई होलकर पार्क में वृक्षारोपण कर मनाया गया।

# पीडीए मुस्लिम वोट तो चाहता है पर मुस्लिम पार्टियों से दूरी रखता है डॉ शेख

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डॉ शेख वक्फ कानून के खिलाफ पटना के गांधी मैदान मे आयोजित रेली में शामिल होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया कि रेली काफी कामयाब रही और सरकार को इस काले कानून की वापिस लेना होगा इस मौके पर डॉ शेख ने कहा कि मुस्लिम समाज को आजादी के बाद से ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उस की मुख्य वजह मुसलमानों ने कभी भी मुस्लिम पार्टी का साथ नहीं दिया पहले कांग्रेस डराती थी कि अगर कांग्रेस को वोट नहीं दिया तो बी जे पी आ जाएगी और मुसलमान उसी डर में कांग्रेस को वोट देता रहा कांग्रेस पार्टी ने कभी भी मुसलमानों को आर्थिक शैक्षणिक ओर राजनीतिक हक कभी नहीं दिया अगर कांग्रेस ने मुसलमानों का भला

**■ सरकार को इस काले कानून की वापिस लेना होगा**

किया। होता तो आज मुस्लिम समाज को पंचर छाप नहीं कहा जाता जिन समाजों का कांग्रेस ने भला किया उन को सरकारी नौकरियों में भर दिया ओर जिन समाजों को आरक्षण का तोहफ़ा दिया वो समाज कांग्रेस को छोड़ कर अपनी अपनी पार्टियां बना कर कांग्रेस का साथ छोड़ चुके है डॉ शेख ने कहा कि आज द्व खुल कर कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी की नजर आज भी मुस्लिम वोट पर टिकी हुई है कांग्रेस पार्टी ओर उन के सहयोगी पार्टी या यह कहिए पूरा पी डी ए चाहता है कि मुस्लिम वोट हमे मिले पर पी डी ए यह नहीं चाहता कि कोई भी मुस्लिम पार्टी को पी डी ए में शामिल किया जाय देश में कुछ गिनी चुनी मुस्लिम पार्टियां हैं जिन में मुख्य तौर पर एम आई एम उवैसी की पार्टी वंचित समाज इंसाफ।

# सपाईयों ने पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर काटा केक



■ पौधरोपण कर एवं परसाद वितरित कर की दीर्घायु होने की कामना

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जनपद सहित क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद का 52 वां जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय मे वरिष्ठ सपा नेता बउअन तिवारी, राजसिह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर, पूर्व विद्यायक अरबिन्द सिंह, जिलाध्यक्ष कलीम खॉन सहित तमाम सपा नेताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व सैनिकों को सम्मानित करनें के उपरान्त भण्डारा कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार को तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कॉलेज में कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अमित यादव नें कन्नौज सांसद एवं पीडीए जननायक अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में अपार जीत सुनिश्चित करने के लिए निष्ठा व लगन के साथ जुटने का प्रण लिया। इसके बाद विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण के साथ अधिक से अधिक पौधरोपण करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षक वीरेन्द्र सिंह, ओमेन्द्र सिंह, विकास कुमार, राशिद खान, संजय कुमार, संदीप कुमार, फूल मोहम्मद, अमन यादव, पंकज पाल, सचिन कुमार सहित कई सपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उधर नगर के रेलवे रोड स्थित पूर्व पालिकाध्यक्षा के आवास पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, विधानसभा प्रभारी सुनैना चौहान, मनोज अग्रवाल, सलोवा राष्ट्रीय सचिव अरुण शर्मा, युवा सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता नें रवि दत्त यादव, मोहित गुप्ता, पिंटू यादव, मनी गुप्ता, अयूब सिद्दीकी, विकास गुप्ता, सलमान वारसी, नासिर सिद्दीकी के साथ अखिलेश यादव के छायाचित्र के समक्ष केक काटकर एक दूसरे को खिलाया। इस दौरान उन्होनें कार्यकर्ताओं से अभी से विधानसभा चुनाव के लिए जी जान से जुटनें का आहवान किया।

# आबादी की जमीन पर दबंगों ने किया दीवाल निर्माण का प्रयास



■ एक दर्जन घरों के निकास बंद होने का मढराया खतरा, ग्रामीणों के पक्ष में उतरे ग्राम प्रधान

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र में दबंग प्रवृत्ति के लोगों द्वारा खुलेआम सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लोगों को परेशान करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों सहित ग्राम प्रधान का आरोप है कि दबंगों ने आबादी की जमीन पर जबरन सीमेंटेड दीवार खड़ी करने के प्रयास करने शुरू कर दिए हैं। जिससे कई लोगों के घरों का मुख्य निकास पूरी तरह से बंद हो जाएगा और घरों से बाहर निकलने तक को मजबूर हो जाएंगे।

मंगलवार को तहसील छिबरामऊ के ग्राम बिलंदपुर निवासी निसारुद्दीन, भूरा, जकील, जाफर, आसिव, मनोज शाह, सहनूर आदि ने बताया कि दीवार निर्माण के दौरान दबंगों ने जल निगम द्वारा बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन पर भी पोल खड़े कर दिए, जिससे कई जगह नल कनेक्शन टूट गए हैं और उनके कई नलों को अपने घेरे के अंदर ले लिया है। इससे जलापूर्ति प्रभावित हो गई है। पीड़ित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित शासन को शिकायती पत्र भेज कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि दबंगों द्वारा निकास बंद होने से घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा। इस संबंध में जिम्मेदार लेखपाल राजेश अग्निहोत्री का कहना है कि मौके की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एआइपीएमएम ने वीर अब्दुल हमीद व अब्दुल कय्यूम अंसारी की मनाई जयंती

■ धर्म के नाम पर विभाजन को अब्दुल कय्यूम अंसारी ने खुलकर किया था विरोधः मारूफ

■ हमें इन महापुरुषों से प्रेरणा लेने की जरूरतः इलियास

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज (एआइपीएमएम) के राष्ट्रीय कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी व परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री मारूफ अली अंसारी के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर श्री मारूफ ने इन दोनों महानुभूतियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा जब भारत का धर्म के नाम पर विभाजन हो रहा था तब अब्दुल कय्यूम अंसारी जी ने भारत विभाजन का खुलकर विरोध किया था उन्होंनें कहा कि धर्म के आधार पर देश का बंटवारा स्वीकार नहीं और न ही कोई राष्ट्र धर्म के आधार पर तरक्की कर सकता है। यहां तक कि आप देश के बंटवारे के विरुद्ध में लगभग चालीस हजार की संख्या लेकर दिल्ली पहुंच कर ,विरोध प्रदर्शन किया था। अब्दुल कय्यूम अंसारी जी आजीवन मुस्लिम समाज के दबे कुचले, वंचितों के लिए संघर्षरत रहे।अध्यक्ष श्री अफजल अंसारी जी ने वीर अब्दुल हमीद के बारे में कहा वीर अब्दुल हमीद दर्जी समाज से आते हैं जो कुछ लोग ही जानते हैं यह मै इसलिये बता रहा हूं कि अगर पसमांदा मुसलमानों को देश की सेवा करने का अवसर मिला तो उसने देश के लिए सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास किया है। वीर अब्दुल हमीद, अब्दुल कय्यूम अंसारी या डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के रूप में इसके उदाहरण देख सकते हैं। संगठन के प्रदेश महासचिव व लखनऊ प्रभारी इलियास सलमानी ने कहा कि हमें इन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर देश निर्माण में अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज, पसमांदा समाज के भीतर उनके महापुरुषों द्वारा किये गए कार्यों और उनको लगातार याद करने का काम करता है ताकि पसमांदा समाज इन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर देश व समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सके। परिणाम स्वरूप अब पसमांदा समाज जागरूक भी हो रहा है। इस अवसर पर लखनऊ जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद, पीबी खां, मोहम्मद यहया, श्रीपाल अर्कवंशी, मुनव्वर अल्वी, शकील लेड़ी, एहतेशाम आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम व सीडीओ ने राजकीय इंटर कॉलेज में रोपित किये पौधे

■ एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कस्वा समधन स्थित राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करनें के उपरान्त कहा कि एक पौधा अपने मां के नाम अवश्य लगायें जिससे धरा हरी भरी बनी रहे। मंगलवार को जिलाधिकारी ने कहा कि एक पेड़ लगाना न सिर्फपर्यावरण के लिए जरूरी है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से न सिर्फ पौधरोपण किया जा रहा है, बल्कि लोगों को यह भावनात्मक रूप से भी जोड़ा जा रहा है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पौधों की देखभाल करें और अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

## पॉचवी मोहर्रम को अली असगर की याद मे मातम

**संभल।** सन 60 हिजरी मोहर्रम के दसवे दिन कर्बला के मैदान मे हजरत इमाम हुसैन के बेटे अली असगर जिनकी आयु छह महीने थी और तीन दिन से भूखे प्यासे थे को जालिमो ने उस समय गले पर तीर मार कर शहीद कर दिया था जब इमाम हुसैन जालिमो से बच्चे के लिए पानी की मांग कर रहे थे आज नूरियो सराय स्थित इमामबाडा फरमान हुसैन मे कर्बला के सबसे छोटे शहीद अली असगर की शहादत की याद मे शबीहे झुला बरामद किया जिसकी जियारत करने के लिए अजादारो की भीड़ उमड पढी अली असगर को याद करके महिलाओं बच्चों के साथ अजॉदारो के रो रो कर बुरा हाल था इमाम बाडे मे अजॉदारो के रोने की सदाए बुलंद हो रही थी महिलाओं ने दूध पर नजरो नियाज की और मुन्नते मुरादे मागी इस अवसर पर अजॉदारो ने मातम व नोहा ख्वानी की इस के अलावा अन्य इमामबाडो मे सुबह से देर रात तक मजलिसी व मातम का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा महिलाओं ने घरो मे मजलिसे व मातम बरपा किया।

# मुकुंद फाउंडेशन ने अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर वृद्धश्रम में बांटे फल मिठाई



■ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवाओं की है प्रेरणा : मनोज तिवारी

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मुकुंद फाउंडेशन के तत्वावधान में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर शहर के वृद्धाश्रम में फल मिठाई आदि का वितरण किया। वृद्धाश्रम में अपने बीच लोगों को देख वृद्धों में खासी खुशी नजर आई। पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर फाउंडेशन के अध्यक्ष के अलावा अन्य वक्ताओं ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर मुकुंद फाउंडेशन के तत्वावधान में वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज तिवारी ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष युवाओं की प्रेरणा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानो, नौजवानों महिलाओं के अलावा व्यापारियों के लिए जो योजनाएं लागू की वे आज भी लोगों की जुबान पर हैं। कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाईयां छुई हैं। उन्होंने बताया कि अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे बनवाया, जो भारत का सबसे आधुनिक एक्सप्रेस वे है। उन्होंने प्रदेश में यूपी 100 पुलिस सेवा और 108 एंबुलेन्स फ्री सेवा शुरू की साथ ही महिलाओं के लिए 1090 सुविधा प्रदान कराई है। इससे पूर्व अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सभी लोग शहर के वृद्धाश्रम पहुंचे जहां पर मौजूद वृद्धजनों से मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना साथ ही सभी वृद्धों को फल मिठाई वितरित की गई। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य बेनी प्रसाद यादव, सुभाष सैनी, सहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, अमित यादव रुद्र, यश चौरसिया, अनुपम, महेन्द्र अवस्थी, जगन्नाथ प्रजापति ने शामिल होकर जनजन के नेता और सामाजिक न्याय के प्रतीक अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

सफीपुर में बच्ची से अश्लील हरकत का मामला

# आरोपी को संरक्षण देने वालों पर गिरी गाज, चार गिरफ्तार



■ पुलिस की चार टीमें आरोपी नौशाद की तलाश में जुटीं

अवधनामा संवाददाता


**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी नौशाद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने चार टीमें गठित की हैं। मामले में बड़ा खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को पनाह देने वालों पर शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने संरक्षण देने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद से पुलिस लगातार सक्रिय है और मुख्य आरोपी नौशाद की तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि नौशाद की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को लगाया गया है, जो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दे रही हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। वहीं पीड़िता की मां का बयान भी सामने आया है, जिसमें उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताया है।

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव का जन्मोत्सव मनाया



**ललितपुर, अवधनामा संवाददाता।** पीडीए के महानायक, देश के भविष्य,पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर लोहिया वाहिनी एवं यूथ बिग्रेड ललितपुर द्वारा हलवे का प्रसाद वितरण किया किया गया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की दीर्घायु की कामनाएं की। लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान, ज्योति सिंह लोधी, गीता मिश्रा, महेंद्र सिंह यादव, यूथ बिग्रेड अध्यक्ष ह्देश मुखिया, शत्रुघन यादव, नरेंद्र राजपूत, गिरधारी यादव, खुशाल साहू, गजराज सिंह यादव, सचिन सोलंकी, शैलेंद्र यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा आचार्यजी, आधार यादव, राहुल अहिरवार, बलराम अहिरवार, चारु सतभैया, गौरव सिंह, विशाल यादव, आशीष यादव, शाकिर अली, अखलाक मंसूरी, शरीफ जावेद, संजय रजक, सोनू खटीक, राहुल यादव आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**ललितपुर, अवधनामा संवाददाता।** एसपी मो. मुश्ताक ने आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में रखे गए अभिलेखों, रजिस्टरों एवं अन्य दस्तावेजों का गहनता से अवलोकन कर उनके निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रजिस्टरों को अद्यावधिक कर आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली में और अधिक पारदर्शिता एवं दक्षता लाने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अभिलेखों के सही रख-रखाव, समयबद्ध प्रविष्टि तथा रिकॉर्ड की नियमित जांच पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने की भी सराहना की एवं सतत सुधार की प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।

## प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाते हुए उसे बचाने की लेनी चाहिए जिम्मेदारीः विधायक

**महोबा, अवधनामा संवाददाता।** जिले के नवीन राजकीय बालिका इंटर कालेज रामनगर में मंगलवार को वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन महोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक और जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों व समाजसेवियों ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाकर पौधरोपण किया। इस मौके पर अभियान के तहत जिले में 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत विभागों को इस कार्य का दायित्व सौंपे जाने की जानकारी दी गई।

# ज़हीर ललितपुरी जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज द्वारा साहित्य मार्तण्ड अलंकरण सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिला ललितपुर के वरिष्ठ लोकप्रिय साहित्यकार, कवि, शायर और समाज सेवक ज़हीर ललितपुरी को जगदीश साहित्य संस्थान प्रयागराज द्वारा साहित्य मार्तण्ड अलंकरण (साहित्य के सूरज) सम्मान से सम्मानित किया गया है. ज़हीर ललितपुरी को इसके पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा, उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय काव्य गौरव सम्मान, शाने वसुंधरा सम्मान, वेस्ट राइटर सम्मान, वेस्ट सेलर लेखक सम्मान आदि जैसे अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

ज़हीर ललितपुरी को यह सम्मान प्रयागराज में हिन्दुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के हॉल में जगदीश साहित्य संस्थान के प्रथम वार्षिक उत्सव 2025 के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह व विराट कवि सम्मेलन 29.06.2025 के मंच पर देश के विभिन्न प्रांतों से आये ख्याति प्राप्त साहित्यकारों, विद्वानों, मनीषियों व माननीय अतिथियों के सम्मुख दिया गया। इस अवसर पर शब्द साहित्य प्रकाशन बिलासपुर छत्तीसगढ़ से प्रकाशित साझा संग्रह ÷काव्य उड़ान÷ का विमोचन किया गया गया जिसमें प्रसिद्ध साहित्यकारों के साथ ज़हीर ललितपुरी की रचनायें भी शामिल की गई हैं। उक्त संग्रह में सहभागिता के लिए भी सम्मान पत्र देकर ज़हीर ललितपुरी को सम्मानित किया गया.

ज़हीर ललितपुरी की अब तक हिन्दी, उर्दू, अंग्रजी में प्रकाशित लगभग 65 पुस्तकें जिनमें उपन्यास, गज़ल संग्रह, गीत संग्रह, कहानी संग्रह, निबन्ध संग्रह, अनुवाद और साझा संग्रह शामिल हैं, भारतीय साहित्य की अनमोल धरोहर हैं।

## वृक्षारोपण महोत्सव वर्ष का शुभारम्भ

**ललितपुर।** वन महोत्सव कार्यक्रम वर्ष 2025 एवं एक पेड़ मां के नाम 2.0 शुभारम्भ दिवस पर ललितपुर रेंज के अन्तर्गत फौजपुरा रोपावनी 2025 क्षेत्रफल 10.00 हे. में मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा पौधारोपण कर वन महोत्सव का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि वृक्षारोपण महोत्सव 1 से 7 जुलाई 2025 एवं इस वर्षाकाल में अपने घरों, खेतो में पौधे लगाये तथा उनकी सुरक्षा एवं देखभाल करें। महोत्सव में ग्राम प्रधान फौजपुरा, प्राथमिक विद्यालय फौजपुरा की प्रधानाध्यापिका एवं स्कूल बच्चों, ग्रामवासियों ने भी पौध रोपण किया। वन महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण एवं श्री सतेन्द्र सिंह तोमर उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी, ललितपुर रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी भोला प्रसाद सिंह, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मनीष कुमार गौड़ आदि वन कर्मी उपस्थित रहे।

## अफवाह फैलाने वालो को पुलिस की सख्त चेतावनी

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** जिले में सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका और उससे फैल रही अफ्वाहों को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने वॉट्सऐप, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स के ग्रुप एडमिन्स और संचालकों के लिए कड़ा संदेश जारी किया है। पुलिस के अनुसार हाल ही में कई वॉट्सऐप ग्रुप्स में प्रशासन और पुलिस के खिलाफ आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री प्रसारित की गई, जिसका उद्देश्य सामाजिक अशांति फैलाना था। इसपर पुलिस ने सोमवार को सख्त कार्रवाई की है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अधिकतर मामलों में वॉट्सऐप ग्रुप एडमिन्स अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते और ग्रुप में ऐसी सामग्री फैल जाती है। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा सदस्य ग्रुप में होंगे, नियंत्रण उतना ही मुश्किल होगा। चूक होने पर एडमिन के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी ग्रुप में कई एडमिन हैं तो कानून उल्लंघन की स्थिति में सभी एडमिनों पर समान कार्यवाही की जाएगी। इसलिए केवल जिम्मेदार व्यक्तियों को ही एडमिन बनाएं। पुलिस ने सोशल मीडिया संचालकों से सोशल मीडिया नीति का पालन करने, अफ्वाहों से दूर रहने, और सही जानकारी ही साझा करने की अपील की है।

## वांछित अभियुक्त अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को 01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर व 1 अदद मिस कारतूस .315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गत 29 जून को आशू पुत्र राजू निवासी फ्तेपुर थाना गंगाघाट की तहरीर पर थाना गंगाघाट में मुकदमा अपराध संख्या 372/25 धारा 329(3)/352/351(3)/109 बीएनएस बनाम महेन्द्र पुत्र सत्यपाल, रोहित पुत्र महेन्द्र निवासीगण उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा में वांछित अभियुक्त रोहित उर्फ कल्लू पुत्र महेन्द्र गौतम निवासी ग्राम फ्तेपुर मजरा रौतापुर थाना गंगाघाट को नाजायज 01 अदद तमंचा .315 बोर व 01 अदद मिस कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्मस एक्ट की बढोत्तरी की गई।

## एलपीजी शवदाह मशीन द्वारा महिला का अंतिम संस्कार



**ललितपुर, अवधनामा संवाददाता।** हमारी संस्था अनन्त सेवा ग्रुप द्वारा इलाइट मुक्ति धाम में 1 जुलाई को एलपीजी शवदाह मशीन द्वारा ललितपुर के वार्ड नंबर 15 की निवासी अति गरीब परिवार की महिला पूजा शर्मा की लम्बे इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी जिसकी सूचना पार्षद मनमोहन चौबे के द्वारा दी गयी और उनके विशेष सहयोग से महिला का अंतिम संस्कार महिला के परिवार जनो के समक्ष कराया गया । संस्था द्वारा परिवार को मात्र 2 घंटे में अस्थियां सुपुर्द कर दी गयीं। संस्था के महासचिव प्रशांत श्रीवास्तव ने जानकारी दी की बारिश के मौसम में जब सूखी लकड़ियों का आभाव होता है तब एलपीजी मशीन के द्वारा शवदाह एक बेहतर विकल्प है और संस्था का यह कार्य पूरीतरह से निःशुल्क है। संस्था के वरिष्ठ समाज सेवक संजीव खरे के द्वारा यह कार्य राम चंद्र यादव (रामू) की सहायता से कराया गया और सभी वरिष्ठ सदस्य श्री सत्य नारायण शुक्ला, श्री वासुदेव पटवा, मनमोहन जड़िया, डी एस विवेक,संजय डेयोडिया, भरत रिछारिया, सुलभ गुप्ता, दीपक सोनी, महेन्द्र सविता, विकास श्रीवास्तव, रामेश्वर मालवीय और संस्था के अन्य सभी सदस्यों के विशेष सहयोग के द्वारा अंतिम संस्कार हुआ । शवदाह के संपर्क के लिए निम्न नंबर पर संपर्क करें

# घर से भागा 12 साल का बालक मुंबई से बरामद

अवधनामा संवाददाता

**चंदौसी/संभल।** थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बिचेटा निवासी 12 वर्षीय सुनील S/O अर्जुन आठ माह पूर्व अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। इस बीच वह किसी तरह मुंबई पहुंच गया, जहां वह रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में मुंबई पुलिस को मिला।पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान जब उसने अपना नाम, गांव व पिता का नाम बताया तो तुरंत बाल संरक्षण कानूनों के तहत उसे बालगृह में भेज दिया गया। पिछले आठ माह से वह मुंबई के एक बालगृह में रह रहा था। बातचीत के दौरान पता चला कि बच्चा सम्भल जिले का है तो मुम्बई पुलिस ने बाल कल्याण समिति सम्भल से सम्पर्क किया,बाल कल्याण समिति के अथक प्रयास के बाद जब उसकी पहचान पूरी तरह से सुनिश्चित हो गई, तो मुंबई पुलिस उसे लेकर बाल कल्याण समिति सम्भल पहुंची। बाल कल्याण समिति संभल में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को सकुशल उसके पिता के हवाले कर दिया। पूर्व में भी ये बच्चा दो बार घर से भाग चुका है। परिजन भी उसकी इस आदत से बेहद चिंतित हैं।ऐसे में बाल कल्याण समिति ने उसके पिता को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें।यदि कोई बच्चा बार-बार घर से भागता है, तो उसे केवल डांटने के बजाय विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिकों से परामर्श अवश्य लें। बाल कल्याण समिति की सक्रियता से बच्चा सुरक्षित अपने घर पहुंच गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। बच्चे की सुपुर्दगी देते समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सदस्य गौरव शर्मा, नूतन चौधरी,नीलम राय उपस्थित रहे।

# दुलदुल जुलूस को लेकर अधिकारियों ने किया गश्त

अवधनामा संवाददाता

■ दुलदुल जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने मोहर्रम पर्व के मद्देनजर जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के लिए मंगलवार को थाना चरखारी क्षेत्र में संवेदनशील, मिश्रित एंव घनी आबादी वाले स्थानों पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोड़ ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर मोहर्रम पर्व पर निकलने वाले दुलदुल ;घोड़ाद्ध जुलूस के प्रस्तावित मार्गो का निरीक्षण कर जायजा लिया। गश्त दौरान भारी पुलिस फोर्स देखकर लोग सहम गए। जूलूस को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी और थानाध्यक्षों को आयोजन स्थल व जुलूस के मार्गों पर व्यापक पुलिस प्रबंधन करते हुये सुरक्षा के पुख्ता इंताजम के लिए आवश्यक निर्देश दिये। अपर पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त के दौरान जुलूस कमेटी के सदस्यों, आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस. प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा तैयारियां चाक.चौबंद हों इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासनिक और राजस्व तंत्र के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित कर पर्व के दौरान कानून.व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाय।

# लखनऊ के दिव्यांश, गाजियाबाद की आरती बनीं चैंपियन

**लखनऊ।** पुरुष वर्ग के फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को 11-8, 11-8, 11-4 अंक से हराया। महिला वर्ग के फाइनल में गाजियाबाद की आरती चौधरी ने अपने ही शहर की अनिका गुप्ता को 11-8, 11-4, 11-7 अंक से शिकस्त दी।



प्रथम यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और महिला वर्ग में गाजियाबाद की आरती चौधरी चैंपियन बन गई। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

एसवी कॉलेज के इंडोर स्टेडियम में पुरुष वर्ग के फाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को 11-8, 11-8, 11-4 अंक से हराया। महिला वर्ग के फाइनल में गाजियाबाद की आरती चौधरी ने अपने ही शहर की अनिका गुप्ता को 11-8, 11-4, 11-7 अंक से शिकस्त दी। यूथ बॉयज (अंडर-19) वर्ग के फाइनल में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने आगरा के मौलिक चतुर्वेदी को 11-9, 11-3, 12-10 अंक से हराया। यूथ गर्ल्स (अंडर-19) के फाइनल में गाजियाबाद की अवनि त्रिपाठी ने अपने शहर की दिशा को 11-6, 11-3, 1-6 अंक से हरा दिया।

यूथ बॉयज (अंडर-17) वर्ग के फाइनल में प्रयागराज के आर्यन कुमार ने गाजियाबाद के अर्नव पवार को 11-9, 11-5, 11-9 अंक से हराया। गर्ल्स-बॉयज (अंडर-17) वर्ग के फाइनल में आगरा की श्रेया अग्रवाल ने गाजियाबाद की याशिका तिवारी को 11-9, 11-9, 11-2 अंक से मात दी।

सब जूनियर बॉयज (अंडर-15) वर्ग के फाइनल में आगरा के केशव खंडेलवाल ने कानपुर के आशुतोष गुप्ता को 11-13, 11-3, 11-8, 11-7 अंक से हराया। इस अवसर पर पूर्व यूपी स्टेट चैंपियन एए जैदी, पूर्व विधायक विवेक बंसल, अरविंद भार्गव, टेबल टेनिस संघ के सचिव सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## निकहत, लवलीना, नीतु का शानदार प्रदर्शन जारी, एलीट महिला मुक्केबाजी के फाइनल में पहुंचीं


**हैदराबाद।** विश्व चैंपियन निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतु घंघास और स्वीटी बूरा ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गईं। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन ने वी लक्ष्या को 5-0 से हराया। अब फाइनल में वह ज्योति (आरएसपीबी) से खेलेंगी। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन ने उत्तर प्रदेश की स्नेहा को 75 किलो फाइनल में पहले दौर में मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता नीतु ने रेलवे की मंजू रानी को हराकर 48 किलो फाइनल में जगह बनाई। अब उसका सामना चंचल से होगा। स्वीटी ने 80 किलो सेमीफाइनल में अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) की बबीता बिष्ट को 5-0 से हराया।

# यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत-ए टीम का एलान, हॉकी इंडिया ने इन्हें बनाया कप्तान

**एलान**

**हॉकी इंडिया ने आठ से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय भारत ए पुरूष टीम का एलान कर दिया है।**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने आठ से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय भारत ए पुरूष टीम का एलान कर दिया है। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिये आयोजित किया गया है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है।



हॉकी इंडिया ने कहा, इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिये भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो आठ जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा, यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिये अहम प्लेटफॉर्म होगा जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह के बारे में पता चलेगा।

**भारत-ए टीम**

गोलकीपर : पवन, मोहित एच शशिकुमार।

डिफेंडर : प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान)।

मिडफील्डर : पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह।

फॉरवर्ड : अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह।

स्टैंडबाय : अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

## मुक्केबाज हितेश, सचिन और मीनाक्षी की जीत से शुरुआत, सर्वसम्मत फैसले में हासिल की जीत



**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में विश्व मुक्केबाजी कप के ब्राजील चरण में स्वर्ण जीतने वाले हितेश ने बीलाइन एरिना में लाइट मिडिलवेट वर्ग में चीनी ताइपे के कान चिया-वेई को 5-0 से मात दी।

भारतीय मुक्केबाज हितेश, सचिन सिवाच और मीनाक्षी ने सोमवार को विश्व मुक्केबाजी कप में जीत के साथ शुरुआत की। पुरुष वर्ग में हितेश और सचिन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। इस साल की शुरुआत में विश्व मुक्केबाजी कप के ब्राजील चरण में स्वर्ण जीतने वाले हितेश ने बीलाइन एरिना में लाइट मिडिलवेट वर्ग में चीनी ताइपे के कान चिया-वेई को 5-0 से मात दी।

ब्राजील में कांस्य पदक विजेता सचिन ने लाइटवेट वर्ग में कनाडा के अल-अहमदीह कियोमा-अली पर 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। महिलाओं में मीनाक्षी ने लाइट फ्लाईवेट वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन पर 5-0 की एकतरफा जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट वर्ग के रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की केरी डेविस को 3-2 से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप लेग में छह पदक जीते थे।

# गेंदबाजों से आईपीएल का खुमार उतारने के लिए टीम इंडिया की खास रणनीति, दो रंग की गेंद से किया अभ्यास

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला बुधवार से बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाएगा। इसको लेकर भारतीय टीम जमकर अभ्यास कर रही है। खासतौर पर गेंदबाज जमकर पसीना बहा रहे हैं। लीड्स में गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट उन पर से आईपीएल का खुमार उतारने के लिए उनसे दो रंग की गेंद से अभ्यास करा रहा है। इस गेंद की एक तरफ सफेद रंग और दूसरी तरफ लाल रंग है। भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे ने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसको लेकर बड़ा खुलासा किया।



दरअसल, इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय तेज गेंदबाज आईपीएल की लाइन-लेंथ से छुटकारा पाने के लिए दो रंग की गेंदों से अभ्यास करते दिखे। सत्र की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह के आधा सफेद और आधा लाल रंग की गेंद से गेंदबाजी की। इसके बाद टीम के अन्य गेंदबाजों ने भी दो रंगों की गेंद से गेंदबाजी की। अभ्यास सत्र में एक से अधिक रंग वाली गेंदों का उपयोग करना एक आम बात है। भारतीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से ऐसा कर रहे हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज सफेद गेंद के लंबे सत्र (चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल) के बाद इंग्लैंड दौरे पर आए हैं। भारत के सहायक कोच डेशकाटे ने कहा कि दो रंग की गेंदों से अभ्यास करने से लाल गेंद (टेस्ट मैच) के खेल से सफेद गेंद (सीमित ओवरों के मैच) की आदतों को खत्म करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, %यह कोई नई बात नहीं है। सभी गेंद निर्माता ऐसी गेंदें बनाते हैं। हम गेंदबाजों को सीमित ओवरों वाले लाइन लेंथ की आदत में सुधार करना चाहते है। यह आपको संकेत देने का सबसे आसान तरीका है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल के लंबे सत्र के बाद यहां आए हैं। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की देख रेख में गेंदबाज पिछले दो हफ्तों से इसका उपयोग कर रहे हैं।%

वहीं, इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर मेजबान टीम के अभ्यास सत्र का अचानक दौरा किया। इंग्लैंड को एजबेस्टन की पिच पर स्पिन की उम्मीद है और मोईन को भी यही लगता है। उनके इनपुट पर इंग्लिश टीम काफी भरोसा कर रही है। इंग्लैंड को उम्मीद है कि तीसरे दिन से स्पिनरों को मदद मिलने लगेगी। मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम और स्पिन गेंदबाजी कोच जीतन पटेल को मोइन के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। हालांकि, मोईन टीम के साथ कोचिंग भूमिका में नहीं आ रहे हैं। शीर्ष स्तर से संन्यास के बाद वह दुनिया भर की टी20 लीगों में खेलते हैं।

## विंबलडन के पहले दौर में उलटफेर का शिकार हुए मेदवेदेव, बेंजामिन बोंजी ने हराया



**नई दिल्ली।** मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव सोमवार को विंबलडन के शुरुआती दौर में 64वीं रैंकिंग वाले बेंजामिन बोंजी से 7-6 (2), 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हार के साथ उलटफेर का शिकार बने। पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले मेदवेदेव लगातार दूसरे ग्रैंड स्लैम के पहले दौर से बाहर हो गए हैं। रूस के यह खिलाड़ी इससे पहले फ्रेंच ओपन में भी पहले दौर से बाहर हो गए था। उन्हें साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरे दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। मेदवेदेव इससे पहले 2017 में लगातार दो ग्रैंड स्लैम के शुरुआती दौर में हारे थे। वह उस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। मेदवेदेव इस साल पेरिस में कैमरून नॉरी से पांच सेट के मैच में हार गए थे। वह 2023 में फ्रेंच ओपन की पहली बाधा पार करने में नाकाम रहे थे। उस समय दूसरी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को पहले दौर में क्वालिफायर थियागो सेबॉथ वाइल्ड ने हराया था। वाइल्ड की उस समय विश्व रैंकिंग 172 थी।

## रिश्तों में आ रही कड़वाहट पर अनुपम खेर ने कही बड़ी बात, बोले- 'महिलाएं पतियों के लिए खतरनाक..'

**मुंबई।** हाल ही में अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म तन्वी द ग्रेट से चर्चा में हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में रिश्तों को लेकर बात की है। बीते दिन सोमवार को अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म तन्वी द ग्रेट का ट्रेलर रिलीज हुआ। अभिनेता को फिल्म के ट्रेलर के लिए नेटिजंस की तरफ से काफी तारीफें मिल रही हैं। अब अभिनेता ने आधुनिक समय में बदलते रिश्तों और हाल में हो रही घटनाओं पर अपने विचार प्रकट किए हैं। चलिए जानते हैं आखिर अनुपम खेर ने क्या कहा।

इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू में अनुपम खेर ने रिश्तों के विकास के बारे में बात की। उन्होंने कहा, हर जगह अजीबोगरीब लोग हैं। यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है, बल्कि विकसित देशों में भी ऐसे अजीबोगरीब मामले हैं। यह सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, संपन्न देशों में भी ऐसे मामले हैं।

# पैपराजी पर सोनाक्षी नाराज, बोलीं- बिना फोटो खिंचवाए किसी अंतिम संस्कार में भी नहीं जा सकते हैं

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा खुलकर अपने नजरिए को सोशल मीडिया के जरिए या फिर इंटरव्यू के माध्यम से सामने रखती हैं। हाल ही में सोनाक्षी ने पैपराजी को लेकर बात की। उन्होंने सेलिब्रिटीज की जिंदगी में पैपराजी के बढ़ते दखल पर बात की है, इस बात को क्रिटिसाइज किया है। साथ ही बॉडी शेमिंग जैसे सब्जेक्ट को लेकर भी सोनाक्षी ने खुलकर मन की बात साझा की है।







टाइम्स नाउ से की गई हालिया बातचीत में सोनाक्षी कहती हैं, 'सोशल मीडिया क्या बन चुका है? पैपराजी कल्चर कैसा हो गया है? आप बिना फोटो खिंचवाए किसी अंतिम संस्कार में भी नहीं जा सकते हैं। यह बात मुझे अजीब लगती है। यह सब एक लिमिट के बाद अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन इस चीज की आदत डालने में थोड़ा समय लग सकता है।'

पैपराजी कल्चर के अलावा सोनाक्षी ने बॉडी शेमिंग के मुद्दे पर भी बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस ने कई बार इसका सामना किया है, उन्हें बॉडी वेट के कारण ट्रोल भी होना पड़ता है। मगर सोनाक्षी का नजरिया अपनी हेल्थ, बॉडी के लिए बदल चुका है। वह कहती हैं, 'मैंने अपने पूरे करियर में एक प्रैक्टिकल तरीका अपनाया, मैं ऐसी शख्स बनना चाहती थी जो हेल्दी हो। मैं फैंस के लिए भी यही मिसाल पेश करना चाहती थी।'

पहले 27 जून को सोनाक्षी की फिल्म 'निकिता रॉय' रिलीज होने वाली थी। फिर फिल्म 'मां' और 'कन्नप्पा' के साथ टकराव से बचने के लिए सोनाक्षी की फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। अब यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'निकिता रॉय' एक सुपरनेचुरल, थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में वह एक जासूस का रोल निभा रही हैं। सोनाक्षी के किरदार का मकसद एक गुरु (परेश रावल) का पर्दाफाश करना है। वह गुरु लोगों को भूत-प्रेतों से छुटकारा दिलाने का दावा करता है। इस फिल्म में अर्जुन रामपाल भी एक अहम किरदार निभा रहे हैं।

# 'पैदा नहीं हुए तो क्या बन तो सकते हैं..........' राजकुमार राव की 'मालिक' का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** राजकुमार राव की अपकमिंग फिल्म 'मालिक' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। पिछले कुछ समय से राजकुमार राव एक ही तरह के किरदारों में नजर आ रहे थे, लेकिन 'मालिक' में उनका नया अंदाज इस इमेज को तोड़ने का काम कर रहा है। जानिए, क्या खास है फिल्म 'मालिक' के ट्रेलर में।

कई फिल्मों में लवर बॉय और मिडिल क्लास आदमी बनने वाले राजकुमार राव अब 'मालिक' बनने निकले हैं। राजकुमार राव की एक्शन से भरपूर फिल्म 'मालिक' का ट्रेलर आज रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में राजकुमार राव काफी खूनखराबा करते नजर आए हैं। राजकुमार पहली बार पूरी तरह से एक गैंगस्टर के किरदार में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने के साथ जबरदस्त डायलॉगबाजी भी देखने को मिल रही है। एक्शन से भरपूर इस ट्रेलर की शुरुआत बंदूक ताने खड़े भारी पुलिस फोर्स के साथ होती है। ट्रेलर की शुरुआत में सुनाई देता है कि 'एक मजबूर बाप की औलाद हो तुम, जो नहीं हो वो बनने का ट्राई न करो।' इसके बाद राजकुमार राव कंधे पर बंदूर रखे नजर आते हैं और फिर शुरू होता है अंधाधुंध खूनखराबा और ताबड़तोड़ एक्शन। 2 मिनट 45 सेकंड के इस ट्रेलर में राजकुमार राव खून बहाते नजर आए हैं। ट्रेलर में एक सामान्य व्यक्ति के पहले गैंगस्टर बनने और फिर उसके राजनीति में जाने और विधायक बनने के सफर को दिखाया गया है। क्या 'मालिक' बने राजकुमार राव विधायक बन पाते हैं और गैंगस्टर का भविष्य आगे क्या होता है। ये फिल्म में देखने को मिलेगा। ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट की भी झलक दिखी है। जिसमें फिल्म की हीरोइन मानुषी छिल्लर भी राजकुमार राव की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं। इसके अलावा स्वानंद किरकिरे, सौरभ शुक्ला और अंशुमान पुष्कर प्रमुख रूप से नजर आए हैं। इसके अलावा हुमा कुरैशी के गाने की भी एक झलक ट्रेलर में दिखती है। हालांकि, ट्रेलर देखकर फिल्म की कहानी थोड़ी प्रेडिक्टिबल लगती है।





फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) पर बेस्ड है। फिल्म में साल 1988 के इलाहाबाद की कहानी देखने को मिलेगी। इसके अलावा 'रेड' के बाद सौरभ शुक्ला एक बार फिर बाहुबली नेता की भूमिका में नजर आए हैं। जबकि 'पंचायत सीजन 4' में सांसद जी बने स्वानंद किरकिरे भी नेता के किरदार में ही नजर आए हैं। फिल्म के ट्रेलर में एक्शन और खूनखराबा के अलावा कुछ अलग और खास नहीं दिखा है। फिल्म की खास बात सिर्फ राजकुमार राव का पहली बार गैंगस्टर अवतार ही है। देखना ये है कि दर्शक राजकुमार राव को इस अंदाज में कितना पसंद करते हैं।

# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में सामंथा इस डायरेक्टर संग रिश्ते को करेंगी ऑफिशियल

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु और राज निदिमोरु इन दिनों बी-टाउन के सबसे चर्चित कपल बने हुए हैं। हालांकि, दोनों की ओर से अब तक रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया गया है। लेकिन अब ऐसी चर्चाएं हैं कि सामंथा जल्द ही अपने रिश्ते को आधिकारिक कर सकती हैं।

साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन' फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं।



नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं।

राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी। लेकिन शादी के सात साल बाद 2022 में दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए। हालांकि, दोनों के तलाक को लेकर कोई कंफर्म जानकारी नहीं है। क्योंकि कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जाता है कि राज और श्यामली डे का तलाक हो चुका है, जबकि कुछ रिपोर्ट्स में उनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म न्यूज नहीं है। राज एक मशहूर निर्देशक और लेखक हैं।

सामंथा रुथ प्रभु ने भी साल 2017 में एक्टर नागा चैतन्य से शादी की थी। लेकिन चार साल बाद ही दोनों के रास्ते अलग हो गए और सामंथा और नागा का तलाक हो गया। 2021 में तलाक होने के अब चार साल बाद सामंथा अपने अगले रिलेशनशिप को नाम देने और ऑफिशियल करने की सोच रही हैं। फिलहाल फैंस को इंतजार है कि कब सामंथा अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं।

# फिर आ रहा गर्ल गैंग, 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के फाइनल सीजन का एलान, सामने आया पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने अपनी पॉपुलर सीरीज के नए सीजन की घोषणा कर दी है। जिसके बाद गर्ल गैंग एक बार फिर ट्रिप पर जाने के लिए तैयार है।

अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है।

प्राइम वीडियो की ओर से फाइनल सीजन का पोस्टर जारी किया गया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्दी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है।



इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## अमिताभ के साथ इस एक्ट्रेस ने ठुकराई थी फिल्म, बोलीं- 'फिर अभिनय से पूरी तरह दूर हो गई'

**मुंबई।** अभिनेत्री मधु ने बॉलीवुड छोड़कर साउथ इंडस्ट्री में जाने के पीछे की वजह बताई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एक समय वह निराश हो गई थीं। एक समय तो ऐसा आया कि उन्हें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म ऑफर हुई और उन्होंने उसे ठुकरा दिया। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा।

अभिनेत्री मधु हाल ही में लेहरें रेट्रो के साथ एक बातचीत में शामिल हुईं। वहां उन्होंने बताया, 'मुझे लगा कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही हूं और मैं अब अपने काम को लेकर उत्साहित नहीं थी। साउथ इंडस्ट्री में प्रामाणिक, यथार्थवादी निर्देशकों के साथ काम करने के बाद, उन निर्देशकों के साथ काम करना अजीब लगा, जो एक बोर्ड लगाते थे और दिखाते थे कि हम कहीं और हैं और फिल्मों में धोखा देते हैं। एक कलाकार के रूप में, मैं सेट पर जाने से दुखी हो गई।

# तेलंगाना फार्मा प्लांट विस्फोटः प्लांट में विस्फोट के बाद भी सामने नहीं आया प्रबंधन, सीएम रेड्डी ने लगाई फटकार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के संगारेड्डी में सोमवार को एक फार्मा प्लांट में संदिग्ध विस्फोट हुआ था। हादसे में 36 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। फार्मा कंपनी में जहां विस्फोट हुआ, वहां अब भी बचाव और राहत कार्य जारी है। वहीं कंपनी प्रबंधन अब तक यहां नहीं आया है।

तेलंगाना के पशम्यलाराम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में 36 लोगों की मौत हो गई है। इसके बाद भी प्लांट का प्रबंध तंत्र सामने नहीं आया है। इसे लेकर सीएम रेवंत रेड्डी ने फटकार लगाई। मंगलवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, मंत्री श्रीधर बाबू, दामोदर राजा नरसिम्हा, जी विवेक और पी ऋषिनिवास रेड्डी ने फैक्टरी विस्फोट स्थल का दौरा किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जब सीएम ने

**गैरहाजिरी**

**निरीक्षण के दौरान जब सीएम ने प्लांट प्रबंधन की गैरहाजिरी को लेकर सवाल पूछा तो एक अधिकारी ने कहा कि सिगाची के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष सोमवार को आए थे।**

प्लांट प्रबंधन की गैरहाजिरी को लेकर सवाल पूछा तो एक अधिकारी ने कहा कि सिगाची के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष सोमवार को आए थे। इस पर सीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बड़ी दुर्घटना हुई है। वरिष्ठ प्रबंधन को आना होगा। उन्हें मृतक के परिवार से मिलना होगा। आप



स्थिति से बच नहीं सकते। उन्हें आना ही होगा। उनसे आने के लिए कहिए। सीएम रेड्डी ने पीड़ितों को मुआवजा देने के संबंध में कार्ययोजना बनाने के लिए भी कंपनी पर दबाव डाला। सीएम ने घटना को लेकर रिपोर्ट मांगी है। इसमें ऐसी घटनाओं को रोकने और पहले हुई घटनाओं की जानकारी तलब की गई है।

उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू श्रीधर बाबू ने कहा कि कंपनी को मानवीय आधार पर कार्रवाई करनी होगी। मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कंपनी का शीर्ष प्रबंधन 24 घंटे बाद भी यहां नहीं आया है। अगर वह इतना व्यस्त है, तो उसे फैक्टरी चलाने की क्या जरूरत है? इतनी बड़ी जानलेवा घटना हुई है। हमारी सरकार इसे बहुत गंभीरता से लेगी।

उन्होंने बताया कि मंत्री राजा नरसिम्हा और विवेक पिछले 24 घंटों से लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं। मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि कारखाना निदेशक ने कंपनी को सुरक्षा मुद्दों पर कुछ संकेत दिए हैं। सिगाची के अधिकारी ने जवाब दिया कि पीड़ितों के सभी चिकित्सा व्यय फर्म द्वारा वहन किए जाएंगे।

**केमिकल रिएक्शन एक बड़ी वजह**

फार्मा कंपनी में सोमवार को हुई घातक दुर्घटना के पीछे केमिकल रिएक्शन एक बड़ी वजह हो सकती है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक फार्मास्युटिकल कंपनी है, जो सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई), इंटरमीडिएट्स, एक्सिपिएंट्स, विटामिन-मिनरल ब्लेंड्स, संचालन और प्रबंधन (ओएंडएम) सेवाओं के लिए जानी जाती है।

# गोवा में जाली सेल डीड, फर्जी हलफनामे व एनओसी से हासिल की करोड़ों की जमीन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), पणजी जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत एस्टेवन डिसूजा और अन्य के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में 60.05 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। ये संपत्तियां एस्टेवन डिसूजा की दादी रोजा मारिया डिसूजा के नाम पर हैं। जांच एजेंसी द्वारा यह कुर्की 8 नवंबर 2023 के पहले के अनंतिम कुर्की आदेश (पीएओ) के अतिरिक्त है, जिसके तहत 11.82 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई थी। इसकी पुष्टि न्यायाधिकरण ने 8 अप्रैल 2024 को की थी।

ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में गोवा के बारदेज के पिलरने गांव में जमीन के टुकड़े शामिल हैं, जिन्हें जाली बिक्री विलेखों और फर्जी हलफनामे-सह-अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) का उपयोग करके अवैध रूप से हासिल किया गया था। ईडी ने गोवा पुलिस द्वारा एस्टेवन डिसूजा और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं





के तहत दर्ज कई एफआईआर के आधार पर अपनी जांच शुरू की। इसमें फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके संपत्ति के स्वामित्व के अवैध हस्तांतरण से जुड़ी धोखाधड़ी और जालसाजी जैसे अपराध शामिल थे।

ईडी की जांच से पता चला है कि एस्टेवन डिसूजा ने मोहम्मद सुहैल और अन्य लोगों के साथ मिलकर कथित भूमि घोटाले में अहम भूमिका निभाई थी। उन पर आरोप है कि उन्होंने कई उच्च मूल्य वाली संपत्तियों को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए बिक्री विलेखों सहित भूमि से संबंधित दस्तावेजों की जालसाजी और हेरफेर से जुड़ी एक व्यवस्थित योजना बनाई। फिर इन दस्तावेजों को अवैध लेनदेन को वैधता का दिखावा करने के लिए असली के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया।

# समाजवादी नहीं, असल में नमाजवादी हैं तेजस्वी, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राजद नेता पर बोला करारा हमला



**नई दिल्ली।** भाजपा के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें मौलाना तेजस्वी बताया। भाटिया ने कहा कि तेजस्वी खुद को समाजवादी कहते हैं, असल में वे नमाजवादी हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि वे संविधान को नहीं मानते, बल्कि शरीयत कानून लागू करना चाहते हैं। बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने है। इसको लेकर राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर चुकी है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और बिहार विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी खुद को समाजवादी कहते हैं, असल में वे नमाजवादी हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि ये लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को नहीं मानते, बल्कि शरीयत कानून लागू करना चाहते हैं।

भाजपा नेता ने आगे पूरे इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग सिर्फ एक समुदाय को ताकत देना चाहते हैं, न कि पिछड़े वर्गों, दलितों और महिलाओं को जैसा प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं। भाटिया ने कहा कि भाजपा संविधान की बात करेगी, ये लोग शरीयत की। फैसला जनता को करना है कि वो किसके साथ हैं। तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कह दिया कि वो संसद से पास हुए वक्फ संशोधन बिल को कूड़ेदान में फेंक देंगे।

गौरव भाटिया ने आगे तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या किसी राज्य की सरकार संसद और राष्ट्रपति द्वारा पास किए गए कानून को खारिज कर सकती है? क्या तेजस्वी संविधान से ऊपर हो गए हैं? साथ ही भाटिया ने तेजस्वी को मौलाना तेजस्वी यादव बताते हुए कहा कि वे केवल तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं और खुद कभी संविधान को पढ़ा भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह मामला इस समय सुप्रीम कोर्ट में लंबित है और अदालत ने अभी फैसला सुरक्षित रखा है।

# आईपीएस विकास कुमार का निलंबन रद्द, सीएटी ने निलंबित अफसरों को दी बड़ी राहत

**बंगलूरू।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर बीते चार जून को मचे भगदड़ मामले में निलंबित आईपीएस विकास कुमार को बड़ी राहत मिली है। सीएटी ने मंगलवार को उनका निलंबन रद्द कर दिया और सभी सेवा लाभ देने का आदेश दिया। सीएटी की तरफ से रोका हया ये निलंबन अन्य निलंबित अधिकारियों की बहाली का रास्ता भी खोल सकता है। कर्नाटक के बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर बीते चार जून को हुई भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई। इस हादसे के बाद कर्नाटक सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास कुमार विकास को निलंबित कर दिया था। लेकिन अब इस मामले में बड़ा मोड़ आया है। केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी) ने मंगलवार को उनका निलंबन रद्द कर दिया। बता दें कि मामले में बंगलूरु बेंच के जस्टिस बीके श्रीवास्तव और प्रशासनिक सदस्य संतोश मेहरा



की पीठ ने 24 जून को फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे अब सुनाया गया है। सीएटी ने विकास कुमार के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि उन्हें सेवा नियमों के तहत सभी लाभ मिलेंगे। आईपीएस अधिकारी विकास कुमार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ध्यान चिन्नप्पा ने बताया कि सीएटी ने निलंबन को अवैध ठहराते हुए उसे रद्द कर दिया है और अधिकारी को सभी सेवा लाभ देने का निर्देश दिया है।साथ ही सीएटी ने यह भी कहा कि इस फैसले का लाभ तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बी दयानंद और डीसीपी शेखर एच. टेप्पन्नावर को भी मिल सकता है, जिससे उनकी बहाली का रास्ता खुल गया है।

गौरतलब है कि आरसीबी की जीत के जश्न में 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आयोजित 'विजय रैली' में भारी भीड़ उमड़ी थी, जिससे भगदड़ मच गई और 11 लोगों की मौत हो गई थी। आरसीबी के सीईओ ने 3 जून को पुलिस कमिश्नर को ईमेल के जरिए कार्यक्रम की जानकारी दी थी, लेकिन पुलिस की तरफ से समय की कमी बताते हुए कोई औपचारिक जवाब नहीं भेजा गया।

सरकार का आरोप था कि पुलिस को भारी भीड़ की संभावना पहले से पता थी, फिर भी पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। न तो सार्वजनिक सूचना जारी की गई, न ही भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया। उच्च अधिकारियों से भी मार्गदर्शन नहीं लिया गया।

इस घटना के बाद सरकार ने पांच अधिकारियों को निलंबित किया था, जिसमें बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर बी. दयानंद, एडिशनल कमिश्नर विकास कुमार विकास, डीसीपी शेखर एच. टेप्पन्नावर, एसीपी सी बालकृष्ण और इंस्पेक्टर ए. के. गिरीश के नाम शामिल था।

## मिजोरम में 6.67 करोड़ की प्रतिबंधित मेथ टैबलेट जब्त

**नई दिल्ली।** मिजोरम के पूर्वी जिले चम्फाई में प्रतिबंधित मेथामफेटामिन टैबलेट्स की बड़ी खेप जब्त की गई है। असम राइफल्स ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि इस कार्रवाई में एक म्यांमार नागरिक को गिरफ्तार किया गया है।

इसमें कहा गया कि गुप्त सूचना के आधार पर अर्धसैनिक बल ने मिजोरम पुलिस के सहयोग से 29 जून को जिले के जोखावठर गांव में संयुक्त रूप से एक जांच चौकी स्थापित किया था। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति के पास से 2.22 किलोग्राम वजन की 20,200 मेथमफेटामाइन गोलियां बरामद की गई। उन्होंने बताया कि तस्कर से जब्त की गई गोलियों की कीमत 6.67 करोड़ रुपये से अधिक है।

मेथामफेटामिन एक अत्यंत नशीला पदार्थ है, जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है और ये भारत में प्रतिबंधित है।

# सूरीनाम की संसद के अध्यक्ष बने अश्विन अधीन, दिखाई भारतीय संस्कृति की झलक, संस्कृत में ली शपथ

**पारामारिबो।** सूरीनाम में भारतीय दूतावास ने कहा कि सूरीनाम में नेशनल असेंबली के नवनिर्वाचित चेयरमैन अश्विन अधीन दूसरे नेता भाषा में पूरी शपथ पढ़ी। वे संस्कृत में शपथ लेने वाले सूरीनाम के दूसरे नेता बन गए हैं।

सूरीनाम में भारतीय दूतावास ने



बन गए हैं जिन्होंने भारत की शास्त्रीय भाषा संस्कृत में शपथ ली। इससे पहले 2020 में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद चान संतोखी ने संस्कृत भाषा में शपथ ली थी।

दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम की संसद में भारतीय संस्कृति की झलक दिखी। भारतीय मूल के अश्विन अधीन ने संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पद की शपथ ली। खास बात यह है कि अधीन ने संस्कृत एक्स पर अश्विन अधीन का शपथ लेते हुए एक वीडियो साझा किया। भारतीय दूतावास ने लिखा कि सूरीनाम में नेशनल असेंबली के नवनिर्वाचित चेयरमैन अश्विन अधीन दूसरे नेता बन गए हैं जिन्होंने भारत की शास्त्रीय भाषा संस्कृत में शपथ ली। भारत के राजदूत सुभाष गुप्ता 29 जून को सूरीनाम की नेशनल असेंबली (एनए) के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। इस दौरान अश्विन अधीन को चेयरमैन चुना गया। सुभाष गुप्ता ने अश्विन अधीन को उनके चुनाव के लिए बधाई दी। इससे पहले 2020 में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद चान संतोखी ने संस्कृत भाषा में शपथ ली थी। सूरीनाम में भारतीय दूतावास ने कहा कि भारत और सूरीनाम के बीच घनिष्ठ, मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जो सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संपर्कों द्वारा मजबूत होते हैं, जो डेढ़ शताब्दियों पहले भारतीय प्रवासियों के आगमन से जुड़े हैं। 1976 में भारत और सूरीनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से कई उच्च स्तरीय यात्राएं हुई हैं। 1977 में पारामारिबो में भारतीय दूतावास और 2000 में नई दिल्ली में सूरीनाम दूतावास खोला गया। सूरीनाम में भारतीय दूतावास के अनुसार, वर्तमान में भारतीय प्रवासी सूरीनाम की लगभग 6.2 लाख की आबादी का 27 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हैं।

## भारत-अमेरिका संबंधों को चीन की नजर से देखना बेहद भ्रामक

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर चीन के नजरिये के बारे में स्पष्ट जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को चीन की नजर से देखना बेहद सरलीकरण और भ्रामक है। हमारे संबंधों में कई और भी चीजें हैं।

मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में न्यूजवीक के मुख्यालय में न्यूजवीक के सीईओ देव प्रसाद के साथ बातचीत के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछा गया कि वे भारत अमेरिका संबंधों को लेकर चीन के रुख के बारे में क्या सोचते हैं? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि चीन के नजरिये से भारत-अमेरिका को जोड़ना बहुत बड़ा सरलीकरण है। यह कई बार भ्रामक भी है। भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य चीजों से भी जुड़े हैं।

# फोन कॉल लीक होने के बाद थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा निलंबित, सांविधानिक न्यायालय ने दिया आदेश

**बैंकॉक।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा की कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ हुई बातचीत का ऑडियो लीक हो गया था। इसके बाद थाईलैंड में हंगामा हो गया और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए। सांविधानिक न्यायालय ने पीएम को निलंबित करने का आदेश दिया।

कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ फोन कॉल का ऑडियो लीक होने के बाद थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा को निलंबित कर दिया गया। सांविधानिक न्यायालय ने पीएम पर नैतिकता के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। न्यायाधीशों ने पीएम को जांच चलने तक निलंबित करने के पक्ष में 7 से 2 मतों से मतदान किया। उधर, संकट में फंसी गठबंधन सरकार को लेकर थाईलैंड के राजा ने मंगलवार को सरकार में नए कैबिनेट सदस्यों की नियुक्तियों को मंजूरी दी।

थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा की कंबोडिया के पूर्व पीएम के साथ हुई बातचीत का ऑडियो लीक हो गया था। इसके बाद थाईलैंड में हंगामा हो गया और प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू हो गए। वहीं ऑडियो लीक के बाद थाईलैंड में अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या सांविधानिक न्यायालय प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा पर लीक हुए कॉल के मामले में नैतिकता के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर विचार करेगा?

पेतोंगतार्न शिनावात्रा ने कहा कि वह इस प्रक्रिया को स्वीकार करेंगी और उसका पालन करेंगी, हालांकि वह नहीं चाहतीं कि उनके काम में बाधा आए। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को लेकर चिंतित हूं। पैतोगतार्न को राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के कार्यालय द्वारा



कथित तौर पर आचार संहिता के उल्लंघन की जांच का भी सामना करना पड़ रहा है।

फोन कॉल लीक होने के बाद थाईलैंड की गठबंधन सरकार से प्रमुख पार्टी भूमजाइथाई ने समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद मंगलवार को थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने प्रधानमंत्री पेतोंगतार्न शिनावात्रा के नए मंत्रिमंडल को मंजूरी दी। नए मंत्रिमंडल में पूर्व उप प्रधानमंत्री और भूमजाइथाई पार्टी के नेता अनुतिन चार्नविरकुल को हटाया गया है। उन्होंने ऑडियो लीक होने कारण गठबंधन सरकार छोड़ दी थी। अनुतिन की जगह फुमथम वेचायाचाई को नियुक्त किया गया है। फुमथुम रक्षा मंत्री थे। वे अब गृह मंत्रालय का भी कार्यभार संभालेंगे।

इसके अलावा रक्षा मंत्री का पद खाली छोड़ दिया गया है।

## मस्क अपनी दुकान बंद कर दक्षिण अफ्रीका लौट जाएं

**वॉशिंगटन।** ट्रंप के बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ एलन मस्क लगातार मुखर हैं और बिल का विरोध कर रहे हैं। अब लग रहा है कि ट्रंप के सब्र का भी बांध टूट गया है और अब उन्होंने भी मस्क को धमकी दे डाली है। ट्रंप ने मस्क की कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी बंद करने की धमकी दी है और कहा है कि मस्क अपनी दुकान बंद करें और दक्षिण अफ्रीका वापस लौट जाएं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि एलन मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से पहले ही पता था कि मैं ईवी जनादेश के खिलाफ हूं। ये बकवास है और मैंने हमेशा अपने अभियान में इसका जिक्र किया। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी पर उन्हें थोपा नहीं जा सकता। एलन मस्क को इतिहास में किसी भी व्यक्ति से ज्यादा सब्सिडी मिल सकती है और सब्सिडी के बिना एलन मस्क को शायद अपनी दुकान बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस लौटना होगा।

# सिंगापुर में दंगा भड़काने के आरोप में भारतवंशी को जेल

**सिंगापुर।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइल और हमास के बीच गाजा में चल रहे युद्ध को खत्म करने और बंधकों की रिहाई के लिए इस्राइल पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इसी के चलते इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगले सोमवार को अमेरिका जाएंगे। इस दौरान ट्रंप व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए नेतन्याहू की मेजबानी करेंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी। क्योंकि यह यात्रा अभी औपचारिक रूप से घोषित नहीं की गई है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसून की बारिश ने 11 बच्चों सहित 18 लोगों की जान ले ली, जबकि 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 57 लोग घायल हो गए। अब तक मानसूनी बारिश में कुल 45 लोग मारे गए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) पंजाब ने सोमवार को कहा, अधिकांश मौतें



जीर्ण शीर्ण इमारतों और उनकी छतें ढहने से हुईं। बारिश से 50 घर क्षतिग्रस्त हो गए। बिजली गिरने से खानेवाल, ओकारा में दो वयस्क और मंडी बहाउद्दीन में दो बच्चों की मौत हो गई।

अमेरिकी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलिस में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में तैनात 200 सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की है। यह मांग इसलिए की गई है ताकि सैनिकों को जंगल में लगी आग को बुझाने के काम में लगाया जा सके। यह जानकारी दो अमेरिकी अधिकारियों ने दी। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून की शुरुआत में अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के जवाब में, गवर्नर गेविन न्यूसम की मर्जी के खिलाफ करीब 4,000 नेशनल गार्ड्स और 800 मरीन सैनिकों को लॉस एंजेलिस में तैनात किया था।

उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में दो अलग-अलग आतंकी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। दोनों आतंकी घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में, एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर सड़क के किनारे किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई। शाहब खेल क्षेत्र में हुई दूसरी घटना में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

## पहलगाम हमला कश्मीर में पर्यटन को तबाह करने की साजिश थी

**वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक बार फिर पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान और उसकी पनाह में छिपे बैठे दहशतगर्दों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला कश्मीर में पर्यटन को तबाह करने की एक सोची समझी साजिश थी। यह एक तरह का आर्थिक युद्ध था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने यह साफ कर दिया है कि वह पाकिस्तान से पैदा हुए आतंकवाद का जवाब देने से पीछे नहीं हटेगा। अब भारत परमाणु ब्लैकमेल की वजह से रुकने वाला नहीं। भारत में पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान से कई आतंकवादी हमले हुए हैं और 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में यह भावना है कि बस, बहुत हो गया। उनकी टिप्पणी मैनहट्टन में 9/11 स्मारक के पास वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में न्यूजवीक के मुख्यालय में आयोजित न्यूजवीक के सीईओ देव प्रसाद के साथ बातचीत के दौरान आई।

# श्रीलंकाई नौसेना ने सात भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, लगाया अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात को उन्होंने सात भारतीय मछुआरों को अवैध मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह एक हफ्ते के अंदर दूसरा मामला है। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच एक संवेदनशील द्विपक्षीय विषय बन चुका है।

श्रीलंकाई नौसेना ने सोमवार रात सात भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके नाव जब्त कर लिए हैं। इन पर श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। यह घटना तलाइमन्नार क्षेत्र में हुई और बीते एक हफ्ते में ऐसा दूसरा मामला है। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौसेना प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए मछुआरों और उनके ट्रॉलर को मन्नार में मत्स्य निरीक्षणालय को सौंपा जाएगा। इससे पहले रविवार को आठ



भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था। भारत और श्रीलंका दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है। यह मछुआरों का मुद्दा दोनों देशों के बीच एक संवेदनशील द्विपक्षीय विषय बन चुका है।

कई बार श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है। और द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त भी किया है। पाक जलडमरूमध्य ,जो तमिलनाडु और श्रीलंका को अलग करता है, दोनों देशों के मछुआरों के लिए समृद्ध मछली पकड़ने का क्षेत्र है।

# अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प : राकेश मौर्य

**अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पार्टीजनों ने किया वृक्षारोपण एवं लिया**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, लोकसभा में संसदीय दल के नेता अखिलेश यादव का 52 वाँ जन्मदिन समारोह पूर्वक नगर के होटल रिवर व्यू में प्रातः 10 बजे हर्षोल्लास पूर्वक केक काट कर मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जौनपुर के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने अखिलेश यादव के जन्मदिन पर ढेर सारी मुबारकबाद देते हुए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन समस्त पार्टीजनों के लिए विशेष दिन है, आइए पीडीए के नायक अखिलेश यादव जी के जन्मदिन को 2027 में पीडीए सरकार बनाने के संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए ये संकल्प लेते हैं कि पीडीए समाज को एकजुट करते हुए 2027 में पीडीए सरकार बनाएंगे और अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे।

कार्यक्रम को विधायक तूफानी सरोज, विधायक डॉ रागिनी सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, डॉ अवधनाथ पाल, दीपचंद राम, सुशील दुबे आदि ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बधाई दिया। सर्वप्रथम केक काट कर उपस्थित पार्टीजनों ने मुंह मीठा कराते हुए बधाई दिया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य एवं पार्टीजनों ने गौरव शिक्षण संस्थान, एवं प्राथमिक विद्यालय बहोरा का पूरा विकास खंड धर्मापुर में वृक्षारोपण किया। जन्मदिन समारोह में मुख्य रूप से पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संगीता यादव, प्रदेश सचिव हिसामुद्दीन शाह, वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले, डा सभाजीत यादव, रमापति यादव, जयंती यादव राजेश यादव, सैयद आरिफ, कलीम अहमद, पूनम मौर्य, श्यामबहादुर पाल, जितेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, डॉ सरफराज़, नेपाल यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, आलोक त्रिपाठी लकी, रत्नाकर चौबे, राहुल त्रिपाठी सहित सैकड़ों सपाजन उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

**अवधनामा संवाददाता**

**रोली और पुष्प वर्षा से हुआ बच्चों का स्वागत**

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात मंगलवार को बच्चों की विद्यालय वापसी पर उत्साह का वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल को उपलब्ध कराये गये प्रसाद रूपी लड्डू को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर, कम्पोजिट विद्यालय चाँदपुर, कम्पोजिट विद्यालय भरतपुर, प्राथमिक विद्यालय मेंहदीगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय मेंहदीगंज, प्राथमिक विद्यालय भटवाचक, पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर में वितरित कराया गया और इसके साथ ही बीएसए एवं शिक्षकों ने पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर और फूल बरसाकर एवं विद्यार्थियों को मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय भरतपुर में कुल 10 छात्रों का विद्यालय में नामांकन किया। नवीन छात्रों का नामांकन करनें के उपरांत बीएसए ने बताया कि 'स्कूल चलो अभियान' की औपचारिक शुरुआत भी हो गई है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी। विद्यालय में स्वागत समारोह की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं और इसका उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के प्रति उत्साहित और प्रेरित करना है। उन्होने बताया कि एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण शुरू हो गया है। इसको लेकर पूर्व में ही सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी थी। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा। स्कूलों के अध्यापक, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और एसएमसी सदस्यों द्वारा क्षेत्र के घरों में संपर्क किया जाएगा और बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। ड्रापआउट बच्चों की सूची बनाकर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा बच्चों की रैली निकालकर विभागीय योजनाओं, शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। स्कूल चलो अभियान के समाप्ति के बाद 30 जुलाई तक प्रेरणा पोर्टल पर सूचना अपलोड कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के स्कूलों में दाखिला के लिए मलिन बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों, ओवरब्रिज के नीचे रहने वाले परिवारों आदि से संपर्क करते हुये उनके बच्चों का नामांकन किया जाएगा।

# योग से स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम

**लोहिया पार्क में फिट भारत योगा सेंटर का भव्य उद्घाटन सम्पन्न**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** लोहिया पार्क में मंगलवार को फिट भारत योगा सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा सिंह राणा (जिला उद्यान अधिकारी, जौनपुर) द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

फिट भारत योगा के संस्थापक भरत सिंह एवं कविता सिंह ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें अंगवस्त्रम और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि डॉ. सीमा सिंह राणा ने फिट भारत योगा को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ समाज की नींव योग है और इस प्रकार के प्रयास समाज को नई दिशा देते हैं।

मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, योग एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का समन्वय करता है। %योग% का अर्थ है जोड़ना, जो आत्मा, मन और शरीर को जोड़ता है। ऐसे आयोजनों से समाज को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि फिट भारत योगा के इस पुण्य प्रयास में उनका हर संभव सहयोग रहेगा। कार्यक्रम के दौरान इस्कॉन जौनपुर के भक्तों द्वारा सुंदर भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा पार्क परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन देवेश शुक्ला ने किया। अंत में आयोजक भरत सिंह ने सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं बच्चों के प्रति आभार प्रकट किया। इस भव्य आयोजन में डॉ. मनीष सिंह सोमवंशी, डॉ. सतीश पाठक, शिवम सिंह, राकेश सिंह, डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह, डॉ. पूजा सिंह, प्रीति मिश्रा, सी.के. मिश्रा, माता देव, केशव मौर्य सहित बड़ी संख्या में योग प्रेमी, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 01 जुलाई से 05 जुलाई तक

**आजमगढ़।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल कुमार यादव ने बताया है कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत प्रथम चरण में परिवहन निगम एवं व्यावसायिक वाहन के चालकों/परिचालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण 19 मई 2025 से 23 मई 2025 तक कराया गया था। जिसमें चश्मा हेतु योग्य पाये गये 183 चालकों/परिचालकों को चश्मा आवंटित करने हेतु अनुमति प्राप्त हो गयी है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत द्वितीय चरण में परिवहन निगम एवं व्यावसायिक वाहन के चालकों/परिचालकों के साथ स्कूली वाहन के चालकों/परिचालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण कराया जाना है। उक्त के क्रम में जनपद में दिनांक 01 जुलाई 2025 से 05 जुलाई 2025 तक, समय प्रातः 10:00 से अपरान्ह 02:00 बजे तक, स्थान उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, बस स्टेशन, परिसर आजमगढ़ में स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

# विद्यालय मास्टर डाटा तैयार करने की तिथि 01 जुलाई से

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी वर्षा अग्रवाल ने बताया है कि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार वित्तीय वर्ष/शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) में अध्ययनरत उ0प्र0 के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान हेतु समय-सारिणी का शासनादेश निर्गत किया गया है। उन्होने बताया कि समय सारिणी के अनुसार विद्यालय द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की तिथि 01 जुलाई, 2025 से 05 अक्टूबर, 2025 तक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 15 अक्टूबर, 2025 तक, अल्पसंख्यक वर्ग हेतु एन0एस0पी0 पोर्टल पर पंजीकृत निजी क्षेत्र के विद्यालयों की मार्किंग करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 14 दिसम्बर, 2025 तक, छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन/आनलाइन आवेदन करने की तिथि 02 जुलाई, 2025 से 30 अक्टूबर, 2025 तक, छात्रों द्वारा फाइनल प्रिन्ट निकालने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक, हार्ड कापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित विद्यालय में जमा करने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 04 नवम्बर, 2025 तक, विद्यालय द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की तिथि 03 जुलाई, 2025 से 06 नवम्बर, 2025 तक, छात्रों द्वारा त्रुटिपूर्ण आवेदन को सुधार कर विद्यालय में जमा करने की तिथि दिनांक 21 नवम्बर, 2025 से 23 नवम्बर, 2025 तक, संस्था द्वारा संशोधित आवेदन को पुनः अग्रसारित कराने की तिथि 18 नवम्बर, 2025 से 26 नवम्बर, 2025 तक एवं जनपदीय समिति द्वारा शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा लॉक करने की तिथि 18 नवम्बर, 2025 से 24 दिसम्बर, 2025 तक है।

# वरासत के प्रकरणों का नियमानुसार करें निस्तारण

**कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान दें: डीएम**

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट भवन स्थित विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने वरासत के प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरासत के मामलों में आवेदकों को बुलाकर कमियों को दूर करते हुए उसका निस्तारण करें। शस्त्र लाइसेंस से संबंधित पत्रावलियों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी पटल सहायकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पटल पर एक मास्टर रजिस्टर बनाएं, जिसमें क्रमवार पटल के अन्य रजिस्टरों/उप रजिस्टरों को दर्ज करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन पटल सहायकों को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, उनकी जगह पर स्थाई नियुक्ति करें। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण करते हुए नाजिर को निर्देशित किया कि पूरे कलेक्ट्रेट परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान दें, जगह-जगह कूड़ेदान रखवायें एवं चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन विभागों के एसी का पानी बाहर रास्ते में गिर रहा है, उनको तत्काल अवगत कराते हुए पानी को बंद कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसी टीवी कैमरा लगवायें एवं जो लोग गंदगी करते हुए पाए जाएं, उनके ऊपर नगर पालिका एक्ट के तहत जुर्माना एवं आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राहुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 52 वें जन्मदिन पर मंगलवार को मजदूर सभा के महासचिव अमित यादव के अध्यक्षता में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन चांद मेडिकल चौराहा पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मजदूर व गरीबों के स्वास्थ्य परीक्षण से किया गया। स्वस्थ शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक यादव, न्यूरो रोग, दंत रोग आदि के विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। स्वस्थ शिविर में सैकड़ों मजदूरों व अन्य लोगों को इसका लाभ मिला। कार्यकर्ता ने केक काटकर अखिलेश यादव के स्वस्थ्य की कामना की। डॉ अमित यादव ने कहा कि पीडिए समाज 2027 में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश में महंगाई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाएंगे।इस अवसर पर मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, जिला सचिव मंजय कन्नौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

### नवागत तहसीलदार ने कार्यभार ग्रहण कर जनता की समस्याओं को सुना

**लालगंज/आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** तहसील लालगंज में नवागत तहसीलदार उमेश कुमार सिंह ने कार्यभार तहसील लालगंज पर ग्रहण किया। तहसीलदार ने कार्यालय में बैठकर जन समस्याएं सुना।उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया है कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य किया जाएगा। पीड़ित,उपेक्षित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को निदान किया जाएगा। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आए हुए प्रार्थना पत्र का समय सीमा के अंदर उसका निस्तारण कराने निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कई दिनों से न्यायालय नहीं चलने के कारण काश्तकार व पीड़ित व्यक्ति परेशान रहते हैं। आपसी सामंजस्य बनाकर न्यायालय संचालित किया जाएगा। विदित है कि तत्कालीन तहसीलदार अंजू यादव का स्थानांतरण फूलपुर तहसील के लिए हो गया है। नवागत तहसीलदार उमेश कुमार सिंह ने तहसील कार्यालय में बैठकर कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने माननीय हाई कोर्ट द्वारा पेंडिंग फाइलों का अवलोकन भी किया। बताया कि इसका जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाएगा। लोगों को शासन के मंशा अनुसार कार्य करने का निर्देश भी दिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मनोज कुमार गिरी नजीर नाहिद बानो, किशोर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गयी विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद पुलिस से 03 उप-निरीक्षक, 04 मुख्य आरक्षी, 01 उर्दू अनुवादक, 01 आरक्षी नागरिक पुलिस व 01 फालोवर सेवानिवृत्त हुए, जिनकी विदाई का कार्यक्रम पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा सेवानिवृत अधिकारी /कर्मचारियों को सम्मान पूर्वक मिठाई और गले में फूल माला पहनाकर व मोमेन्टो देकर विदाई की गई, सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को उनके आने वाले भविष्य के लिए स्वास्थता की कामना की गयी। उक्त कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीग मौजूद रहे। सेवानिवृत्त अधिकारी/ कर्मचारीगण का विवरणः-1,रेडियो उनि शिवधर यादव रेडियो शाखा 2. रेडियो उ0नि0 ओमप्रकाश सिंह रेडियो शाखा 3. उ0नि0 नागरिक पुलिस अजीत कुमार सिंह थाना तरवां 4. मुख्य आरक्षी स0पु0 निर्मल कुमार सिंह पुलिस लाइन 5. मुख्य आरक्षी स0पु0 भरत सिंह पुलिस लाइन 6. उर्दू अनुवादक मो0 हारून थाना तहबरपुर 7. मुख्य आरक्षी चालक राधेश्याम यादव पुलिस लाइन 8. मुख्य आरक्षी चालक नसीम खाँ पुलिस लाइन 9. आरक्षी नागरिक पुलिस भवानीदीन थाना कप्तानगंज 10. फालवर मौला राम मौजूद रहे।

# धूम धाम से मना सपा मुखिया अखिलेश का जन्मदिन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मा अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन आज सपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर धूम धाम से मनाया।

जिला कार्यालय जार्जटाउन में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं अध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद की अगुवाई में सुबह 11बजे 52 पाउंड का केक काट एक दूसरे को खिलाकर अपने नेता के दीर्घायु होने तथा आगामी 2027में प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की कामना की गई। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन की अगुवाई में चौक स्थित कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, पूर्व मंत्री अंसार अहमद, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, सत्य वीर मुन्ना, नरेन्द्र सिंह, रविन्द्र यादव, अमरनाथ मौर्य आदि ने अपने भाषण में अखिलेश यादव को पीडीए का महानायक बताते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे देश में डॉ लोहिया एवं डॉ आंबेडकर की विचारधारा को आत्मसात कर पीडीए समाज के आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिये सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने वाले अग्रणी नेता अखिलेश यादव बन चुके हैं।

सपा मुखिया अखिलेश यादव के जन्मदिन पर फाफामऊ क्षेत्र के बहरिया के एक गेस्ट हॉउस में कार्यक्रम कर सपा नेता आदिल हमजा द्वारा जरुरत मंदों को 52 साईकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर कौशाम्बी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिले भर की सभी विधानसभाओं के कार्यालयों, विभिन्न प्रमुख स्थानों, चौराहों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, धर्म राज पटेल, कमल सिंह, राम मिलन यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, बब्बू प्रधान मलावा, मयंक श्रीवास्तव, पप्पू इजराइल, शांति प्रकाश पटेल, शमशाद अहमद, दूधनाथ पटेल, डॉ राजेश, सुधीर निषाद, प्रेमशंकर यादव, राजू पासी, दिनेश यादव, प्रभात यादव, नाटे चौधरी, अजीत यादव, श्रीमती,पद्मा यादव, मुलायम यादव, आसुतोष तिवारी, भोला यादव, किशन यादव आदि मौजूद रहे।



### जरुरत मंदों को बांटा कापी किताब, भोजन और वस्त्र

मांगा अखिलेश यादव की लम्बी आयु का आशीर्वाद

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जन्मदिन पर विभिन्न स्थानों पर कापी, किताब, भोजन, फल और वस्त्र आदि का वितरण किया गया। अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव शौर्य दीप सचिन श्रीवास्तव की ओर से अल्लापुर में जरुरत मंद बच्चों को कॉपी, पेन्सिल के साथ मिठाई बांटी गई। शांतिपुरम लेंबर चौराहे पर पूर्व प्रमुख संदीप यादव के नेतृत्व में मजदूरों ने अखिलेश यादव के चित्र छपी टी शर्ट पहनकर का जन्मदिन मनाया। दारागंज कोठी पर सपा के प्रदेश सचिव मनीष यादव बबलू ने शुभ चिंतकों के साथ केक काटकर खुशियां बांटी। संगम क्षेत्र में हनुमान मंदिर पर पूर्व सपा प्रत्याशी संदीप यादव द्वारा श्रद्धालुओं को लस्सी पिलाकर अपने नेता के दीर्घायु होने तथा आगामी 2027में प्रदेश की बागडोर पुनः सँभालने का आशीर्वाद माँगा। बालसन चौराहे पर प्रदेश सचिव संतलाल वर्मा द्वारा फल बांटकर जन्मदिन मनाया गया।

# सुनियोजित था करछना बवाल, जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**अवधनामा संवाददाता**

**लाठी डंडा और बोतलों में पेट्रोल लेकर आए थे उपद्रवी**

**प्रयागराज।** करछना के भड़ेवरा में हुए उपद्रव को लेकर पुलिस की जांच में बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि यह बवाल पूर्व नियोजित था और हमलावर पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। उनके पास लाठी-डंडों और ईट पत्थरों के अलावा पेट्रोल से भरी बोतलें भी थीं, जिन्हें मौके पर पेट्रोल बम की तरह इस्तेमाल किया गया।

सूत्रों बताते हैं कि करछना थाना प्रभारी अनूप सरोज की ओर से उच्चाधिकारियों को भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है कि हमलावर सुनियोजित तरीके से आए थे। हिंसा की मंशा साफ थी, क्योंकि वे सिर्फ पारंपरिक हथियारों से नहीं, बल्कि पेट्रोल जैसी ज्वलनशील सामग्री के साथ आए थे, जिससे आगजनी को अंजाम दिया जा सके। सूत्रों का कहना है कि बवाल में शामिल कुछ युवकों को घटना से कुछ घंटे पहले करछना क्षेत्र के ही एक पेट्रोल पंप पर देखा गया था। वहीं से वे बोतलों में पेट्रोल भरकर पहले हनुमानपुर मोरी और फिर भड़ेवरा बाजार पहुंचे। जैसे ही बवाल शुरू हुआ, उन्होंने पहले तोड़फोड़ की और फिर राहगीरों के छोड़े गए दोपहिया वाहनों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आशंका यह भी है कि इसमें शामिल युवकों को किसी विशेष रणनीति के तहत प्रशिक्षित या तैयार किया गया था। स्थानीय पुलिस ने मिले इनपुट के आधार पर अब जांच का दायरा बढ़ा दिया को है। हमलावरों की पहचान और उनकी पृष्ठभूमि खंगाली जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि उन्हें इस स्तर की तैयारी किसने कराई और उनके पीछे कौन लोग हैं। फिलहाल घटना में दर्ज मुकदमे में गंभीर धाराएं जोड़ी गई हैं और कुछ संदिग्धों की गिरफ्तारी भी जल्द संभव है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय चश्मदीदों और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

ज्ञात हो कि करछना में हुए बवाल के मामले में 54 नामजद समेत कुल 604 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से 75 को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में 52 नामजद आरोपी हैं जबकि 23 अन्य आरोपी वह हैं, जिन्हें वीडियो फुटेज से चिह्नित किया गया है।

आरोपियों में भीम आर्मी के करछना तहसील अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भी शामिल हैं, जिनकी तलाश जारी है। इससे पहले पांच थाना क्षेत्रों के 18 गांवों में रात भर चली कार्रवाई के दौरान आरोपियों को धरपकड़ में पुलिस जुटी रही।

करछना थाना प्रभारी अनूप सरोज की ओर से सोमवार की सुबह सात बजे करछना थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें आरोप लगाया गया है कि यह पूरा बवाल षडयंत्र के तहत कराया गया।

भीम आर्मी यमुनापार के करछना तहसील अध्यक्ष अभय सिंह उर्फ सोनू और तहसील उपाध्यक्ष प्रतीक देव वर्मन ने अन्य साजिशकर्ताओं संग मिलकर लगभग 600 उपद्रवियों को भड़ेवरा बाजार चौराहे पर एकत्रित किया। फिर रामपुर से कोहड़ार जाने वाले एनएच 35 पर जाम लगा दिया। समझाने पर उपद्रवियों ने पुलिस टीम पर हमला किया और राहगीरों के साथ मारपीट करते हुए उनके वाहनों के साथ ही पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

# नन्हें साई ब्रदर्स ने बनारस के अस्सी घाट पर बिखेरा जलवा

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** वाराणसी के ऐतिहासिक अस्सी घाट पर आयोजित देश के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷सुबह- ए-बनारस÷ में इस बार प्रयागराज के प्रसिद्ध भजन समूह साई ब्रदर्स ने अपनी भक्ति और संगीत साधना से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

भारत की प्राचीन वैदिक परंपरा, योग, अध्यात्म और शास्त्रीय संगीत से ओतप्रोत यह कार्यक्रम हर दिन ब्रह्ममुहूर्त में गंगा तट अस्सी घाट पर आयोजित होता है और भारतीय संस्कृति की जीवंतता का प्रतीक बन चुका है।

साई ब्रदर्स ने इस अवसर पर राग भैरव में भोर की शास्त्रीय प्रस्तुति, राग भूपाली पर आधारित भावपूर्ण भजन नमः शिवाय÷ संत तुलसीदास की अमर रचना ÷पायो जी मैंने राम रतन धन पायो÷ और गुप्त नवरात्रि के अवसर पर माँ दुर्गा की भावमयी स्तुति प्रस्तुत किया।

इस मंच पर प्रस्तुति देना स्वयं में एक उपलब्धि मानी जाती है, जहाँ अब तक पद्मश्री मालिनी अवस्थी, पद्मश्री मोहन मीणा, और विश्वविख्यात ड्रम वादक श्री शिवमणि जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं।साई ब्रदर्स ने इस मंच को संगीत और आत्मा के मिलन का माध्यम बताया और कहा कि काशी की पवित्र गंगा के तट पर, इस दिव्यता से भरपूर मंच पर प्रस्तुति देना हमारे लिए केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव है, जो जीवन भर हमारे हृदय में संजोया रहेगा।


## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अनिल कुमार पुत्र श्री रंजीत नि. नाजिरपुरा , पेपर मिल रोड़ सहारनपुर ने अपने पुत्र रजनीश को गलत आचरण एवं संगत के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य में अपने किसी भी लेन देन एवं कार्य हेतु रजनीश खुद ज़िम्मेदार होगा।

## सर्व साधारण सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुरु शिव धाम आश्रम समिति, ग्राम बडकलां पोस्ट भूरादेव, मो शाकुम्बरी देवी तह0 बेहट, ज़ि.सहारनपुर के पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है !1.चंद्र प्रकाश अध्यक्ष 2. राजेश कुमार उपाध्यक्ष 3.श्रवण कुमार सचिव 4.निसकान्त उपसचिव 5.रजनीश कुमार कोषाध्यक्ष 6.मांगेराम सदस्य 7.राजेश कुमार सदस्य 8. राज कुमार सैनी सदस्य 9.संग्राम सिंह सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है यदि किसी को प्रश्नगत आश्रम के पंजी.के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के भीतर आपत्तियां प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष पेश करें निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार सम्भव न होगा एवं गुण-दोष के आधार पर आश्रम के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।विदित रहे उक्त नोटिस सोसायटी रजि0अधिनियम की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी किया।

**आज्ञा से (शिवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**सहायक रजिस्ट्रार,फर्म्स, सोसा0 तथा चिट्स, सहारनपुर।**

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 22.07.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 07502025 दिनांक 30.06.2025 |
| 2 | निविदा सख्या | 12-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | एडीईएन आरबीएल के अधीन-एसएसई/वे.पी/बीसीएन सेक्शन में विविध ट्रैक रखरखाव कार्य जैसे कि रेल एवं स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण, ओवरहॉलिंग, डिस्ट्रेसिंग, एलडब्ल्यूआर की बॉक्सिग एवं प्रोफाइलिंग का कार्य । |
| 4 | अनुमानित लागत | रु. 1,24,99,518.44 |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 2,12,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 8 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 08.07.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.07.2025 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1965/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मानसून की मेहरबानी से खेती में उछाल

## खरीफ फसलों की बुवाई में हुई 11.3 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण खरीफ फसलों की कुल बुवाई क्षेत्र में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्य रूप से चावल के बुवाई क्षेत्र में 47.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं दालों में 37.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 30 जून 2025 तक कुल संचयी बारिश 180 मिमी है। यह पिछले साल की 147 मिमि और इस अवधि के लिए सामान्य वर्षा 165 मिमि दोनों से ज्यादा है।

इस साल अच्छे दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण खरीफ फसलों की कुल बुवाई क्षेत्र में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक हालिया रिपोर्ट में यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के अनुसार 27 जून तक खरीफ फसलों की कुल बुवाई क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई और 30 जून तक दीर्घावधि औसत (एलपीए) से 9 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है।

**चावल और दालों में हुई वृद्धि**

**समान्य**

**क्षेत्रीय स्तर पर 36 उप-विभागों में से 19 (देश का 49 प्रतिशत) में समान्य से अधिक वर्षा हुई है।**

इसमें कहा गया कि मुख्य रूप से चावल के बुवाई क्षेत्र में 47.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं दालों में 37.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उत्तर खासतौर पर उड़द और मूंग की फसल में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोयाबीन और मूंगफली की अगुआई में तिलहन की फसल में भी बढ़ोतरी देखी गई है। इसके विपरीत कपास की बुआई में 8.9 प्रतिशत और जूट में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों में हुई अधिक बारिश**

क्षेत्रीय स्तर पर 36 उप-विभागों में से 19 (देश का 49 प्रतिशत) में समान्य से अधिक वर्षा हुई है। उत्तर पश्चिमी (42 प्रतिशत) और मध्य (25 प्रतिशत) क्षेत्रों में समान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इसमें गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। मध्य और दक्षिणी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों जैसे महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में सामान्य वर्षा हुई है। हालांकि, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में कम बारिश दर्ज की गई, उसके बाद दक्षिणई प्रायद्वीप का स्थान रहा। पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में बिहार, छत्तीसगढ़, असम, नागालैंड और मेघालय जैसे राज्यों में कम बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी कम बारिश दर्ज की गई है।



**30 जून 2025 तक 180 मिमी बारिश हुई**

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) को जुलाई 2025 में सामान्य से अधिक बारिश की उम्मीद है। यह एलपीए से 106 प्रतिशत अधिक है। 30 जून 2025 तक कुल संचयी बारिश 180 मिमी है। यह पिछले साल की 147 मिमि और इस अवधि के लिए सामान्य वर्षा 165 मिमि दोनों से ज्यादा है।

**जलाशयों के भंडारण स्तर भी बढ़ा**

पूरे भारत में जलाशयों का भंडारण स्तर भी पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। 26 जून, 2025 तक 161 जलाशयों का भंडारण स्तर कुल क्षमता का 36 प्रतिशत है। यह पिछले साल 20 प्रतिशत था। वहीं दक्षिणी क्षेत्र में जलाशय का स्तर सबसे अधिक 45 प्रतिशत है, इसके बाद पश्चिमी 39 प्रतिशत, पूर्वी 31 प्रतिशत, उत्तरी 30 प्रतिशत और मध्य क्षेत्र में 29 प्रतिशत है।

# टैफे और एजीसीओ के मध्य ब्रांड अधिकारों, विज्ञापनों और शेयरधारिता को लेकर विस्तृत समझौता

**लखनऊ।** टैफे, विश्व की एक सबसे बड़ी ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण निर्माता कंपनी, ने आज घोषणा की है कि टैफे, एजीसीओ के साथ, ब्रांड, वाणिज्यिक मुद्दों और शेयरधारिता से संबंधित सभी मामलों पर एक विस्तृत समझौता और समाधान पर पहुंचा है।

टैफे के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा टैफे की विकास गाथा के एक नए युग में प्रवेश करने के साथ हम एजीसीओ सहित अपनी दीर्घकालिक साझेदारी का सम्मान करते हुए इसे संजो कर रखेंगे, तथा एक प्रतिबद्ध शेयरधारक के रूप में एजीसीओ का समर्थन करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि 65 वर्षों से भी अधिक समय से भारतीय ग्राहकों के लिए टैफे और मैसी फ़र्ग्युसन एक दूसरे का पर्याय बने रहे हैं। हम अपने अभिनव उत्पादों, समाधानों और भारत में कृषक समुदाय को सेवा प्रदान करने के माध्यम से भारतीय कृषि को रूपांतरित करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराते हैं। अपने 'कल्टीवेटिंग द वर्ल्ड' के विजन की ओर अग्रसर होते हुए, हम आश्वस्त हैं कि हम अपने सभी हितधारकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने में सक्षम होंगे।

समझौते में निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं: भारत, नेपाल तथा भूटान में मैसी फ़र्ग्युसन ब्रांड पर टैफे का एकमात्र और अनन्य स्वामित्व रहेगा, साथ हीं मैसी फ़र्ग्युसन और संबंधित ट्रेडमार्क एवं उससे जुड़ी सभी गुडविल के समस्त अधिकारों, शीर्षक और हितों पर भी टैफे का स्वामित्व होगा। टैफे, 260 मिलियन डॉलर का मूल्य चुकाकर टैफे में एजीसीओ के शेयरों को वापस खरीदेगा, जो टैफे की इक्विटी के 20.7प्रतिशत के बराबर है, जिससे टैफे सम्मिश्रित ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगा- एक विविध औद्योगिक संगुटिका जिसका मुख्यालय भारत के चेन्नई शहर में स्थित है। टैफे, एजीसीओ में 16.3प्रतिशत के स्वामित्व के साथ अपनी हिस्सेदारी बरकरार रखेगा, और इसका विस्तार नहीं करेगा, साथ हीं कुछ अपवादों के अधीन अपने आनुपातिक स्वामित्व को बनाए रखने के लिए एजीसीओ के भविष्यगत वापस-खरीद कार्यक्रमों में भाग लेगा।

टैफे, शेयरधारकों की बैठकों में एजीसीओ के निदेशक मंडल की सभी संस्तुतियों के पक्ष में अपने शेयरों से मतदान करके एजीसीओ का समर्थन करेगा, जिसमें टैफे को निश्चित छूट भी होगी। टैफे, एजीसीओ के अग्रणियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से आवधिक वार्ताओं के माध्यम से एजीसीओ में दीर्घकालिक निवेशक बना रहेगा। हालांकि टैफे और एजीसीओ के

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने 16वां एक्सक्लूसिव शोरूम उरई में किया लॉन्च



**उरई।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने शहर के न्यू पटेल नगर में अपने 16 वें एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। इस अवसर पर हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। शोरूम के उद्घाटन के उपलक्ष में किसना आकर्षक लॉन्च ऑफर्स लेकर आया है। डायमंड ज्वेलरी की मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी की मेकिंग चार्जेस पर 25% की छूट और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट व डेबिट कार्ड पर 5% की इंस्टेंट छूट। घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमेशा से हमारे रिटेल विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार रहा है। जहां उपभोक्ताओं का विश्वास और खूबसूरत ज्वेलरी की बढ़ती मांग देखने को मिलती है। राज्य में यह 16 वां शोरूम हमारे विजन हर घर किसना+ की दिशा में एक और कदम है। जिससे हम हर महिला का डायमंड ज्वेलरी पहनने का सपना साकार करना चाहते हैं। किसना के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा कि किसना में हम आधुनिकता और स्थानीय संस्कृति के मेल से एक विशेष ज्वेलरी अनुभव देने का प्रयास करते हैं। उरई का यह शोरूम परंपरागत और आधुनिक दोनों प्रकार की पसंद को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर तैयार की गई। डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के एक खूबसूरत रेंज प्रस्तुत करता है। लॉन्च ऑफर, पारदर्शी मूल्य, निर्धारण और व्यक्तिगत सेवा के साथ हम ग्राहकों को एक विशेष अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। फ्रेंचाइजी पार्टनर जितेंद्र कुमार गुप्ता एवं ऋषि कुमार गुप्ता ने कहा कि उरई में किसना को लाना हमारे लिए गर्व का क्षण है।

# भारत के कर सुधार और डिजिटलीकरण से राजस्व में वृद्धि हुई, सेविले में बोलीं सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पेन के सेविले में एफएफडी4 के दौरान कहा कि भारत में कर सुधार और डिजिटलीकरण से राजस्व में वृद्धि हुई है और अनुपालन लागत में कमी आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय वित्तीय प्रणाली आसान ऋण और कम अनुपालन लागत के जरिए समावेशिता को बढ़ावा देती है।

भारत में कर सुधार और डिजिटलीकरण से राजस्व में वृद्धि हुई है। साथ ही अनुपालन लागत में कमी आई है। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को स्पेन के सेविले में एफएफडी4 के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि हम कर प्रणालियों को आधुनिक बनाने और अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करते हैं। हम मानते हैं कि सही तरह का नियम-कानून नवाचार और स्थिरता दोनों को बढ़ावा देता है। भारतीय वित्तीय प्रणाली आसान ऋण और कम अनुपालन लागत के जरिए समावेशिता को बढ़ावा देती है, खासकर एमएसएमई के लिए। हमने बुनियादी ढांचे में स्टार्टअप और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के लिए एक गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) में सुधार और अधिक निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों सहित समावेशिता और समानता को बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधार का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि एमडीबी ऋण को दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए।

सीतारमण ने कहा कि हम यहां सेविले में अदीस अबाबा एक्शन एजेंडा को अपनाने के एक दशक बाद मिल रहे हैं। इसमें जटिल वैश्विक परिदृश्यों में देशों द्वारा की गई प्रगति को मान्यता दी गई।

# जियोहॉटस्टार पर दिखेगा 'सरज़मीं' का जुनून

## देशभक्ति और बलिदान की कहानी में नजर आएंगे पृथ्वीराज, काजोल और इब्राहिम

**मुंबई।** जब खतरे चारों ओर मंडरा रहे हों, तब एक सैनिक को उस देश के प्रति अपने कर्तव्य, जिसकी रक्षा का उसने वचन दिया है, और अपने प्रिय परिवार के बीच एक कठिन चुनाव करना पड़ता है।

'सरज़मीं', एक भावनात्मक और असरदार थ्रिलर फिल्म, 25 जुलाई से केवल जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। यह फिल्म युद्ध के मैदान के पीछे चलने वाले उन चुपचाप सुलगते संघर्षों को दिखाती है, जहाँ कर्तव्य की कीमत सिर्फ़ बलिदान नहीं, बल्कि कई बार शक भी होता है।

कश्मीर की अस्थिर पृष्ठभूमि पर आधारित यह कहानी है विजय मेनन (पृथ्वीराज सुकुमारन) की, जो एक सम्मानित सेना अधिकारी हैं और अपने अडिग कर्तव्यबोध और बलिदान के लिए जाने जाते हैं।

काजोल, एक मज़बूत माँ और पत्नी मीरा की भूमिका निभा रही हैं, जो अपने परिवार को एकजुट रखने के लिए संघर्ष करती हैं। वहीं, इब्राहिम अली खान युवा हरमन के किरदार में नजर आएंगे, जो अतीत की परछाइयों और कड़वे सच के बीच उलझा हुआ है।

जियोस्टार के आलोक जैन ने कहा, सरज़मीं आज के दौर के लिए बेहद प्रासंगिक फिल्म है। यह आज की दुनिया की भावनात्मक जटिलताओं को पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ सामने लाती है। हम ऐसी कहानियाँ पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सिर्फ़ मनोरंजन न होकर कुछ कहती भी हों। सरज़मीं, जो धर्मा के साथ मिलकर बनाई गई है, हमारी इसी सोच का बेहतरीन उदाहरण है।

निर्माता करण जौहर ने कहा, सरज़मीं कर्तव्य, परिवार और उन फैसलों की एक गहराई से भरी कहानी है जो हमारे जीवन को आकार देते हैं। यह सिर्फ़ एक थ्रिलर नहीं है, बल्कि एक बेहद निजी और ताकतवर यात्रा है जो हमारे समय की सच्चाइयों को सामने लाती है। यह फिल्म दिखाती है कि जब चारों ओर सब कुछ असमंजस में हो, तब भी अपने मूल्यों और विश्वासों पर टिके रहना क्या मायने रखता है। हमें खुशी है कि हम जियोहॉटस्टार के साथ एक बार फिर जुड़कर यह कहानी दर्शकों तक पहुँचा रहे हैं यह साझेदारी हर बार कुछ सार्थक और यादगार लेकर आती है।

निर्माता अपूर्व मेहता ने कहा, धर्मा में हम हमेशा ऐसी कहानियाँ सुनाने की कोशिश करते हैं जो दिल से जुड़ें और दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ें। सरज़मीं भी ऐसी ही एक फिल्म है-जिसमें भव्यता भी है और भावनात्मक गहराई भी। कायोज़ ने इस कहानी को बड़ी संवेदनशीलता से पर्दे पर उतारा है, और पृथ्वीराज, काजोल और इब्राहिम की दमदार अदाकारी ने इसे और खास बना दिया है। हमें खुशी है कि हम जियोहॉटस्टार के साथ मिलकर इस सार्थक सिनेमा को देशभर के दर्शकों तक पहुँचा रहे हैं।

निर्देशक कायोज़ इरानी, जो इस फिल्म से अपना फीचर डायरेक्शन डेब्यू कर रहे हैं, ने कहा, सरज़मीं मेरे दिल के बेहद करीब है-सिर्फ़ इसलिए नहीं कि यह मेरी पहली फिल्म है, बल्कि इसलिए कि यह एक ऐसी कहानी है जिसे कहना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं करण, अपूर्व और पूरे धर्मा परिवार का शुक्रगुज़ार हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। पृथ्वीराज सर, काजोल मैम और इब्राहिम जैसे शानदार कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। हर कलाकार ने अपने अभिनय में भावनात्मक गहराई और सच्चाई झलकाई है।

# एसरी इंडिया ने जियो एआई पर बड़ा दांव लगाया

## जीआईएस एवं एआई के लिए नए कंपिटेंसी सेंटर में 150 करोड़ रुपये से अधिक निवेश की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) में अग्रणी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट




लिमिटेड ने नोएडा में एक नई इकाई में जीआईएस एवं एआई कंपिटेंसी सेंटर खोलने की आज घोषणा की। एसरी इंडिया अगले 5 साल में 150 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। इस रणनीतिक निवेश का लक्ष्य जीआईएस एप्लीकेशंस में एआई को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देना है। जीआईएस क्षेत्र में एसरी इंडिया की अग्रणी स्थिति के बल पर यह नया सेंटर जियोएआई पेशकश पर कंपनी के ध्यान के लिए एक गतिशील उत्प्रेरक के तौर पर काम करेगा और ग्राहकों को उनकी जीआईएस और जियोएआई क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सशक्त करेगा।

इस निवेश के तहत, एसरी इंडिया एआई विशेषज्ञों, डेटा वैज्ञानिकों, जीआईएस विशेषज्ञों और इस उद्योग क्षेत्र के पेशेवरों की अपनी टीम का विस्तार करेगी। यह विशेषज्ञ टीम ऐसे एडवांस्ड एआई पावर्ड जियोस्पैटियल सॉल्यूशंस विकसित करने पर ध्यान देगी जो जीआईएस यूज़र्स के समक्ष बढ़ रही जटिल चुनौतियों का समाधान कर सके।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार ने कहा, एआई और जियोस्पैटियल इंटेलिजेंस का मेल जीआईएस एप्लीकेशंस में अनूठे नवप्रवर्तन को परिभाषित कर रहा है। जहां एक ओर एसरी की जीआईएस टेक्नोलॉजी का पहले से कहीं अधिक तेजी से उद्भव हो रहा है, वहीं एआई में नवप्रवर्तन बहुत तेज गति से उभर रहा है। परिवर्तन की गति इतनी तेजी है कि बिना रणनीतिक निवेश के जीआईएस एप्लीकेशंस में एआई के परिवर्तनकारी उपयोग का नेतृत्व करना संभव नहीं होगा। इस नए जीआईएस एवं एआई कंपिटेंसी सेंटर में इंजीनियर एआई का स्पैटियल एनालिसिस में एकीकरण पर ध्यान देंगे जिससे ग्राहक जियोस्पैटियल डेटा, ऑटोमेट रुटीन प्रोसेस से अधिक समृद्ध अंतर्दृष्टि प्राप्त कर सकेंगे और अधिक तेज एवं विवेकपूर्ण निर्णय कर सकेंगे।

जैसा कि डेटा की मात्रा जबरदस्त ढंग से तरह बढ़ रही है और नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, त्वरित कार्यवाही योग्य अंतर्दृष्टि हासिल करने की क्षमता महत्वपूर्ण हो गई है। एआई इस नए परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा रहा है जिससे संगठनों के लिए भारी मात्रा में डेटा को प्रोसेस करना, प्रारूप की पहचान करना और रुख का अनुमान लगाना और बड़े स्तर पर स्वतः निर्णय करना सुगम हो रहा है जो पहले असंभव था। एसरी इंडिया ने भारत में अपने यूजर्स के लिए भूमि प्रबंधन, परिसंपत्ति प्रबंधन, तस्वीर से वस्तु की पहचान, वीडियो एनालिटिक्स आदि में एआई के साथ जीआईएस एप्लीकेशंस का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

एसरी इंडिया स्थानीय एआई प्रतिभा का निर्माण करने और जियोएआई में नवप्रवर्तन को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ अपनी साझेदारी भी मजबूत कर रही है। इस कंपनी का इरादा एआई-रेडी डेटासेट्स जारी करने, भारतीय डेटा के साथ मॉडलों को ट्रेन करने और एआई पावर्ड जीआईएस एप्लीकेशंस के लिए बढ़ती मांग को सपोर्ट प्रदान करने के लिए क्षमता निर्माण करने का है।

# जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में नवीन पीजीडीएम बैच के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम प्रारंभ

**लखनऊ।** जयपुरिया प्रबंध संस्थान, लखनऊ ने नवीन शैक्षणिक सत्र के पीजीडीएम, पीजीडीएम एवं पीजीडीएम पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया है। यह दो सप्ताह का कार्यक्रम 30 जून से 12 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम है +शिक्षा के माध्यम से संकल्प शक्ति+, जो विद्यार्थियों में संकटों में स्थिरता, विकासशील दृष्टिकोण तथा समग्र व्यक्तित्व निर्माण को प्रोत्साहित करती है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन की मजबूत नींव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों से आने वाले अनुभवी अतिथि वक्ता विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जिनमें श्री परमोद कमलानी, साझेदार, ईवाय रणनीति एवं लेनदेन; सुश्री प्राची बवाड़ी गर्ग, निदेशक - मानव संसाधन, क्रिसिल लिमिटेड;





श्री हरीश अय्यर, समावेशन एवं विविधता विशेषज्ञ, सत्यजीत सिंह, उत्पाद प्रमुख,जियोहॉटस्टार, ऋतु शर्मा, प्रतिभा रणनीति प्रमुख, ब्रिलियो एवं डॉ. मोहित शर्मा, सह-निदेशक मानव संसाधन, सिनर्जी कंसल्टिंग प्रमुख रूप से शामिल हैं।

यह दो सप्ताही कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को संस्थान, उसकी कार्यशैली और मूल्यों से परिचित कराता है बल्कि उन्हें मानसिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में भी प्रेरित करता है। जयपुरिया लखनऊ इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संकल्प दोहराता है कि वह विद्यार्थियों को एक सशक्त, उत्तरदायी एवं उद्योग के अनुकूल प्रबंधक के रूप में तैयार करने हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

इसमें विविध गतिविधियाँ जैसे अभिभावकों के साथ संवाद, उद्योग विशेषज्ञों के प्रेरक सत्र, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा निवारण पर कार्यशालाएं, सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े सत्र, दल निर्माण हेतु गतिविधियाँ तलाश, खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक संध्या और नवागंतुकों के लिए स्वागत समारोह सम्मिलित की गई है।

# ग्राहकों के साथ 70 सालों का जश्न

## यामाहा ने RayZR 125 Fi Hybrid की कीमत में 10,000 रुपये के लाभ की पेशकश की




यामाहा RayZR 125 Fi Hybrid रेंज पर बिना किसी अतिरिक्त खर्च के उद्योग-अग्रणी 10 साल की 'टोटल वारंटी'भी मिलेगीयामाहा मोटर इंडिया समूह की कंपनियों (वाईएमएसी) आज अपना 70वां स्थापना दिवस मना रही है। यह एक खास अवसर है,जो 1955 से अब तक दुनिया भर के ग्राहकों को नए-नए प्रोडक्ट्स,दमदार परफॉर्मेंस और राइडिंग के रोमांच से जोड़ने की इसकी यात्रा को दर्शाता है। यामाहा ने अपनी तकनीकी उत्कृष्टता और गतिशीलता के जुनून के साथ न सिर्फ वाहन बनाए,बल्कि लाखों लोगों को प्रेरित भी किया है। इस विशेष अवसर को मनाने के लिए, इंडिया यामाहा मोटर अपने लोकप्रिय RayZR 125 Fi Hybrid और RayZR 125 Fi Hybrid Street Rally पर 7,000 रुपये का प्राइस बेनिफिट (एक्स-शोरूममूल्यपर) दे रही है। कंपनी ने ग्राहकों को धन्यवाद कहने के लिए,यह सीमित समय का सेलेब्रेटरी ऑफर पेश किया है जिन्होंने दशकों से लगातार हमारे प्रोडक्ट्स में अपना विश्वास और समर्थन दिखाया है। इस छूट के साथ, ग्राहक फाइनल ऑन-रोड मूल्य पर 10,000 रुपये तक बचा सकते हैं। ऑफर में यामाहा की उद्योग-अग्रणी 10-वर्षीय 'टोटल वारंटी' भी शामिल है, जो RayZR को 125cc सेगमेंट में और भी आकर्षक विकल्प बनाती है। इस10-वर्षीय 'टोटल वारंटी' में 2 साल की स्टैण्डर्ड वारंटी और 8 साल की एक्सटेंडेड वारंटी शामिल है,जो फ्यूल इंजेक्शन (Fi) सिस्टम सहित इंजन और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट्सको1,00,000 किमी तक कवर करती है। यह वारंटी पूरी तरह से अगले मालिकों को हस्तांतरणीय है। यह शानदार कवरेज यामाहा के उत्पादों की मजबूती में विश्वास दिखाती है और लंबे समय तक मालिकाना मूल्य को बढ़ाती है।

# लखनऊ में नारायणा ग्रुप का नया कोचिंग सेंटर शुरू, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अब होगी और सशक्त

**लखनऊ।** देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शुमार नारायणा ग्रुप ने सोमवार को लखनऊ के गोमती नगर में अपने नवीनतम और अत्याधुनिक कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया। यह सेंटर इंजीनियरिंग, मेडिकल, फाउंडेशन और ओलंपियाड जैसी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकवृंद और अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराएगा। उद्घाटन समारोह गोमती नगर स्थित सीपी-4, विराज खंड (हनिमन चौराहा के पास) पर आयोजित हुआ, जिसमें अभिभावकों, छात्रों, शिक्षाविदों और समाज के प्रमुख लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि पी. शरणी (डायरेक्टर, नारायणा ग्रुप) तथा विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पी. प्रमिला (अकादमिक डायरेक्टर, नारायणा ग्रुप), श्याम भूषण (नेशनल अकादमिक हेड, नारायणा कोचिंग सेंटर) और राकेश यादव (वाइस




प्रेसिडेंट, नारायणा कोचिंग सेंटर शामिल रहे इस अवसर पर मुख्य अतिथि पी. शरणी ने कहा, +नारायणा ग्रुप ने शिक्षा के क्षेत्र में जिस प्रकार गुणवत्ता और समर्पण का परिचय दिया है, वह अनुकरणीय है। लखनऊ जैसे सांस्कृतिक और शैक्षणिक रूप से समृद्ध शहर में इस सेंटर की स्थापना से छात्रों को सफलता की दिशा में नया मार्ग मिलेगा। यह न केवल एक शिक्षण केंद्र है, बल्कि यह छात्रों के सपनों को साकार करने का आधार बनेगा।

डॉ. पी. प्रमिला ने अपने संबोधन में कहा, नारायणा ग्रुप का उद्देश्य केवल पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि हर छात्र की पूरी शैक्षणिक यात्रा में उसका सच्चा मार्गदर्शक बनना है। लखनऊ सेंटर में छात्रों को जिस प्रकार की व्यक्तिगत देखरेख, आधुनिक डिजिटल लर्निंग और मानसिक प्रेरणा मिलेगी, वह उन्हें न केवल परीक्षाओं में, बल्कि जीवन मे भी सफल बनाएगी।

श्याम भूषण (नेशनल अकादमिक हेड) ने कहा हम लखनऊ में इस अत्याधुनिक सेंटर की स्थापना कर बेहद गौरवान्वित हैं। यह केवल एक कोचिंग सेंटर नहीं, बल्कि छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हाल ही में हमारे छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है - NEET 2025 में हमारे 2 छात्रों ने AIR टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया, और 1200 से अधिक छात्रों ने प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाया। वहीं JEE Advanced 2025 में 5 छात्रों ने AIR टॉप 10 में स्थान पाया और 5000 से ज्यादा छात्रों ने क्वालिफाई किया, जिनमें से 50 से अधिक ने IIT Bombay और Delhi में सीटें अर्जित कीं। ये उपलब्धियाँ हमारे प्रतिबद्ध शिक्षकों, नवोन्मेषी शिक्षण प्रणाली और छात्रों की मेहनत का परिणाम हैं।

# इंडिया फर्स्ट लाईफ के एजेंसी चैनल ने उत्तर प्रदेश में दर्ज की शानदार बढ़ोतरी

**लखनऊ।** इंडिया फर्स्ट लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (इंडिया फर्स्ट लाईफ) डिजिटल इनोवेशन्स, उपभोक्ता-उन्मुख योजनाओं तथा सशक्त वितरण नेटवर्क के साथ उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के प्रयास जारी रखे हुए है। उत्तरी क्षेत्र का यह प्रमुख राज्य इंडिया फर्स्ट लाईफ की विकास योजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर सुमीत साहनी, चीफ़ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर- एजेंसी चैनल, इंडिया फर्स्ट लाईफ ने कहा, ''एजेंसी निर्माण हमें उत्तर प्रदेश और देश भर में लास्ट माइल उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मजबूत शाखा नेटवर्क के निर्माण में सक्षम बनाता है। राज्य में अपने वितरण नेटवर्क का उपयोग कर हम उपभोक्ताओं की ज़रूरत के अनुसार इंश्योरेंस समाधान लेकर आते हैं और उनके लिए फाइनैंशियल सुरक्षा बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से राज्य की प्रगति, तथा बढ़ती फाइनैंशियल



जागरुकता के बीच यह हमारे विकास योजनाओं में बहुत अधिक मायने रखता है। हमारी मौजूदा एवं नई शाखाएं लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने, उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने तथा बड़ी संख्या में रोज़गार के अवसर उत्पन्न कर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैवित्त वर्ष 2025 के दौरान यूपी ने इंडिया फर्स्ट लाईफ के कुल एपीई में तकरीबन 18 फीसदी योगदान दिया। इनमें से लखनऊ एवं कानपुर का योगदान सबसे अधिक रहा। राज्य में इंडिया फर्स्ट लाईफ के कुल राजस्व में इन दोनों शहरों का योगदान तकरीबन 25 फीसदी था लखनऊ एवं कानपुर में एजेंसी चैनल टीमों ने कुल एजेंसी एपीई में 14 फीसदी योगदान दिया।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 02 जुलाई 2025



# संचारी रोग नियंत्रण में सबकी सहभागिता जरूरी

**संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय रविन्द्रनगर से स्कूली बच्चों की जन जागरूकता रैली को मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



जन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाती सीडीओ

इस मौके पर स्कूली बच्चों ने साफ सफाई एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु नारों की तख्तियां लेकर रैली में आगे बढ़ रहे थे जिन पर जन जागरूकता के नारे, बुखार में देरी-पड़ेगी भारी, मच्छर, गंदा पानी संचारी रोगों की रचे कहानी, चूहा, मच्छर और छछूंदर आने ना दो घर के अन्दर, हम सबने ठाना है। संचारी रोग भगाना है, प्रदर्शित किए गए थे। रैली विद्यालय प्रांगण से रविन्द्र नगर चौराहे से होते हुए वापस विद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक का मुख्य उद्देश्य दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सहित जल जनित रोगों एवं दस्त रोग से बचाव हेतु सघन अंतर्विभागीय गतिविधियां सम्पादित करनी है।

इस अभियान से जुडे 12 विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसमें पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्टर नियंत्रण गतिविधियां, साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, नालियों की सफाई, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सहित वेक्टर नियंत्रण हेतु लार्वीसाईड का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य किया जायेगा। जबकि शहरी क्षेत्र में नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, नालियों की सफाई, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता सहित वेक्टर नियंत्रण हेतु लार्वीसाईड का छिड़काव एवं फागिंग का कार्य किया जायेगा। सभी विभाग स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। हाई रिस्क क्षेत्रों की सूची वाले गांवों, मोहल्लों में अपनी अंतर्विभागीय गतिविधि संघनता के साथ सम्पादित करेंगी। दस्तक अभियान के अन्तर्गत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर भ्रमण कर बुखार के रोगियों एवं टीबी कुष्ठ, कालाजार, कुपोषित बच्चों की सूची, आभा आईडी का सृजन व दस्त रोग से बचाव हेतु आवश्यक ओआरएस/जिंक अपने साथ रखेंगी तथा दस्त रोग से पीड़ित व्यक्ति/बच्चों के मिलने पर उन्हे प्रदान करेंगी।

साथ ही स्वच्छ पेय जल के उपयोग तथा मच्छर जनित रोगों एवं जल जनित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी व 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चें एवं संदिग्ध टीबी रोगियों के घर पर स्टीकर लगायेंगी व संचारी रोगों से बचाव हेतु जन-जागरुकता फैलाने का कार्य करेंगी।

इस रैली में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भाष्कर, जिला मलेरिया अधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनपद के समस्त संबंधित अधिकारी एवं स्वयं सेवी संस्था डब्ल्यूएचओ के जिला प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# समाज में पीड़ित और जरूरतमंदों को कानून का लाभ दिलाएं पीएलवी : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नियुक्त 10 पराविधिक स्वंय सेवकों (पीएलवी) को दीवानी न्यायालय के ए0डी0आर0 भवन में प्रशिक्षण दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव ने राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत एवं मौलिक अधिकार को बताते हुये कहा कि नए पीएलवी प्रशिक्षण में मिली जानकारी से जरूरतमंदों को लाभ दें। उनका काम ही जरूरतमंदों की निःशुल्क सहायता करना है। उन्होने कहा कि जानकारी के अभाव में कई लोग कानून का लाभ नहीं ले पाते हैं। सरकार और न्यायपालिका ने कई ऐसे कानून बनाए हैं, जिनका लाभ समाज के पीड़ित वर्ग को मिलना चाहिए। पीएलवी की जिम्मेदारी है कि समाज में पीड़ित और जरूरतमंदों को कानून का लाभ दिलाएं और उनके लिए पहल भी करें।



प्रशिक्षण के दौरान डिप्टी लीगल एड डिफेन्स कांउसिल ओम प्रकाश तिवारी ने सविधान के प्रस्तावना व मौलिक अधिकार का वर्णन करते हुये कहा कि लोगों को भरोसा रहता है कि पीएलवी उनके और न्यायपालिका के बीच एक मजबूत कड़ी हैं। पीएलवी के माध्यम से कई पीड़ितों को समय से न्याय भी मिल जाता है। ऐसे में जरूरी है कि पी0एल0वी0 अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के मध्यस्थ एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द कुमार पाण्डेय द्वारा मौलिक अधिकारों के बारें में पराविधिक स्वंय सेवकों (पीएलवी) को बताया गया। उन्होने कहा कि पीएलवी को कार्य शुरू करने से पहले प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के माध्यम से उनको कानून और कानून का जरूरतमंदों को लाभ दिलाने की जानकारी दी जाती है। ऐसे में यह जरूरी है कि पी0एल0वी0 अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाए। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व में नियुक्त पी0एल0वी0 तेज प्रताप यादव, शैलेन्द्र यादव एवं सूर्य प्रताप सिंह द्वारा अपने अनुभवों को साक्षा किया गया।

इस अवसर पर सुशील कुमार चौहान, मनोज कुमार सिंह, विशाल कुमार गुप्ता, अभिनय कुमार, रितेश कुमार शुक्ला, मृत्युन्जय नारायण पाण्डेय, निकेश कुमार पाण्डेय, देवव्रत पाण्डेय, यशवन्त यादव, रीना देवी इत्यादि पराविधिक स्वंय सेवकों (पीएलवी) उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों के द्वार पहुंचे रोटेरियन

**रोटरी क्लब ने चिकित्सकों को नेशनल डॉक्टर्स डे पर किया गया सम्मानित**

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर नगर के चिकित्सकों जिसमे डॉ रामायण सिंह, डॉ ज्ञान प्रकाश राय, डॉ आफताब हुसैन, डॉ वीके सिंह, डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ पवन खरवार, डॉ नदीम वारसी, डॉ विजेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ मार्कंडेय चतुर्वेदी, डॉ मुकेश यादव, डॉ आशुतोष पाण्डेय, डॉ विवेक सिंह, डॉ श्वेता तिवारी, डॉ अवधेश तिवारी, डॉ रितेश कुमार, डॉ आशीष राय, डॉ रंजीत सिंह, डॉ योगेश्वर मद्धेशिया, डॉ श्याम बिहारी जायसवाल, डॉ अनिल सिन्हा, डॉ अब्दुल समद को उनके आवास एवं क्लीनिक पहुंचकर पुष्प, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया एवं नेशनल डॉक्टर्स डे की बधाई दी गई।



चिकित्सकों को सम्मानित करते रोटरी क्लब के सदस्य

रोटरी के सहङ्कसंरक्षक वाहिद अली ने कहा कि हमारे देश की विशाल जनसंख्या कई तरीकों से चिकित्सक और उनके गुणवत्तापूर्ण उपचार पर निर्भर करती है जो उपाय और उपचार के तरीकों में प्रगति को दिखाता है, डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास की डोर जितनी मजबूत होती है, मरीज इतनी जल्दी अच्छा होता है। रोटरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष साहिल बजाज एवं सचिव विजय गुप्ता ने कहा कि चिकित्सकों को समाज के महत्वपूर्ण भागों में से एक माना जाता है। डॉक्टर्स की सेवा, महत्वपूर्ण भूमिका से स्वस्थ समाज का विकास होता है। इस मौके पर चिकित्सकों ने रोटरी क्लब के सदस्यों से अपने अनुभव को साझा किया। आईएमए कुशीनगर के अध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ज्ञान प्रकाश राय ने रोटरी क्लब कुशीनगर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा विविध कार्यक्रम किए जाते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष साहिल अहमद, सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण द्विवेदी, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, सह सचिव सदरे आलम, निदेशक रंजीत श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी विशाल शर्मा उपस्थित रहे।

# तीन अबोध बच्चियां अचानक गायब, गांव में मचा हड़कंप

**कप्तानगंज थाना क्षेत्र के देवकली उर्फ चकिया क्षेत्र का मामला**

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के देवकली उर्फ चकिया से मंगलवार को अचानक तीन अबोध बच्चियों के गायब होने की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।



परिजनों के मुताबिक गांव के पूरब बड़ी नहर के करीब खेत में धान की रोपाई हो रही थी। 7 वर्षीय जागृति 5 वर्षीय जया पुत्री सुदामा चौहान व मुस्कान उम्र 7 वर्ष पुत्री पिंटू गुप्ता तीनों बच्चियां गांव के पूरब बड़ी नहर पर जाने वाली सड़क पर खेल रही थी। जागृति के दादा रामअवतार चौहान व 70 वर्षीय दादी खेत की रोपाई में व्यक्त थे। खेत के रोपाई के बाद तीनों बच्चियों के परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। काफी देर तक जब पता नही चला तो परिजनों ने डायल 112 नम्बर पर सूचना दी।

मौके पर डायल 112 नम्बर मयफोर्स पहुंची, कप्तानगंज पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। रामअवतार चौहान व पिंटू गुप्ता ने बताया हम लोग कप्तानगंज थाने पर एफआईआर देने जा रहे है। चौकी प्रभारी बोदरवार प्रदीप कुमार ने बताया सूचना मिली है, जांच पड़ताल की जा रही है।

# सरकारी स्कूल से दर्जनों बच्चों को प्राईवेट स्कूल के संचालक द्वारा उठा ले जाने का आरोप

**दुदही ब्लॉक के ठाढ़ीभार मॉडल प्राईमरी स्कूल का मामला**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक सरकारी स्कूल के लगभग दर्जनों से ज्यादा बच्चों को एक प्राईवेट स्कूल के संचालक द्वारा जबरन उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। संचालक के इस करतूत से अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षकों ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया।




मॉडल प्राईमरी स्कूल ठाढ़ीभार

बता दें कि महीनों छुट्टी के बाद 1 जुलाई सोमवार को सरकारी व गैर सरकारी स्कूल खुले, बच्चे तैयार होकर समय से स्कूल पहुंचे। इसी बीच दुदही ब्लॉक के ठाढीभार नौका टोला स्थित मॉडल प्राईमरी स्कूल में सोमवार को नजदीक के एक गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय के संचालक द्वारा उक्त विद्यालय में पहुंचकर शिक्षकों को धमकी देते हुए करीब दो दर्जन से ज्यादा बच्चों को अपने स्कूल में उठा ले गया।

इसका विरोध जब शिक्षकों ने किया तो उक्त विद्यालय के संचालक द्वारा देख लेने की धमकी देते हुए चला गया। इस संबंध में विद्यालय के शिक्षकों ने बीईओ सहित अन्य अधिकारियों से पत्र लिखकर इसकी शिकायत किया। इस संबंध ने बीएसए राम जियावन मौर्य ने कहा कि जांचकर स्कूल संचालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस




अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज कुशीनगर में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया गया जिसमें हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अस्पताल में जा कर डॉक्टर को ग्रीटिंग कार्ड्स, बुके आदि दे कर धन्यवाद और सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य डॉ वैभव वांटू ने बताया की हर साल 1 जुलाई को 'नेशनल डॉक्टर्स डे' मनाया जाता है। ये डॉक्टर्स को समर्पित होता है। डॉक्टर्स को भगवान का रूप भी कहा जाता है। क्योंकि ये अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की जिंदगी बचाते हैं। आगे निर्देशक आकाश चन्द्रा एवं रत्नेश कुमार चंद्रा ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा की कोरोना जैसी महामारी ने तो हमें यह सिखा भी दिया कि सच में डॉक्टर हमारे लिए भगवान का रूप हैं। जो पीपीई किट में लिपटे रहते हुए भी हमें हर पल बचाने में लगे रहे। आगे उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया ने बताया की 2025 में भी डॉक्टर्स डे का यह अवसर हमें याद दिलाता है कि एक 'थैंक यू' कितना बड़ा असर कर सकता है। मैनेजर अरविन्द कुमार पांडेय ने बच्चों को डाक्टर बन कर देश सेवा करने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर रेहाना शालिनी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। डॉक्टर बच्चों से मोहित हो कर उनको चॉकलेट बिस्किट आदि खिलाई।

# देवरिया में दो मीडियाकर्मी से मारपीट सामान छीना, फर्जी मुकदमें दर्ज कराए

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पत्रकारों पर बढ़ते हमलों और प्रशासनिक दबाव के खिलाफ सोमवार को पत्रकारों ने सुभाष चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे पत्रकारों ने सलेमपुर तहसील में पत्रकार कालिका तिवारी और गंगेश पांडे पर हुए हमले और उनके खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमों को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर इस तरह के हमले अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

घटना 26 जून की है, जब पत्रकार कालिका तिवारी और गंगेश पांडे सलेमपुर तहसील में समाचार संकलन के लिए पहुंचे थे। उसी दौरान लेखपाल अशोक कुमार ने उनके साथ न सिर्फ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की, बल्कि उनकी जेब से पैसे भी छीन लिए। पत्रकारों का आरोप है कि लेखपाल ने कैमरा और मोबाइल तोड़ने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी भी दी। यह घटना सिर्फ शारीरिक हमले तक सीमित नहीं, बल्कि स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा हमला है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पत्रकारों के खिलाफ नेपाल से जुड़ी रिपोर्टिंग को लेकर भी फर्जी मुकदमे दर्ज किए ग हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो को आधार बनाकर पत्रकारों को धमकाया जा रहा है। नेपाल सरकार द्वारा भी इन पत्रकारों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है, जो पत्रकारिता की स्वतंत्रता को दबाने की कोशिश का प्रतीक है।

उत्तर प्रदेश में पत्रकारों पर हमले और धमकियों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हालिया मामलों में गोली मारने, अपहरण और उत्पीड़न जैसी घटनाएं सामने आई हैं। पत्रकारों ने चेताया कि अगर उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप ले सकता है। उनका कहना है कि अब चुप बैठने का समय नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने का वक्त है।



## प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने चार प्रमुख मांगें रखीं

1. पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बने।
2. कालिका तिवारी और गंगेश पांडे पर दर्ज फर्जी मुकदमे रद्द हों।
3. लेखपाल अशोक कुमार पर तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई हो।
4. पत्रकारों को स्वतंत्रता और अधिकारों के साथ कार्य करने दिया जाए।

# समिति क्षेत्र के किसानों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करेगी : अमित सिंह बबलू

**देवरिया।** लार के खेमादेई मे स्थित बहुउद्देशीय सहकारी समिति के कायाकल्प का काम पूरा हो गया। जिसका पुनरलोकार्पण किया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में समिति के सदस्यों, स्थानीय नेताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समिति की गतिविधियों को पुनर्जीवित करना और क्षेत्र के विकास में इसका योगदान बढ़ाना था। पुनर लोकार्पण कार्यक्रम मे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लार अमित सिंह बबलू ने समिति के उद्देश्यों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समिति क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करेगी, जैसे कि कृषि ऋण, खाद, बीज, और विपणन सहायता। इसके अलावा, समिति स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में भी काम करेगी। उपस्थित लोगों ने समिति के प्रयासों की सराहना की और इसे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने समिति को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# बारिश के मौसम में गो आश्रय स्थलों का बुरा हाल, रोज मर रहे गोवंश



अवधनामा संवाददाता

**गो आश्रय स्थल महमूद पुर में दो गोवंश मरे, दो बीमार**

**अमेठी।** बारिश के मौसम में गोवंश आश्रय स्थलों का बुरा हाल है। संरक्षित गोवंश रोज मर रहे हैं। चौकीदार मरे हुए गोवंशों को रात के अंधेरे में दूर फेंक आते हैं।पशु चिकित्सा अधिकारी गोवंशो के स्वास्थ्य परीक्षण के मामले में बिल्कुल लापरवाह बने हुए हैं।

पिछले एक सप्ताह से मौसम खराब होने के कारण पशु चिकित्सा अधिकारी गोवंश आश्रय स्थलों की देखभाल नहीं कर रहे हैं।इस बीच कई गोवंश आश्रय स्थलों में बारिश का पानी जमा हुआ है। समुचित इलाज के अभाव में बड़ी संख्या में गोवंश मर रहे हैं।

सोमवार को गोवंश आश्रय स्थल महमदपुर में दो गोवंश मरे हुए मिले हैं। दो अन्य गंभीर रूप से बीमार दिखे। लगभग छः बजे गोवंश आश्रय स्थल के गेट में ताला लगा हुआ था।गो आश्रय स्थल की दीवार पर खड़े दो बालकों ने बताया कि चौकीदार अपने घर पर हैं। रोज जानवर मर रहे हैं।रात में चौकीदार ठेले पर लादकर उन्हें दूर फेंक देते हैं।

खंड विकास अधिकारी बृजेश कुमार सिंह से पूछने पर उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा अधिकारी शिवम् गंगवार को सी वी ओ और सी डी ओ की ओर से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्रीष्मावकाश की छुट्टी के बाद पहले दिन स्कूल खुलने पर स्कूलों में बच्चों का हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार को सभी परिषदीय विद्यालय परिवर्तित समय के अनुसार सुबह 8 बजे से दो बजे तक खुले। स्कूल पहुंचने पर बच्चों को रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया और कक्षाएं संचालित हुई। एम डी एम में दाल चावल के साथ स्वादिष्ट व्यंजन के रूप में बच्चों को हलुआ और खीर खिलाई गई।

कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में बच्चों के स्कूल पहुंचने पर रोली चंदन लगाकर स्वागत किया गया।प्रार्थना सभा के बाद बच्चों की कक्षाएं संचालित हुई। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में प्रार्थना सभा के दौरान संकुल शिक्षक देवांशु सिंह ने बच्चों को विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह के बाद में जानकारी दी और अंधेरे में घर से बाहर न जाने के लिए सचेत किया।

इं प्र अ संजीव कुमार ने बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। सभी कक्षाध्यापकों को अभिभावकों के घर घर सम्पर्क कर नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया।



अवनीश कुमार वर्मा, विजय प्रताप संध्या गुप्ता, गणेश प्रसाद शर्मा, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता, कौशलेंद्र सिंह समस्त स्टाफ और रसोईया उपस्थित रहे। उधर कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर में प्रधानाध्यापक अमर बहादुर सिंह ने शिक्षकों के साथ बच्चों का स्वागत किया। विद्या सिंह, हेमचंद्र पांडेय, सोनी सिंह,मो खुर्शीद, प्रदीप कुमार, सुमन देवी, सर्वेश कृष्ण यादव, ललित कुमार ने बच्चों को चंदन रोली लगाकर प्रतिदिन विद्यालय आने को प्रेरित किया।

## पुष्प वर्षा करके शिक्षकों ने किया बच्चों का स्वागत

**जायस/ अमेठी ।** ग्रीष्मावकाश के बाद पहले दिन उत्साह के साथ स्कूल भेष-भूषा में पीठ पर बैग टांगें विद्यालय पहुंचे। स्कूल पहुंचे ही देखा कि शिक्षक उनके स्वागत में चंदन रोली लगाकर कर पुष्प वर्षा कर रहे हैं। यह दृश्य देख बच्चे खुशी से झूम उठे। मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय नकदइयापुर के प्रधानाध्यापक हरिकेश भारती व ए आर पी वैष्णवी नंदन शुक्ल ने स्कूल आने वाले बच्चों का चन्दन रोली लगाकर माला पहनाकर स्वागत किया । बच्चे प्रथम दिवस पर विद्यालय आने पर उत्साहित दिखे।

# अमेठी डिपो में कम हैं 83 चालक/परिचालक, रोडवेज को नुकसान

**कम स्टाफ के चलते ठीक से नहीं हो रहा बसों का संचालन**

**गौरीगंज, जायस और बाजार सुकुल में बस स्टेशनों के निर्माण को नहीं मिला बजट**

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अमेठी डिपो पिछले कई सालों से स्टाफ के संकट से जूझ रहा है। डिपो में बसों की संख्या बढ़ने और 25 नयी बसें होने के बावजूद आमदनी के मामले में डिपो उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से निर्धारित पैरामीटर नहीं पूरा कर पा रहा है। पुलिस की मेहरबानी और ए आर टी ओ की उदासीनता के चलते डिपो की नाक के नीचे डग्गामारी हो रही है।



अमेठी डिपो के बेड़े में निगम की 55और अनुबंधित सेवा की तीन बसें हैं। इनके संचालन के लिए 118 चालक की जगह 87 और 125 परिचालक की जगह 73 परिचालक ही तैनात हैं। स्टाफ की भारी कमी के कारण डिपो की ओर से निर्धारित 25 रुटों पर बसों का संचालन ठीक से नहीं हो पा रहा है।जून महीने में औसत लोड फैक्टर 52 फीसदी रहा है।ए आर एम की ओर से निरंतर प्रयास और भर्ती अभियान चलाने के बावजूद चालकों और परिचालकों की कमी पूरी नहीं हो पा रही है।18 चालकों का प्रथम टेस्ट डिपो पर हुआ है। छः चालकों का द्वितीय टेस्ट 2-3जुलाई को कानपुर में होना है।

ए आर एम की ओर से यात्रियों की उपलब्धता के अनुसार बसों का संचालन ठीक करने के लिए उच्चाधिकारियों से 42 सीटर,बाईस बसों की मांग की गई है। आर एम और एम डी ने ने अभी तक इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया है।

**रोडवेज को चूना लगा रहे प्राईवेट वाहन :** अमेठी।शासन की ओर से प्राइवेट बस स्टैंड,बस स्टेशन से एक किमी दूर रखने का प्राविधान है। अमेठी में ऐसा नहीं है। डग्गामारी बस स्टेशन की नाक के नीचे से हो रही है। पुलिस मौन है और ए आर टी ओ कभी भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।ई रिक्शा बस स्टेशन परिसर से सवारियां उठाते हैं।नगर पंचायत के ठेकेदारों ने तीस रुपए की रसीद काटकर ई रिक्शा चालकों को नगर में स्वतंत्र विचरण की छूट दे रखी है।

## पिछले दो साल के भीतर डिपो में हुए मुख्य काम

1- गौरीगंज जिला मुख्यालय,जायस और बाजार सुकुल में जमीनें सुरक्षित होने के बाद बस स्टेशनों के निर्माण के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक को प्रस्ताव भेजा गया है।
2- आधा दर्जन दुकानों का आवंटन हुआ।
3- 25बसें नयी मिली ।
4- डिपो परिसर में पुरुष और महिला यूरिनल का निर्माण हुआ
5- वाटर कूलर एक साल से संचालित है।
6- बस स्टेशन पर यात्रियों, रोडवेज कर्मचारियों और नागरिकों की सुविधा के लिए कैंटीन का आवंटन नये सिरे से किया गया है।
7- बस स्टेशन पर बड़ी एल ई डी संचालित है।

## प्रमुख समस्याएं

1- स्टाफ की कमी से पूछताछ सेवा बंद
2- यात्रियों की संख्या के अनुसार फर्नीचर की कमी
3- स्टेशन अधीक्षक का कार्यालय जर्जर भवन में चल रहा है ।
4- डिपो वर्कशॉप में सृजित पदों के अनुसार कर्मचारी तैनात नहीं हैं।

उपलब्ध संसाधनों के अनुसार यात्रियों को बेहतर सेवाएं दी जा रही हैं। सवारियां कम निकलने से डिपो की इनकम कम हो रही है। प्राईवेट वाहनों की डग्गामारी रोकने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और ए आर टी ओ को कई बार पत्र लिखा जा चुका है। पुलिस और ए आर टी ओ का सहयोग अपेक्षित है, इसके बिना हम चाहते हुए भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि जिला मुख्यालय पर बस स्टेशन का निर्माण सबसे पहले हो। क्षेत्रीय प्रबंधक को सभी प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। हमारे डिपो में कोई भी बस पुरानी नहीं है।

**काशी प्रसाद**
**सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अमेठी डिपो**

# बीडीओ का प्रयास लाया रंग, शिवपुर के गांवों की बदलने लगी तस्वीर

■ जल संचयन के लिए पुराने तालाबों का हो रहा जीर्णोद्धार

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में भीषण तपती धूप के बीच विकास कार्य की रफ्तार बढ़ रही है। शिवपुर के गांवों में स्थित पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार करने में ब्लाक कर्मी और जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं। बीडीओ की निगरानी में प्रतिदिन की रिपोर्ट भी शासन को भेजी जा रही है।विकास खंड शिवपुर घाघरा और सरयू नदी के बीच बसा हुआ है। इसके अधिकतर गांव बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित रहते हैं। ब्लॉक की ओर से बरसात को देखते हुए जल संचयन की दिशा में परियोजना बनाकर काम किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव के निर्देशन में विकास कार्यों को गति दी गई है। ग्राम पंचायत मानिकपुर, चंदेला कला और ईटहा में तालाबों के जीर्णोद्धार करने के साथ मार्गों की दशा भी सुधारने में काम हो रहा है। लगभग सभी गांवों में मनरेगा के मजदूर भीषण गर्मी के बाद भी काम करने में जुटे हैं।



### बड़े पैमाने पर हो रहे कार्य प्रधान कर रहे निगरानी

ग्राम पंचायत मानिकपुर की ग्राम प्रधान आरती देवी का कहना है कि गांव में दो तालाबों का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें पारंपरिक चमड़ियां तालाब नं 8 पर लगभग 30 मजदूर रोजगार पा रहे हैं। चमड़ियां तालाब नं 10 पर भी 30 मजूदर काम कर रहे थे । ग्राम पंचायत इटहा की प्रधान कृष्णादेवी भी तालाब की खुदाई के दौरान मौजूद रहती है। यहाँ 90 मनरेगा मजदूर काम करते मिले। ग्राम पंचायत सधुवापुर के प्रधान अजय यादव बताते हैं कि तालाब का निर्माण पूरा होने से लोगों को दैनिक उपयोग का पानी मिल सकेगा। चंदेला कला की प्रधान फूलवती भी काम की निगरानी स्वयं करती हैं।

# सीडीओ ने स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व पंचायत भवन का किया निरीक्षण

■ अव्यवस्थाओं के लिए सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश




अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने, आंगनबाडी केन्द्रो व पंचायत भवन के प्रतिदिन खुलने आदि की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा सोमवार को विकास खण्ड-तेजवापुर की ग्राम पंचायत-आदिलपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय रंजीतपुर का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के समय सभी अध्यापक उपस्थिति थे किन्तु छात्र संख्या काफी कम थी। कक्षा 06, 07 व 08 को मिलाकर लगभग 15 बच्चे ही उपस्थित थे। आगंनबाडी केन्द्र खुला था जिसमें सहायिका उपस्थित थी कार्यकत्री बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाई गई। पंचायत भवन देखने से लगा कि पंचायत भवन कभी नही खुलता है।

निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन बन्द मिलने का कड़ा संज्ञान लेते हुए सीडीओ श्री चन्द्र ने मौके से ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत सहायक के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए सहायक विकास अधिकारी (पं.) व ग्राम पंचायत सचिव का भी उत्तरदायित्व निर्धारित करें। जबकि स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रों की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को भी सम्बन्धित के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।**उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को देर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू ..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 172 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2637.23 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2194.33 करोड़ लागत के 138 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है अब तक 79 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 30 जून 2025 तक 821 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 732 आवेदन स्वीकृत, 22 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 38 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत लम्बित हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। सीडीओ श्री चन्द्र ने समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत सोलर पैनल अवश्य लगवाये इसमें सब्सिडी का भी प्रावधान है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में धारा 80 से सम्बन्धित प्रकरण में कैसरगंज 01, महसी 01 तथा बहराइच 08 आवेदन समयान्तर्गत लम्बित है। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोज़गार योजनाओं पर चर्चा के दौरान सीडीओ श्री चन्द्र ने बैठक में मौजूद उद्यमियों एवं व्यापारियों से अपेक्षा की गई कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत अधिक से अधिक से युवाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रेरित कर अधिकाधिक आवेदन कराएं।

# बांदा में पोषण अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

■ दो सीडीपीओ का वेतन रोका

**बाँदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को पोषण अभियान के अंतर्गत जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस प्लान कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीमती जे. रिभा ने की। बैठक में जिले भर में पोषण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने पुष्टाहार वितरण, हॉट कुक्ड मील योजना तथा पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी, फीडिंग एवं डाटा फीडिंग कार्यों का विश्लेषण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण कार्यक्रमों की गुणवत्ता एवं सटीकता पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बिसंडा, बबेरू, नारायणी और तिंदवारी क्षेत्रों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि जो मुख्य सेविकाएं अपने कार्य में अक्षम पाई जाएंगी, उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्रों में माइक्रो प्लान तैयार करने एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर्स के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय कुमार पांडेय को समन्वय कर आवश्यक दिशा-निर्देश देने को कहा गया। समीक्षा बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती बच्चों की स्थिति, फेस कैप्चरिंग, ई-केवाईसी एवं पोषण ट्रैकर ऐप पर डेटा फीडिंग की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पोषण अभियान के अंतर्गत सभी कार्यों को समयबद्ध, गंभीरता से और पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारीगण, एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता हेतु त्रैमासिक शिविर का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




**बाँदा।** विकास भवन सभागार में आज इंडियन बैंक अग्रणी बैंक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु एक व्यापक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक चलने वाले त्रैमासिक कैंप का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी श्री रमाशंकर, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री रवि शंकर, उपायुक्त उद्योग श्री गुरूदेव तथा आर-सेटी बाँदा के निदेशक श्री गिरजेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यशाला के समन्वयक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक श्री रवि शंकर ने प्रधानमंत्री जन-धन योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना सहित केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों, बैंक मित्रों, बीसी सखियों और वित्तीय साक्षरता केंद्र (आरोह) के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष जागरूकता शिविर आयोजित कर इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अधिकतम पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

उपायुक्त उद्योग श्री गुरूदेव ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना की जानकारी प्रदान करते हुए बैंक प्रबंधकों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक नवयुवकों को इस योजना से जोड़ा जाए और नए आवेदन को प्राथमिकता दी जाए। वित्तीय साक्षरता सलाहकार श्री के.पी. दिनकर ने उपस्थित लाभार्थियों के सवालों का संतोषजनक समाधान किया एवं योजनाओं से जुड़ी जटिलताओं को सरल रूप में समझाया।

मुख्य अतिथि श्री रमाशंकर, जिला विकास अधिकारी बाँदा ने निर्देश दिया कि त्रैमासिक अभियान के दौरान समस्त ब्लॉकों के बीएमएम एवं बैंक शाखा प्रबंधक ग्राम प्रधानों और खंड विकास अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने निष्क्रिय जन-धन खातों में केवाईसी पूर्ण कराकर उन्हें पुनः सक्रिय कराने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला में समस्त बैंकों के जिला समन्वयक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक श्री धर्मेंद्र जयसवाल, समूह सखी, आर-सेटी प्रशिक्षु सहित लगभग सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस अवसर पर जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों और संस्थाओं के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित करने पर भी बल दिया गया।

### गैंगस्टर एक्ट के वाँछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा जघन्य-संगीन अपराधों में वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा 01.07.2025 को थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 306/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के वाँछित अभियुक्तगण यासीन पुत्र परवेज निवासी तीस फुटा रोड गली न0 2 थाना रसूलपुर फिरोजाबाद उम्र 26 वर्ष को गली नं0 4 तीस फुटा थाना रसूलपुर, फईम कुरैशी पुत्र नईम उर्फ लल्ला निवासी लालपुर मण्डी टावर वाली गली, धोबी मोहल्ला, बारहबीघा थाना रामगढ़ फिरोजाबाद उम्र 27 वर्ष को लालुपर मण्डी, शमशाद कुरैशी पुत्र अजीम कुरैशी निवासी छपरिया थाना रामगढ़ फिरोजाबाद उम्र 29 वर्ष को भारत टाकीज के पास बिजली घर सर्विस रोड के पास से मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# ट्रांसफार्मर तेल चोरी का खुलासा, 06 शातिर गिरफ्तार



■ 250 लीटर विद्युत ट्रांसफार्मर का तेल, तीन कार, एक छोटा हाथी बरामद

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** थाना रौजा व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 06 चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने ट्रांसफार्मर से चोरी किया गया 250 लीटर तेल, 10 प्लास्टिक की खाली कैन, विद्युत ट्रांसफार्मर से तेल निकालने के उपकरण, तीन कार और एक छोटा हाथी बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त जनपद फर्रुखाबाद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव बांसमई निवासी कुलदीप सिंह, बरेली जनपद के थाना देवरनिया क्षेत्र का मोहम्मद मुकीम, शाहजहांपुर के थाना रौजा क्षेत्र के गांव अहमदपुर टिक्कल निवासी तालिब उर्फ रानू, शानू, थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती का रहने वाला सलीम उर्फ पूनी और थाना चौक कोतवाली क्षेत्र के गांव मौजमपुर का रहने वाला प्रमोद कुमार वर्मा है।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि 30 जून को थाना रोजा क्षेत्र के हथोड़ा और सिटी पार्क के 33/ 11 केवी विद्युत उपकेंद्र जेई के अंकित तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दुर्गा एनक्लेव फेस-2 में 250 केवीए क्षमता के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोरों ने तेल चोरी कर लिया है। थाना रोजा पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में थाना रौजा और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने बीती रात गांव बरतारा स्थित नैनीताल ढाबा के पास से उक्त छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी किया हुआ 250 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल, तीन कार और एक छोटा हाथी बरामद किया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उन लोगों का एक संगठित गिरोह है, जो विद्युत ट्रांसफार्मर का तेल चोरी करके ट्रक ड्राइवरों और किसानों को बेचते हैं। बताया कि वह लोग यूपी के 10-20 जिलों में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करके ट्रक ड्राइवरों, किसानों और शाहजहांपुर में मौजमपुर के प्रमोद कुमार को बेच चुके हैं। एसपी ने बताया कि कुलदीप सिंह गिरोह का सरगना है। इस पर जनपद फर्रुखाबाद, फतेहगढ़, मैनपुरी और शाहजहांपुर के थाना में करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। सभी अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### कोटेदार के खिलाफ डीएम के आदेश पर दर्ज मुकदमा

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज़ हुआ है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की डीएम कुमार हर्ष ने अनुमति दी। धम्मौर थाना क्षेत्र के पलिया ग्राम पंचायत के कोटेदार राजेश कुमार के खिलाफ थाना धम्मौर में अभियोग पंजीकृत हुआ है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के राशन में हेरफेर करने की पुष्टि पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत किया गया है। धम्मौर थाना अध्यक्ष अंजू मिश्रा बोलीं, गुण और दोष के हिसाब से विवेचना की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कोतवाली नगर से गायब हुई बाइक का सच आया सामने



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** बीते दिन कोतवाली नगर से रहस्यमय तरीके से दुर्घटना में मृतक की बाइक गायब हुई थी। मृतक की बाइक गायब होने पर कई पुलिसकर्मीयों पर गाज गिरी थी।आज होमगार्ड ब्राह्देव तिवारी और चौकीदार विश्वनाथ अपने समर्थकों के साथ पुलिस अधीक्षक ऑफिस पहुंचे।ब्रह्मदेव तिवारी होमगार्ड और चौकीदार विश्वनाथ ने बताया कि कोतवाली नगर में तैनात दीवान संजय सोनकर के कहने पर बाइक को कोतवाली नगर प्रांगण से बाहर किया गया था।पूर्व मे भी उक्त दीवान संजय सोनकर पर कोतवाली देहात में भी होमगार्ड के साथ बत्तमीजी करने पर गाज गिरी थी।

### स्कूल आने वाले बच्चों का रोली लगाकर करें स्वागत



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** कंपोजिट विद्यालय नगलादत्त में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों व छात्रों के अभिभावकों के साथ निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष योगेश उपाध्याय ने कहा कि एक जुलाई को पहले दिन बच्चों को रोली तिलक लगा कर प्रवेश कराएं। अविभावकों को बताया कि बच्चों को नियमित स्कूल में पढ़ने भेजें। डीबीटी के माध्यम से जो पैसा 1200 रुपये छात्रों के ड्रेस के लिए आता है उसका सदुपयोग करें। अधूरे पड़े विकास कार्यों को जल्दी से पूरा कराएं। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष के नेतृत्व में की गई। बैठक में समिति सचिव मिथलेश कुमारी, प्रवीण, रानी, अरविंद कुमार, भावना, रामनिवास, मोनिशा, रिंकी, मोहन देवी, सुमन लता, मीनू कमल, बैजनाथ, अनुपकुमार आदि उपस्थित रहे।

### भाजपाईयों ने लगाए एक पद मां के नाम पौधे

**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** माता सीयर देवी मंडल के बूथ नंबर 262 पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जगह-जगह वृक्षारोपण किए गए। भाजपा के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के उद्देश्य एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए। भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष महिपाल सिंह निषाद ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में देश में शुद्ध हवा शुद्ध वातावरण के लिए प्रत्येक साल करोड़ों की संख्या में पौधे लगाए जाते हैं। वृक्ष हमारे लिए और हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है।

# डीएम ने बच्चों का किया रोली-टीका व मिठाई से स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात दिनांक 1 जुलाई 2025 को जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का पुनः संचालन प्रारंभ हो गया। इस अवसर को बच्चों के लिए विशेष एवं उत्साहवर्धक बनाने हेतु जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद में विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी स्वयं कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा पहुंचे, जहाँ उन्होंने बच्चों का पारंपरिक तरीके से रोली-टीका कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने स्वयं एक पौधा रोपित किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और इसमें बच्चों का स्वागत पूरे आदर और स्नेह से होना चाहिए, जिससे उनमें स्कूल के प्रति आकर्षण और लगाव उत्पन्न हो। उन्होंने शिक्षकों से भी अपेक्षा की कि वे बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार करें एवं उन्हें रुचिकर तरीकों से शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि बच्चा केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ता बल्कि वह विद्यालय से अनुशासन, सहयोग, संस्कार और सामाजिक समरसता जैसे जीवन मूल्य भी सीखता है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों कुल 250 में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी नामित अधिकारियों ने विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का स्वागत किया। कई विद्यालयों में बच्चों के लिए विशेष रंगोली, स्वागत गीत, खेलकूद गतिविधियाँ और पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ाना और नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करना था। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में ऐसी सकारात्मक गतिविधियाँ समय-समय पर होती रहें जिससे शिक्षा के प्रति बच्चों में जागरूकता एवं रुचि बनी रहे। कार्यक्रम में बीएसए दिव्या गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### पशु स्वामी को शीघ्र मिलेगी पशु क्षति सहायता

**बहराइच।** उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को तहसील कैसरगंज के ग्राम रेवलिया (पश्चिम पुरवा) में बिजली करंट उतरने से ग्राम रेवलिया निवासी कामता पुत्र गोकुल की दो भैंस व दो पड़िया की मृत्यु करंट लगने से हो गयी है। श्री सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार कैसरगंज द्वारा तत्काल मौके पर जांच की गई। पशुपालन विभाग की टीम द्वारा करंट से मृत्यु पशुओं का पोस्टमार्टम कर दिया गया है। श्री सिंह ने बताया कि पशु स्वामियों को विद्युत विभाग से नियमानुसार पशु क्षति का मुआवज़ा दिलाये जाने हेतु राजस्व व विद्युत विभाग द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण प्रारम्भ




अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण कार्यक्रम का आयोजन बी0आर0सी0 सिविल लाइन, फिरोजाबाद में किया गया। मनीष असीजा, विधायक सदर, डॉ0 लक्ष्मी नारायण यादव, ब्लॉक प्रमुख फिरोजाबाद, शत्रोहन वैश्य, मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद, राम बदन राम, मुख्य चिकित्साधिकारी, फिरोजाबाद, आशीष कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व ओम प्रकाश अकेला, खण्ड शिक्षा अधिकारी फिरोजाबाद की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि सत्र 2025-26 में आर0टी0ई0 के अन्तर्गत चार चरणों में सम्पन्न हुई ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया में कुल 4358 छात्र-छात्राओं में से अद्यतन 4060 (93.16:) छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने में जनपद फिरोजाबाद प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है। सभी अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पाल्यों को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सचालित विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने हेतु अपील की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के बैठने हेतु जिलाधिकारी की प्रेरणा से फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है।


# नगर पंचायत उसका बाजार, जनपद-सिद्धार्थनगर

पत्रांकः- 116(1-2)/न0पं0उ0बा0सि0 नगर/2025-26 | दिनांक :- 27-06-2025

## निविदा सूचना

नगर पंचायत उसका बाजार सीमान्तर्गत क्षतिग्रस्त मार्गो पर गड्ढों को भरे जाने हेतु राबिस, ईट का रोड़ा, मिट्टी आपूर्ति लिया जाना है। जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 05-07-2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिनांक को अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.07.2025 को कार्यालय अवधि नगर पंचायत उसका बाजार कार्यालय से नकद मूल्य पर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की शर्ते निम्नवत् है।

| क्र.सं. | सफाई सामग्री का नाम | मात्रा | निविदा मूल्य | जमानत की धनराशि | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राबिस | प्रति ट्राली | 1000.00 | 10000.00 | आवश्यकतानुसार |
| 2 | ईट का रोड़ा | प्रति ट्राली | | | |
| 3 | मिट्टी | प्रति ट्राली | | | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसका बाजार**
**सिद्धार्थनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसका बाजार**
**सिद्धार्थनगर**

# इटावा में अखिलेश यादव का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया

**राष्ट्रीय अध्यक्ष की लंबी उम्र की कामना की**



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को अखिलेश यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी का जन्मदिन प्रदीप शाक्य बबलू जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने पूर्व राज्य मंत्री राम सेवक यादव, राघवेंद्र गौतम विधायक भरथना एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के सतायु होने की कामना की गई। इस मौके पर पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पीडीए प्रभारी उदयभान सिंह यादव, अनीता यादव पूर्व सचिव महिला आयोग, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा लीलावती राजपूत, कुलदीप गुप्ता संटू, लाखन सिंह जाटव, सतीश सविता, केके यादव, राजपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाहा, अनवार हुसैन, उत्तम सिंह प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव , नफिसुल हसन अंसारी, अनुराग दोहरे, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, सीमा यादव जिला अध्यक्ष महिला सभा, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, नरेंद्र पाल जिला अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड, किशन यादव जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, उमेश राजपूत दुल्ले विधानसभा अध्यक्ष शिवम् राजपूत( अशीष राजपूत) जिला सचिव रमेश यादव, देवेंद्र सिंह भदौरिया, अवधेश सविता, प्रवीन कुशवाह, संतोष राजपूत, संतोष राठौर, रामवीर सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत नगर, मीरा गुप्ता, प्रदेश सचिव महिला सभा, राकेश यादव प्रदेश सचिव पी वर्ग, फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, धीरेन्द्र यादव, नम्रता सिंह दोहरे पत्नी डॉ.विवेक चौधरी, नीतू सिंह जिला कोषाध्यक्ष महिला सभा, सूरजमुखी सुमन, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विश्राम सिंह यादव, जिला सचिव प्रदीप सोनी, मनोज राणा, जय सिंह चौहान विधानसभा अध्यक्ष भरथना, आनंद यादव पूर्व प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा, लंकू यादव, नितिन यादव ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर, कमलेश चंद्र पूर्व जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, पूरन सिंह यादव, सफी अहमद बालक, गंगाराम कुशवाहा, राम प्रताप सिंह, शत्रुघन यादव, बंटी यादव, मीरा सुनील कुमार, श्याम सिंह राजपूत, सुषमा सिंह, मालती यादव, रामबेटी गोयल, सूरजमुखी, पप्पू यादव , शशि यादव, संगीता राजपूत, अनिरुद्ध सिंह यादव, कमलेश यादव जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, जयवीर सिंह यादव कानपुर मंडल प्रभारी सैनिक प्रकोष्ठ, रविन्द्र यादव, शिवम पाल सदस्य जिला पंचायत, जिला सचिव रोहित श्रीवास्तव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अनवर सिंह जाटव, रामप्रकाश वर्मा, सरिता यादव महेवा, विशंभर सिंह यादव, संगीता राजपूत, मुस्तकीम राईन, लल्लू वारसी, लल्ला भाई, अभिषेक यादव , देवेंद्र यादव मास्टर, अख्तर कपिल लकी, सुभाष यादव, अखिलेश यादव, नीरज यादव, गोरखनाथ वर्मा, सुनील यादव, देवेंद्र यादव मास्टर, दाताराम सिंह बघेल , राजकुमार यादव रोहित राजपूत, चंदू यादव सुंदरपुर, दीपक सिंह पाल जिला सचिव, उपदेश मिश्रा जिला सचिव, जिलाध्यक्ष पी वर्ग राजकिशोर भोजवाल, दिनेश यादव अभिषेक त्रिपाठी, बृजेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, ओम ब्रज यादव, डॉक्टर बृज गोपाल यादव, सुशील यादव, जमील अहमद, अरविंद यादव, विनय कठेरिया, रामप्रकाश यादव उर्फ पप्पू सेक्टर प्रभारी, जसवंत सिंह, कार्यालय प्रभारी जयचंद यादव, संदेशवाहक कैलाश नारायण गुप्ता, हेमंत बघेल, मनीष कठेरिया, संत प्रकाश यादव, बीपी सिंह यादव, अंकुर यादव, दिनेश यादव सेक्टर प्रभारी, हुकुम सिंह यादव, कमलेश यादव दतावली, शिशुपाल यादव, एडवोकेट पंकज यादव, राजेश यादव, राजवीर सिंह, महेश चंद, मेघ सिंह यादव, रिजवान कुरैशी, नेत्रपाल सिंह कुशवाहा, कैप्टन रामवीर सिंह, योगेश कुमार यादव, गंगाराम कुशवाहा, अखिलेश सविता , शिशुपाल सिंह, ब्रह्मानंद जाटव, राम लखन सिंह यादव, रामनरेश यादव, राणा प्रताप सिंह, माधव सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, मुकेश यादव, मानसिंह उर्फ राहुल टेलर, आदित्य यादव, अमित दुबे , तेज सिंह यादव, रेशु चौधरी, चतुर सिंह, कमलेश यादव, शीलू यादव प्रधान हरिहरपुरा, सुशील यादव प्रधान, पुनीत धनगर, अभिषेक यादव, जैनुल आब्दीन, अनीश चौधरी, रिजवान आदि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की लंबी उम्र की कामना की।

### अखिलेश यादव का जन्मदिन डी बी ए हाल इटावा में मनाया गया

राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव का जन्मदिन डी बी ए हाल में मनोज शाक्य के द्वारा मनाया गया। इस मौके पर केक काटकर लड्डू बांटे गये। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष अनिल गौर एडवोकेट, देवेंद्र पाल महामंत्री, योगेश यादव (राजू) एडवोकेट, अनिल वर्मा, गुड्डू चौहान एडवोकेट, अभिनय यादव एडवोकेट, राजेश वर्मा एडवोकेट, भुवनेश यादव एडवोकेट, मैराज अली खान एडवोकेट पूर्व मंत्री/ प्रवक्ता, अनिल कश्यप एडवोकेट, शिवम सेंगर एडवोकेट शैलेन्द्र शाक्य एडवोकेट मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटा, गरीब महिलाओं को दी साड़ी व कंबल

**इटावा, जसवंतनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने केक काटकर उनकी दीर्घायु की कामना की। साथ ही सामाजिक सरोकार निभाते हुए उन्होंने गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी एवं कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय स्तर पर उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। सुभाष गुप्ता ने कहा कि अखिलेश यादव जनहितैषी सोच और गरीबों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध नेता हैं। उनका जन्मदिन सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना ही सच्ची शुभकामना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी अखिलेश यादव के दीर्घायु और भविष्य में समाजवादी सरकार बनने की कामना की।

# एनटीपीसी के स्वतंत्र निदेशकों नें किया एनटीपीसी रिहंद का दौरा



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी लिमिटेड के माननीय स्वतंत्र निदेशकगण- अनिल कुमार त्रिगुणायत, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता एवं सुशील कुमार चौधरी - ने 30 जून 2025 को एनटीपीसी रिहंद परियोजना का दौरा किया। इस दौरान स्वतंत्र निदेशकगणों ने सर्वप्रथम कंट्रोल रूम का भ्रमण किया, जहाँ उन्होने संयंत्र की संचालन प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं नवीन तकनीकों का निरीक्षण किया। तत्पश्चात वे तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम रिहंद परिसर में संचालित विद्यालयों के छात्राओं एवं वर्तिका महिला मण्डल द्वारा संचालित वेल्फेयर विंग उड़ान के बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों की आकर्षक एवं सराहनीय प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थित स्वतंत्र निदेशकों का हार्दिक स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र निदेशकों का एनटीपीसी रिहंद आगमन हमारे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनके मार्गदर्शन से हम और बेहतर कार्य करने की दिशा में सतत प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की चयनित 10 बालिकाओं को एनटीपीसी रिहंद द्वारा साइकिल भी वितरित की गयी। दौरे के अगले दिन, 01 जुलाई 2025 को, स्वतंत्र निदेशकगणों ने शिवालिक प्रेक्षागृह स्थित उद्यान परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने हरित और सतत भविष्य की दिशा में एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सशक्त किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में स्वतंत्र निदेशकगणों ने एनटीपीसी रिहंद की संचालन उत्कृष्टता, सामाजिक सहभागिता एवं पर्यावरणीय प्रयासों की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरनाथ यात्रा पर 17 सदस्यीय जत्था रवाना



**इटावा।** बाबा बर्फानी की अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ हो रही है जिसके लिए मंगलवार को एक 17 सदस्यी जत्था गोमती एक्सप्रेस से रवाना हुआ। कश्मीर की वादी में भोले शंकर की शादी में आदि नारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों के साथ एक जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा में प्रमुख रूप से मुकेश कुमार पाल राम सिंह चीनू पोरवाल संदीप गुप्ता सुमित जैन रोहित पोरवाल दीपू पोरवाल चित्रांशु तोमर अंशु कुशवाहा अशोक कुशवाहा गोविंद कश्यप कैलाश सौरभ चौधरी कुलदीप गोयल कृष्णा चतुर्वेदी ख्याली राम गीतम यश कश्यप आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। तीर्थ यात्रियों को अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप उपाध्यक्ष जयसिंह चौहान भाजपा नेता चंदन पोरवाल अविनाश पाल चंद्रवीर सिंह चौहान राजकिशोर गिरी बबलू यादव हिमांशु कश्यप परमजीत कश्यप आदि ने फूल माला पहना कर रवाना किया।

### हमीरपुर में जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, 86 शिकायतों में अधिकांश का त्वरित निस्तारण



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जनसुनवाई में कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए उन्होंने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम ऐप के माध्यम से बैठक की और तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित रूप से अपने कार्यालयों में जनसुनवाई करने और जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने का आदेश दिया, साथ ही किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और समयबद्ध तरीके से आख्या प्रस्तुत की जाए।यह जनसुनवाई जिला प्रशासन की जनता के प्रति जवाबदेही और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### संविधानिक लोकतन्त्र को मजबूत करने के सम्मेलन का आयोजन



**संविधानिक लोकतन्त्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषयक卐 पर आयोजित सम्मेलन पूर्वान्चल से अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद देवरिया एवं जनपद सोनभद्र से मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र का चयन किया गया है**

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** अपर निदेशक नगर निकाय निदेशालय उ0प्र0 सेक्टर-7 गोमतीनगर विस्तार लखनऊ के पत्र संख्या-एक/800/2024 दिनांक 21 जून, 2025 के क्रम में दिनांक 03-04 जुलाई, 2025 को हरियाणा के गुरूग्राम में संविधानिक लोकतन्त्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषयक÷ पर आयोजित सम्मेलन हेतु राज्य की नगरीय निकायों के मेयर/पार्षद / सभासद को नामित किया गया है जिसमें पूर्वान्चल से अल्का, मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद देवरिया एवं जनपद सोनभद्र से रूबी प्रसाद, मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र का चयन किया गया है। नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं जनपद सोनभद्र के लिये यह एक गौरव का क्षण एवं हर्ष का विषय है। जनपद की महिला जनप्रतिनिधि का चयन इस बात को इंगित करता है कि राज्य सरकार / केन्द्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु कितनी गम्भीर एवं सजग है। नगर पालिका परिषद सोनभद्र के मा0 सदस्यगणों यथा- अनवर अली मा0 सदस्य वार्ड नं0 12, मनोज कुमार चौबे, मा0 सदस्य वार्ड नं0 06, गायत्री मा0 सदस्य वार्ड नं0 11, उषा जैन मा0 सदस्य वार्ड नं0 23 के अतिरिक्त कर्मचारियों द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदया को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गयी। रूबी प्रसाद, मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि उक्त सम्मेलन में अपने जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुये राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर अपना पक्ष मजबूती से रखूँगीं। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत



**जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जनपद में 01 से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान की शुरुआत मंगलवार को जागरूकता रैली के साथ हुई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पेट्रोल पंप, किंग रोड, सुभाष बाजार, जिला अस्पताल होते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों, अधिकारियों और कर्मचारियों को संचारी रोग नियंत्रण की शपथ दिलाई गई। शपथ में व्यक्तिगत और आसपास की सफाई, स्वच्छ पर्यावरण, और बुखार से पीड़ित व्यक्तियों को तुरंत सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान का लक्ष्य संचारी रोगों से जनपद को मुक्त रखना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और अन्य सहयोगी विभाग युद्धस्तर पर कार्य करें। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई, सैनिटाइजेशन, एंटी-लारवा छिड़काव और फॉगिंग का विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी से अभियान में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अन्य विभागों के अधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह अभियान स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### मानसून सत्र में बालू/मौरंग खनन पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) विजय शंकर तिवारी ने बताया कि भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना और राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार, मानसून सत्र के दौरान 1 जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025 तक जिले में नदी तल से बालू/मौरंग जैसे उपखनिजों का खनन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।इसके तहत जिले के सभी खनन पट्टाधारकों/अनुज्ञाधारकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त अवधि में अपने खनन पट्टा क्षेत्र में खनन और परिवहन कार्य पूरी तरह बंद रखें। साथ ही, खनन गतिविधियों पर नजर रखने और इसे रोकने के लिए आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया है।अपर जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में किसी भी पट्टा क्षेत्र में खनन या परिवहन की गतिविधि पाई गई, तो संबंधित पट्टाधारक/ अनुज्ञाधारक के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी उनकी होगी।

# जीपैट एवं नाईपर जेईई में एसएमजीआई के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



**छात्रों ने अखिल भारतीय रैंक हासिल कर संस्थान एवं इटावा जनपद का नाम किया रौशन**

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के फार्मेसी संकाय के छात्रों ने जीपैट एवं नाईपर जेईई 2025 जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन करते हुए संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाया है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज द्वारा आयोजित जीपैट 2025 का परिणाम 25 जून को घोषित किया गया, जिसमें 48, 646 छात्रों ने पंजीकरण कराया था और 4, 714 अभ्यर्थी सफल घोषित हुए। वहीं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजूकेशन एण्ड रिसर्च मोहाली द्वारा आयोजित नाईपर जीईई 2025 का परिणाम ने 21 जून को जारी किया गया। दोनों परीक्षाओं में एसएमजीआई के फार्मेसी कॉलेज के बी0 फार्मा छात्रों अंशुल कुमार, अंकित कटियार और तनमय राठौर ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। अंशुल कुमार ने जीपैट में एआईआर 234 एवं नाइपर जेईई में एआईआर 467 रैंक प्राप्त की। अंकित कटियार ने जीपैट में एआईआर 1845 और नाइपर जेईई में एआईआर 635 रैंक प्राप्त की। तनमय राठौर ने जीपैट 2025 में एआईआर 1400 हासिल की। छात्रों ने इस सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, नियमित अभ्यास, शिक्षकों के मागदर्शन और परिवार के सतत सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पूरे मनोयोग से अध्ययन किया। जीपैट में सफल अभ्यर्थी अब देश के शीर्ष फार्मेसी संस्थानों में एम फार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र होंगे तथा उन्हें फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा छात्रवृत्ति भी प्रदान की जायेगी। वहीं, नाईपर जेईई में सफल छात्र भारत के प्रतिष्ठित नाईपर संस्थानों में उच्च स्तरीय फार्मास्युटिकल शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु प्रवेश प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर एसएमजीआई के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसएमजीआई के डायरेक्टर, डा.उमा शंकर शर्मा ने छात्रों को उनकी मेहनत, अनुशासन एवं निष्ठा के लिए सराहा और कहा कि यह उपलब्धि एसएमजीआई की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली, प्रेरणादायक शैक्षणिक माहौल और समर्पित फैकल्टी टीम का ही प्रतिफल है। डा.यादव ने संस्थान के निदेशक एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ को इस उपलब्धि हेतु बधाई दी और भविष्य में इसी तरह के उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न, राष्ट्रीय एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द पर जोर

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में मंगलवार को जिला एकीकरण समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयंती राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और साम्प्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देना था।बैठक की शुरुआत बुंदेलखंड केसरी दीवान शत्रुघ्न सिंह, स्वामी ब्रह्मानंद, पंडित परमानंद और श्रीपत सहाय रावत के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भारत की विविधता के बावजूद हम सभी एक हैं। उन्होंने जनपद की महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कार्यों को प्रेरणादायी और अनुकरणीय बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि जाति, वर्ग और सम्प्रदाय से ऊपर उठकर समाज में एकता स्थापित की जानी चाहिए। भारतीय सेना को एकीकरण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए उन्होंने बैठक में आए सुझावों पर अमल करने का आश्वासन दिया। मुख्य विकास अधिकारी और समिति के सचिव चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि समिति का लक्ष्य जनपद में एकीकरण और भाईचारा कायम करना है। उन्होंने गौरवशाली भारतीय संस्कृति की भावना ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ को पुनः स्थापित करने और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने की अपील की।बैठक में एडीएम विजय शंकर तिवारी, सीएमओ डॉ. गीतम सिंह, डीएफओ अनिल श्रीवास्तव, डीडीओ राघवेंद्र सिंह, पीडी साधना दीक्षित, साहित्यकार जगदीश चंद्र जोशी, नाथूराम पथिक, दिनेश दुबे, डॉ. स्वामी प्रसाद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।इस बैठक ने सामाजिक सौहार्द और एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने का संकल्प लिया।

### छिमौली मार्ग की बदहाली बनी राहगीरों के लिए मुसीबत


**मौदहा हमीरपुर।** जिले के मौदहा नगर से छिमौली ग्राम को जोड़ने वाला छिमौली मार्ग पिछले तीन दशकों से अपनी बदहाली के कारण चर्चा में है। इस मार्ग की दुर्दशा पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, लेकिन स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सैय्यद शहबाज अली ने पिछले वर्ष से अपने समर्थकों के साथ इस मुद्दे को शासन स्तर पर जोर-शोर से उठाया। उनके प्रयासों से रोड निर्माण की स्वीकृति तो मिली, लेकिन निर्माण कार्य में देरी के कारण बरसात में स्थिति और बिगड़ गई है।मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और फिसलन भरी मिट्टी ने राहगीरों का चलना मुश्किल कर दिया है। खासकर, इस मार्ग पर स्थित आईटीआई संस्थान में पढ़ने वाले प्रशिक्षुओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें संस्थान पहुंचने के लिए कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। इस माह में प्रशिक्षुओं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी हैं।

### सपा कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन



**सोनभद्र/अनपरा, अवधनामा संवाददाता।** शक्तिनगर में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बड़े धूम धाम से मनाया गया वहीं शक्तिपीठ मां ज्वालामुखी मंदिर के प्रांगण में वृक्ष लगा कर उनके उज्वल भविष्य की कमाना की पीडब्ल्यूडी मोड़ शक्तिनगर के प्रांगण में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें समाजवादी अनुसूचित जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष रवि गोंड ने अपने विचारों को रखा वही जोन प्रभारी रविन्द्र यादव ने नवागत प्रदेश अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया संचालन कर रहे समाजवादी पार्टी के मजदूर सभा के प्रदेश सचिव मुकेश सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव जी जन्मदिन पर हम समाजवादी कार्यकर्ता संकल्प लिया है आगामी विधान सभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनाए उनके द्वारा किए पूर्व के कार्यकाल किए कार्यो को जन जन तक बताने का काम करेंगे सैकड़ों कार्यकताओं मिलकर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया अखिलेश के जन्मदिन पर बसपा और भारतीय जनता पार्टी के नेतागण समाजवादी पार्टी में विश्वास जताते बसपा पूर्व सेक्टर अध्यक्ष विश्राम भारती भाजपा बूथ सदस्य संतोष सिंह के साथ राहुल सिंह बनारसी भारती रामकेश भारती अनिल भारती किसन भारती ने समाजवादी पार्टी दामन थामा जन्मदिन के कार्यक्रम वरिष्ठ नेता प्रशांत सिंह सपा जिला प्रवक्ता प्रकाश यादव सेक्टर प्रभारी अयोध्या गुप्ता सुगेश यादव वकील खान मजदूर सभा जिलसचिव अजीत सिंह गैबी यादव बिजेंद्र गुप्ता नर्मदा कुशवाहा भोला सिंह ओमप्रकाश गिरी महेंद्र यादव जोंटी यादव इरफान अरविंद शुभम पांडे शिबू सलमान कुरैशी इंद्रेश नीरज गुप्ता शंकर विश्वकर्मा तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया महत्वपूर्ण कदम




**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित प्रमुख अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने मंगलवार को डिजिटल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है जिसके तहत एनसीएल मुख्यालय, में इन-हाउस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिजिटल ब्रेकथ्रू का उदघाटन किया गया। संक्षिप्त रूप में 'आइस-ब्रेकिंग' कहे जाने वाले इस सेंटर का उद्देश्य कंपनी की आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी डिजिटल समाधान विकसित करना है। यह केंद्र खनन योजना, डिजाइन, उत्पादन, सुरक्षा तथा रीयल टाइम निगरानी एवं फीडबैक हेतु डिजिटल एप्लिकेशन को कस्टमाइज़ करने पर केंद्रित रहेगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) सुनील प्रसाद सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी.साईराम ने इस विशेष डिजिटल पहल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जैसा कि सेंटर के संक्षिप्त नाम 'आइस-ब्रेकिंग' से स्पष्ट है, हमारा लक्ष्य इस केंद्र को एक ऐसे मंच के रूप में विकसित करना है, जहाँ कंपनी की युवा प्रतिभाएं स्मार्ट, डिजिटल और डेटा-आधारित समाधान तैयार करेंगे जो कंपनी के भविष्य को नया आकार देंगे। यह केंद्र नवाचार को बढ़ाने, रचनात्मकता को सशक्त करने और भावी समाधानकर्ताओं को पोषित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनसीएल में प्रतिभाशाली अधिकारियों की एक लंबी फेहरिस्त है, जो प्रोग्रामिंग, एप्लिकेशन विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक डिजिटल टूल्स के उपयोग में दक्ष हैं। यह सेंटर उनके दक्षता, रुचि और जुनून को प्रभावशाली डिजिटल समाधानों में रूपांतरित करने का माध्यम बनेगा। इससे पहले भी कंपनी ने ओआईटीडीएस और प्रोजेक्ट डिजीकोल जैसे डिजिटल समाधान अपनाए हैं। साथ ही एनसीएल, एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा ऑडियो, वीडियो और डेटा कम्युनिकेशन के लिए 5 प्रतिशत कैपटिव नेट की स्थापना की प्रक्रिया में है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्षेत्र में एक अन्य महत्वपूर्ण पड़ाव के तहत एनसीएल ने जयंत परियोजना विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया का डिजिटलीकरण किया है, इसके अंतर्गत एक वेब आधारित एप्लिकेशन तैयार किया गया है, जो सर्वेक्षण डेटा को डिजिटल रूप में संकलित करने, मुआवजा निर्धारण तथा शिकायत निवारण को सुव्यवस्थित करने में सहायक होगा।

### वृक्षरोपड कर मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव के नेतृत्व में मनाया गया। विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि आज अखिलेश यादव जी का 52 वा जन्मदिन पूरे देश मे मनाया जा रहा है जहाँ हर बूथ ,हर विधानसभा ,हर जिले में कार्यकर्ता ,अपने अपने तरीको से राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के सिद्धांतों को जनता के बीच मे पहुचाकर जन्मदिन मना रहे है .अतः ऐसे में आज समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष। मो.फ़हद का भी जन्मदिन है तो ऐसे में विपिन श्रीवास्तव के नेतृत्व में मौके पर 52 पेड़ लगा कर अखिलेश यादव व मो.फ़हद जी की लंबी आयु की कामना करते हुए युवजन सभा के सभी कार्यकर्ता व नेता व पार्टी के सभी नेता सपथ लेते है कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में क्ष्ष्. की सरकार बनाएंगे ..व..पार्टी की सभी नीतियों को जन.जन.तक पहुचाने का कार्य करेंगे.. व.आने वाले समय मे भाजपा की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेकना ही एक मात्र लक्ष्य है। कार्यकर्ता इस पर अभी से जुट गए है..और वो दिन दूर नही जब अखिलेश यादव का 54वा जन्मदिन उत्तरप्रदेश में उनके मुख्यमंत्री रहते हुए सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर मनाएंगे।

# 52 किलो का केक काट कर मना अखिलेश का जन्मदिन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री माननीय अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन आज लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस खास अवसर पर 52 किलो बूंदी का केक काटा गया और एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया। लखनऊ के कैसरबाग स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, 6 लाजपत राय भवन में आयोजित इस समारोह में प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह, सांसद आर.के. चौधरी और जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान समेत पार्टी के कई बड़े चेहरों ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी।

इस शुभ मौके पर पार्टी ने समाज सेवा का भी प्रदर्शन किया। प्यारेलाल गौतम, भाई लाल रावत, दरगाही अली, रामकिशन यादव, हरिकृष्ण कश्यप, अयोध्या प्रसाद मौर्य, राजकुमार पासी और अंजनी कुमार वर्मा जैसे लोगों को सप्रेम साइकिलें भेंट की गई, जो कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा रहा।



जन्मदिन के इस जश्न में प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, राजेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, प्रदेष सचिव रंजीत यादव, त्रिवेणी पाल, रामनरेश चौरसिया, रामगोपाल यादव, राशिद अली, वीर बहादुर सिंह, चौधरी ज्ञान सिंह, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष/जिला निर्वाचन प्रभारी टी.बी. सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, बचान सिंह यादव, इब्राहीम मंसूरी, अर्चना रावत, रितु अग्रवाल, विनोद कुमार यादव, गुड्डू लोधी, अनिल पासी, जमालुद्दीन बेग %कल्लू%, ललिता राजपूत, रामनरेश पाल, बृजकिशोर मिश्रा, अरविन्द गौतम, आदिल इदरीश, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, प्रदेश सचिव महिला सभा सुहागवती, डॉ. आशुतोष वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश सिंह, विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, अजय कुमार रावत, चन्द्रशेखर यादव, जिला सचिव रामकिशोर यादव जग्गी, रमेश राही, सुजीत यादव, राजू यादव, संदीप यादव, मनमोहन सिंह, मनोज कुमार यादव, फिरोज खान, सत्येन्द्र रावत, मो. इसरार, विजय यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार रावत टाइगर, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मो. हारून अजीज, अल्पसंख्यक सभा जिला महासचिव अनवर अंसारी, पार्षद प्रमोद यादव, रामनाथ रावत, गोविंद यादव, विजयश्री गौतम, जिला पंचायत सदस्य पन्ना लाल रावत, अरूण रावत, जितेन्द्र कुमार यादव, जीत बहादुर जीतू, निहाल अहमद, शौकत अली, ब्लाक अध्यक्ष संदीप यादव, संतोष यादव, रामू यादव, त्रिभुवन यादव, मतीन सिद्दीकी, रिजवान प्रधान, नन्दकिशोर यादव, राघवेन्द्र यादव, अवशेष कश्यप, करूणेश कनौजिया, सुलेखा, लक्ष्मी यादव, सुषमा निर्मल और शिवम यादव गोलू सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यूपी में बिजली निजीकरण के खिलाफ 2 जुलाई को देशभर में प्रदर्शन

- एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे, 'जेल भरो' की तैयारी
- निजीकरण के खिलाफ 'जेल भरो आंदोलन' की तैयारी
- देशभर के 27 लाख बिजली कर्मी देंगे साथ



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों के निजीकरण के विरोध में चल रहा आंदोलन अब देशव्यापी हो गया है। 2 जुलाई को पूरे देश में बिजली कर्मचारी, इंजीनियर और संविदाकर्मी यूपी के बिजली कर्मचारियों के समर्थन में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे। यूपी में करीब एक लाख बिजली कर्मी सड़कों पर उतरेंगे।पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का विरोध पिछले सात महीनों से यूपी में जारी है। अब इस विरोध ने राष्ट्रीय रूप ले लिया है। निजीकरण का टेंडर होते ही 'जेल भरो आंदोलन' शुरू करने की तैयारी है। इसी कड़ी में कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजली घर में संघर्ष समिति और जूनियर इंजीनियर्स संगठन के पदाधिकारियों ने आम सभाएं कीं।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईई) ने 2 जुलाई को देश भर के सभी जिलों और बिजली परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, आल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष आर.के. त्रिवेदी और अन्य बड़े नेताओं ने देश के 27 लाख बिजली कर्मियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं से अपील की है कि वे 2 जुलाई को यूपी के 42 जिलों में निजीकरण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करें। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर यूपी के बिजली कर्मियों का दमन करने की कोशिश की गई, तो पूरे देश के बिजली कर्मी चुप नहीं बैठेंगे और बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

### 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की भी तैयारी

बिजली कर्मचारियों की राष्ट्रीय समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने बताया है कि 9 जुलाई को भारत सरकार और राज्य सरकारों की निजीकरण नीति के विरोध में एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल होगी। इस हड़ताल की एक मुख्य मांग पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के फैसले को रद्द कराना भी है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज कानपुर में गोविंद नगर, केस्को और पनकी में आम सभा करके बिजली कर्मियों से अपील की है कि जैसे ही निजीकरण का टेंडर होगा, वे तत्काल अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर 'जेल भरो आंदोलन' में शामिल हो जाएं। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध सभाएं हुईं।

# काकोरी में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**काकोरी लखनऊ।** काकोरी इलाके में एक नाबालिग लड़की से पॉक्सो एक्ट, के गंभीर मामले में फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद अजीम (पुत्र नवाब, निवासी ग्राम दोना) को काकोरी पुलिस ने आखिरकार धर दबोचा है। मोहम्मद अजीम पर पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

काकोरी इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया के यह मामला तब प्रकाश में आया जब सोमवार को नाबालिग पीड़िता की मां ने काकोरी थाने में मोहम्मद अजीम के खिलाफ एक विस्तृत तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि आरोपी पिछले लगभग एक साल से उनकी बेटी को लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी ने किशोरी को पहले मोबाइल दिया और फिर उसी के जरिए उससे लगातार बातचीत करता रहा। इस दौरान वह किशोरी पर दबाव बनाता था कि वह अपने परिजनों को इस बारे में कुछ न बताए, और ऐसा न करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी देता था।

किशोरी इस मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न को लंबे समय से झेल रही थी, लेकिन जब यह सब उसके बर्दाश्त से बाहर हो गया, तो उसने हिम्मत करके अपनी पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताई। परिजनों ने तत्काल काकोरी थाने में न्याय की गुहार लगाई। काकोरी पुलिस ने इस संवेदनशील मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, तहरीर मिलने के ठीक अगले दिन, मंगलवार को आरोपी को हिरासत में ले लिया।

फरार आरोपी की तलाश और गिरफ्तारी

इस गिरफ्तारी में घुरघुरी तालाब चौकी इंचार्ज मनीष कुमार, हेड कांस्टेबल जितेंद्र पाल और देवेंद्र लवानिया की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काकोरी थाना इंस्पेक्टर सतीश राठौर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पूरी तत्परता दिखाई।

## वत्तीय समावेशन-योजनाओं हेतु संतृप्तिकरण अभियान का शुभारंभ

**अयोध्या/लखनऊ।** वित्तीय सेवाएं विभाग वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक वित्तीय समावेशन संतृप्तीकरण अभियान-2025 का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। जनपद अयोध्या के अग्रणी बैंक - बैंक ऑफ बडौदा द्वारा आज दिनांक 01.07.2025 को मसौधा ब्लॉक की खानपुर ग्राम पंचायत हेतु डा0 राम अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण उ0प्र0 के लिए इस अभियान के प्रदेश स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और ग्रामीण समुदायों तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुँच तथा जनसुरक्षा योजनाओं में अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कृष्ण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या रहे, जिन्होंने अपने उदबोधन में वित्तीय समावेशन की महत्ता को रेखांकित करते हुए इस प्रकार के अभियानों को ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के आर्थिक विकास हेतु अत्यंत आवश्यक बताया तथा युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ लेकर स्व-रोजगार हेतु प्रेरित किया साथ ही साइबर धोखाधडी से बचने के उपाय सुझाए।

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती डी सेमेस्टर का परिणा घोषित

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के D सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए है- 1. बी.ए. इतिहास 2. बी.ए. गृह विज्ञान 3. बी.एससी. जूलॉजी 4. बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी 5. बी.एससी. माइक्रोबायोलॉजी 6.बी.एससी. रसायनविज्ञान 7. बी.एससी. गणित सभी छात्र-छात्राएँ अपने परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर देख सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, रजिस्ट्रार, तथा परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. महेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यदि किसी विद्यार्थी को अपने परिणाम में किसी प्रकार की त्रुटि दिखाई देती है, तो वह परीक्षा विभाग से संपर्क कर सकता है।

# उद्यान मंत्री ने मलिहाबाद में दशहरी गांव का किया दौरा

अवधनामा ब्यूरो

- मलिहाबाद का आम देश-दुनिया में बढ़ा रहा है सम्मान: दिनेश प्रताप सिंह
- मुख्यमंत्री 4 जुलाई को करेंगे आम महोत्सव-2025 का शुभारंभ
- तीन दिवसीय आम महोत्सव में 600 से अधिक किस्मों के आम होंगे प्रदर्शित
- आम के संरक्षण, प्रोसेसिंग व निर्यात पर होगी विशेषज्ञ गोष्ठी
- कुमार विश्वास और पवन सिंह देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां




**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वप्रसिद्ध दशहरी आम की उत्पत्ति स्थल दशहरी गांव पहुंचकर वहां के ऐतिहासिक आम के वृक्ष के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मलिहाबाद का आम, विशेषकर दशहरी किस्म, हमारे देश की एक विशिष्ट पहचान बन चुका है। यह आम दशहरी गांव से निकलकर आज अमेरिका, लंदन, दुबई जैसे देशों में हमारी भारतीय कृषि परंपरा का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है। उद्यान मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आम के संरक्षण, संवर्धन एवं विपणन को बढ़ावा देने के लिए 04 जुलाई से तीन दिवसीय वृहद आम महोत्सव-2025 का आयोजन अवध शिल्पग्राम, लखनऊ में किया जा रहा है, जिसमें 600 से अधिक किस्मों के आम प्रदर्शित किए जाएंगे। इस महोत्सव का उद्देश्य आम उत्पादकों, निर्यातकों, विक्रेताओं, बागबानों, वैज्ञानिकों तथा आम प्रेमियों को एक साझा मंच प्रदान करना है, जहां तकनीकी सत्रों, गोष्ठियों एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से आम के उत्पादन, प्रोसेसिंग, सेल्फ लाइफ बढ़ाने, ब्रांडिंग व निर्यात की नवीनतम जानकारियां साझा की जाएंगी। उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दुगुनी करने के संकल्प को साकार करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और यह आम महोत्सव उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 04 जुलाई को आम महोत्सव का शुभारंभ करेंगे और इस अवसर पर अमेरिका, लंदन व दुबई जैसे देशों के लिए आम निर्यात को हरी झंडी दिखाएंगे। इससे आम उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने में सहायता मिलेगी। आम महोत्सव के दौरान लोकप्रिय लोकगायक श्री पवन सिंह तथा प्रसिद्ध कवि श्री कुमार विश्वास अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जिससे आम जनमानस की सहभागिता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी आम उत्पादकों, बागबानों, विक्रेताओं व निर्यातकों से अपील की कि वे इस महोत्सव में अवश्य भाग लें और आम के बेहतर प्रबंधन, विपणन और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।

# मजलिसों में शिरकत करने अजादार सुबह से ही निकल पड़े

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पांचवीं मोहर्रम के मौके पर होने वाली मजलिसों में शिरकत करने अजादार सुबह से निकल पड़े। जैसे-जैसे गमें हुसैन (अ.स.) के दिन आगे बढ़ रहे है। मजलिसों में मजमा बढ़ता जा रहा है। कर्बला के शहीदों पर हुए जुल्मों-सितम की दास्तां सुन अजादारों की आंखें आंसुओं से लबरेज है। आज मजलिसों में इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन जनाबे जैनब (स.अ.) के बच्चों हजरत औन व हजरत मोहम्मद (अ.स.) और छह माह के मासूम हजरत अली असगर (अ.स.) की दर्दनाक शहादत को सुनकर अजादारों में कोहराम मच गया।



इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने विलायते अली (अ.स)की अहमियत और फजीलत को कुरान और हदीसों की रौशनी में पेश किया। मौलाना ने कहा याद रखिये बगैर विलायते अली (अस) के दीन मुकम्मल नहीं हो सकता इसलिए अली (अस) से मोहब्बत फर्ज और सच्चा ईमान है। मौलाना ने मेराज-ए-पैगम्बर (स.) का जिक्र करते हुए कहा कि हुजूर को मेराज इसी लिए हुई ताकि अली की विलायत के ऐलान का हुक्म और हजारत फातिमा (स.अ) के नूर को मुन्तकि़ल किया जा सके।

छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि दीन का तहाफ्फुज विलायत के बगैर मुमकिन नहीं है। कर्बला में सिफ मर्दों ने नहीं बल्कि महिलाओं व बच्चों ने भी विलायत की राह में अपनी बेमिसाल कुर्बानियां पेश कीं।

इममाबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने गदीर में पैगंबर को हुक्म दिया कि ऐ रसूल! आप उस चीज को पहुंचा दीजिए जो आपके रब की तरफ से आपको हुक्म दिया गया है। जिसके बाद पैगंबर ने सभी लोगों को जो आपके साथ आखिरी हज पर गए थे, जिनकी तादाद सवा लाख थी, को रोका और कहा कि जिस जिस का मैं मौला हूं, मेरे बाद फौरन उसके अली अलैहिस्सलाम मौला हैं।

इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने कर्बला में छह महीने के शहीद हजरत अली असगर (अ.स.) का जिक्र करते हुए कहा कि जब हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) आवाज दी कि है कोई जो मेरी मदद करे तो हजरत अली असगर (अ.स.) ने अपने को झूले से गिरा दिया।

इमामबाड़ा नवाब अफसर जहां विक्टोरिया स्ट्रीट में मौलाना मुर्तजा नासिर सईद ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत रसूले खुदा (स.) की अजमत व मंजिलत को बयान किया। उन्होंने कहा कि कुरान क़ल्बे (दिल) मोहम्मद पर नाजिल हुआ। मौलाना ने कहा कि अली वह है जिन्होंने ने दो उंगलियों दे दरे खैबर उखाड़ दिया।

रौजाए जैनबया टिकैतराय तलाब में मौलाना तकी रजा ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि पैगम्बर इस्लाम (स.अ.) की नवासी हजरत जैनब (स.अ.) ने अपने बच्चों की ऐसी परवरिश की जिसका उदाहरण नहीं मिलता है। कर्बला के मैदान में शहजादी के मासूम बच्चों औन व मोहम्मद (अ.स.) को यजीद की फौज ने तीन दिन का भूखा-प्यासा शहीद कर दिया।

इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना अली हाशिम आब्दी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि अगर हम अल्लाह और हजरत रसूल (स.) की इताअत करेंगे तो हमारे आमाल महफूज रहेंगें। अगर इताअत न करेगें तो हमारे आमाल बेकार हो जायेंगे। लिहाजा मैं अल्लाह, रसूल (स.) और आले रसूल (अ.स.) के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहिए:

इमामबाड़ा नाजिम साहब में मजलिस औन रिजवी ने मिर्ज़ा दबीर का लिखा मर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पेश किया।तस्लीम बजा लाए जिगर गोशा-ए-हैदर,अकबर के और असगर के फिरे गिर्द-वो-सफदर,और नादे अली पढ़के बरामद हुए बाहर,एक बेशे के दो शेर निकल आए बराबर,दौर ऐसे फलक ने भी बदलते नहीं देखे,एक बुर्ज से दो चांद निकलते नहीं देखे। कल की मजलिस में डा. काज़ी असद मर्सिया पेश करेंगे।

### अजादारों ने पहनी मन्नत

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के बीमार बेटे और शियों के चौथे इमाम हजरत जैनुल आब्दीन (अ.स.) की याद में आज अजादारों ने मन्नत पहनी। इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के बाद उनके बीमार बेटे इमाम जैनुल आब्दीन (अ.स.) को कैदी बनाकर कूफे और शाम के बाजारों में घुमाया गया था। इन्हीं की याद में अजादारों मन्नत पहनते हैं। मगरिब की नमाज के बाद अजाखानों के सामने घर के बूजुर्गो ने हथकड़ी, बेड़ी, चांद, छल्ले, पंजे और अली बंद सहित इलायची दानों पर नज्र दी, फिर अपने मन्नती बच्चों को ने नज्र चखाकर मन्नत पहनाईं। महिलाओं और छोटी बच्चियों ने हथकड़ी और अली बंद पहना। बच्चों और पुरूषों ने हथकड़ी और बेड़ी पहनी। इसके अलावा माता-पिता ने अपने मन्नती लड़के और लड़कियों को हरे-काले वस्त्र पहना कर इमाम हुसैन (अ.स.) का फकीर बनाया।

### औन व मोहम्मद के ताबूत व झूले की जियारत

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की बहन जनाबे जैनब के बेटों हजरत औन व हजरत मोहम्मद (अ.स.) के ताबूतों की जियारत कर्बला मुंशी फजले हुसैनी हैदरगंज में करायी गयी। यहां मौलाना मिर्जा अनवर ने मजलिस को खिताब करते हुए दोनों भाईयों की दर्दनाक शहादतों को बयान की। मजलिस के बाद ताबूत, अलम और जुलजनाह की जियारत करायी गयी। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन ऐनुल अजा ने किया था। बेलवाला टीला मुफ्तीगंज में मौलाना मोहम्मद अली ने मजलिस को खिताब किया। इसके बाद औन व मोहम्मद अस के ताबूतों की जियारत कराई गई। मजलिस बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी की।

### दहकते अंगारों पर हुआ मातम

इमामबाड़ा शाहनजफ हजरतगंज में अजादारों ने आग पर मातम किया। यहां मजलिस को मौलाना फरीदुल हसन ने खिताब किया। मजलिस के बाद हुसैनी दस्ते हाथों में अलम लिए या हुसैन... या हुसैन... की सदाएं बुलंद करते दहकते अंगारों पर से गुजरने लगे। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत के बाद यजीदी फौज ने उनके खेमों में आग लगा दी थी। इसी की याद अंजुमन मासूमिया असगरिया ने आग पर मातम का आयोजन किया। उधर कैम्पस मस्जिद आमली कश्मीरी मोहल्ला में भी आग पर मातम किया गया। यहां मजलिस को मौलाना अखतर हुसैन नकवी ने खिताब किया। इसके बाद अजादार आग पर या हुसैन...या हुसैन... कहते गुजर गये।

### झूले की जियारत व आग पर मातम आज

इमामबाड़ा मलका जहां जामा मस्जिद हुसैनाबाद में बुधवार को मगरिब की नामज के बाद हजरत अली असगर (अ.स.) के झूले की जियारत होगी। इसके अलावा आसिफी इमामबाड़े में रात 8 बजे आग पर मातम होगा।

## फर्जदाने जनाबे मुस्लिम की शहादत की याद में निकला ताबूत



**संभल/लखनऊ।** सिरसी के मोहल्ला शर्की में मरहूम मोहम्मद ज़फ़र के मकान से हर साल की तरहा कदीमी शबिहे ताबूत को अकीदत के साथ निकाला गया जिसमे अंजुमन हाशमी ने नोहा पढ़ा जुलूस से पहले मजलिस में मर्सिया वकार मेहंदी ने अपने साथियों के साथ पढ़ा मजलिस को मौलाना मोहम्मद अब्बास ने सम्बोधित करते हुए कहा फर्जदाने जनाबे मुस्लिम की शहादत बयान की साथ ही कर्बला का वाकये बयान किया जिसको सुन कर आजादरों की आखें नम हो गई इस के बाद जुलूस इमामबड़ा मोहल्ला सादात जाकर समाप्त हुआ



ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव शिया धर्म गुरु मौलाना यासूब अब्बास ने हसन मोहसिनी फर्द काउंसल जनरल ऑफ इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ़ ईरान से उनकी रिहाइशगाह पर और ईरान काउंसलेट मुंबई में हसन मोहसिनी फर्द के साथ संजय रावत जी संसद सदस्य लोकसभा से मुलाक़ात की।